# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, बुधवार 8 अप्रैल 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 319 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




गुवाहाटी स्थित प्रसिद्ध कामाख्या मंदिर में पूजा करते झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

## चुनाव प्रचार समाप्त होने पर हेमंत सोरेन ने मां कामाख्या के दरबार में टेका माथा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गुवाहाटी/रांची।** असम विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सियासी सरगर्मियां चरम पर हैं। 126 सीटों के लिए 9 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले सभी राजनीतिक दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है। इसी क्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष हेमंत सोरेन पिछले कई दिनों से असम में डेरा डाले हुए थे। यहां वे पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में लगातार चुनाव प्रचार कर रहे थे। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समय निकालकर गुवाहाटी स्थित प्रसिद्ध कामाख्या मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने मां कामाख्या के दरबार में झारखंड और देशवासियों के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। मंदिर के पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूरे विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि माता रानी के आशीर्वाद से झारखंड निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो, यही उनकी कामना है। उन्होंने इसे अपना सौभाग्य बताया कि उन्हें एक बार फिर मां कामाख्या के दर्शन का अवसर मिला। गौरतलब है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इस बार असम विधानसभा चुनाव में भी अपने प्रत्याशी उतारे हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का यह दौरा न सिर्फ धार्मिक बल्कि राजनीतिक रूप से भी अहम माना जा रहा है। बता दें कि असम विधानसभा चुनाव के लिए 9 अप्रैल को वोटिंग होनी है।

# आम लोगों को स्वास्थ्य की गारंटी देगी झारखंड सरकार : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड सरकार राज्य के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। सरकार जल्द ही मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत हेल्थ कार्ड जारी करने की तैयारी में है। इस योजना के जरिए जन्म के समय से ही बच्चों को स्वास्थ्य सुरक्षा से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर इस योजना की घोषणा की। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों को जन्म के साथ ही हेल्थ कार्ड से जोड़ना है। इससे उनके इलाज की जिम्मेदारी सरकार उठाएगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी भी परिवार को इलाज के खर्च को लेकर परेशान नहीं होना पड़ेगा। यह योजना गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित हो सकती है। इस योजना के तहत पात्र परिवारों को हर साल पांच लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं गंभीर बीमारियों के मामलों में यह राशि बढ़ाकर 10 लाख रुपये तक की जा सकती है। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर एयर एम्बुलेंस और रेफरल सुविधा भी दी जाएगी। इससे राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर बेहतर होने की उम्मीद है। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर नामकुम स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) परिसर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरुआत वृक्षारोपण और पौधों को पानी देकर की गई, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने 'वन हेल्थ' दृष्टिकोण को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य, पशु और पर्यावरण एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। यदि इन तीनों के स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाए, तो कई बीमारियों से बचा जा सकता है। यह दृष्टिकोण आने वाले समय में स्वास्थ्य नीति का अहम हिस्सा बनेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने विभाग का भविष्य का रोडमैप भी साझा किया। उन्होंने बताया कि राज्य में डॉक्टरों और निचले स्तर के स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति की प्रक्रिया तेज की जाएगी। इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ेगी। सरकार का प्रयास है कि हर व्यक्ति को समय पर और बेहतर इलाज मिल सके। कार्यक्रम के दौरान डॉ. इरफान अंसारी ने बच्चों पर मोबाइल के बढ़ते प्रभाव को लेकर चिंता जताई।

## संक्षिप्त समाचार

### सर्विस रोड पर हादसा, युवक की मौत

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** आठ लेन सड़क से जुड़े सर्विस रोड स्थित कशीयाटांड मोड़ के पास मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मालवाहक टाटा 710 वाहन संख्या डब्लू 23 एफ 3796 ने एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान कशीयाटांड बस्ती निवासी दिलीप सिंह के 21 वर्षीय पुत्र दिनेश सिंह के रूप में की गई है।

### रामनवमी जुलूस में घायल युवक की मौत

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** दारू प्रखंड अंतर्गत इरगा पंचायत के छोटका इरगा गांव में रामनवमी जुलूस के दौरान हुए हमले में घायल गुलाम साव की रांची में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना के बाद इलाके में आक्रोश फैल गया। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने न्याय की मांग को लेकर दारू मुख्य चौक स्थित एनएच-522 को जाम कर दिया जिससे यातायात बाधित हो गया।

### कुएं से लापता महिला का शव बरामद

**कोडरमा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के तिलैया डैम ओपी क्षेत्र से एक लापता महिला का शव मिला। शव कुएं से बरामद किया गया। इसके बाद से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान गीता देवी के रूप में की गई। ओपी प्रभारी प्रेम कुमार ने बताया कि गुमशुदगी की रिपोर्ट मिलने के बाद से ही पुलिस महिला की तलाश में जुटी हुई थी। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि महुआ चुनने के दौरान उनका पैर फिसल गया होगा और वह कुएं में गिर गई होंगी।

### सब्जी विक्रेता की हत्या

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के पिपराटांड़ थाना क्षेत्र में एक सब्जी विक्रेता की हत्या कर दी गई। सब्जी विक्रेता अब्दुल बारिक मियां उर्फ करीमन के साथ मारपीट की घटना हुई थी। मारपीट से गंभीर रूप से घायल अब्दुल बारिक मियां को इलाज के लिए रिम्स ले जाया जा रहा था तभी उनकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पिपराटांड़ के थाना प्रभारी नितेश कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मुर्गा खरीदने को लेकर विवाद हुआ था।

### महिला ने फांसी लगा की आत्महत्या

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के लोकाय थाना अंतर्गत मानपुर कहुवाई गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार गावां प्रखंड के हड़हड़ा गांव निवासी सरिता देवी की शादी तिसरी प्रखंड के मानपुर कहुवाई निवासी महेश राय के साथ हुई थी। बीते सोमवार की देर रात सरिता देवी ने फांसी के फंदे से झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

## छापेमारी में तीन होटल सील, 14 जोड़े पकड़े गए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गढ़वा।** महानगरों की तर्ज पर अब गढ़वा जैसे छोटे शहरों मे भी देह व्यापार का धंधा खूब फल फूल रहा है। गढ़वा शहर के नामचीन होटलों में छापेमारी हुई है, जिसमें बिना एंट्री के लड़का-लड़की के 14 जोड़ों को पुलिस ने पकड़ा है। इन सभी के पास से अवांछित सामान भी बरामद हुए। वहीं, तीन होटलों को सील कर दिया गया। एसडीएम और एसडीपीओ के नेतृत्व में छापेमारी की गई, जिससे शहर के होटल मालिकों में दहशत फैल गई। दरअसल गढ़वा सदर थाने की पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली थी कि शहर के कई होटलों में इन दिनों देह व्यापार का अवैध धंधा चल रहा है। इसके बाद एक होटल में छापेमारी की गई तो नाबालिग लड़के और लड़कियां मिलने से सबूत और पुख्ता हो गए। फिर पुलिस ने इसकी जानकारी एसडीएम को दी, जिसके बाद एक टीम बनाई गई। टीम में एसडीपीओ गढ़वा, डीएसपी मुख्यालय, सीओ, दो इंस्पेक्टर एवं भारी पुलिस शामिल थे। इसके बाद पूरी टीम शहर के तीन होटलों में जांच के लिए पहुंची तो एक होटल से पुलिस ने आठ जोड़े युवक-युवतियों को पकड़ा। वहीं शहर के रंका रोड दानरो नदी पुल के पास स्थित एक होटल से तीन जोड़ों को हिरासत में लिया गया। इस तरह कुल 14 जोड़े को पुलिस ने पकड़ा और सभी को पूछताछ के लिए थाने ले आई। वहीं, तीन होटलों को सील करते हुए कर्मचारियों को पूछताछ के लिए थाने ले गई। साथ ही साथ सभी होटल के एंट्री रजिस्टर भी जब्त कर लिए गए हैं। मामले में एसडीपीओ और एसडीएम ने कहा कि सदर थाने की पुलिस को सूचना मिली थी कि शहर के होटलो में बिना कागजात के रूम में एंट्री दिया जा रहा है। इसमें पुलिस को संदेह हुआ जिसके बाद छापेमारी की गई। छापेमारी में तीन होटलों से कुल 14 जोड़े बरामद किए गए हैं, जिसमें कुछ नाबालिग भी हैं। इन सभी की जांच की जा रही है। वहीं होटलों को सील कर दिया गया है और कर्मचारियों को पूछताछ के लिए थाना ले जाया गया है। मामले के तहत आगे की कार्रवाई होगी।

## रिम्स जमीन मामले में एसीबी की बड़ी कार्रवाई, चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स की अधिग्रहित जमीन को फर्जी कागजातों के आधार पर खरीद बिक्री करने वाले चार आरोपियों को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने गिरफ्तार किया है। एंटी करप्शन ब्यूरो की तरफ से दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची थाना कांड संख्या 1/2026 दिनांक- 5/1/2026, भादवि धारा भारतीय न्याय संहिता की धारा-318/336/338/340/61/49 तथा भ्र.नि. अधि0-1988 की धारा-13(2) सहपठित धारा-13 (1) (द) एवं 12 तथा संशोधित भ्र.नि.अधि.-2018 की धारा-13 (2) आर/डब्लू 13 (1) (ए) एवं 12 में कांड के चार अप्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार होने वालों में रांची सदर थाना क्षेत्र के रामदेव बड़ाईक उर्फ सामदेव बड़ाईक के पुत्र राजकिशोर बड़ाईक एवं कार्तिक बड़ाईक, राम शंकर झा के पुत्र राजेश कुमार झा एवं खूंटी जिले के तोरपा थाना क्षेत्र के सीधू राम गंझू के पुत्र चैतन कुमार शामिल हैं। एंटी करप्शन ब्यूरो के द्वारा जारी किए गए प्रेस रिलीज के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों के द्वारा गलत वंशावली बनाकर व्यक्तिगत फायदे के लिये रिम्स रांची की अधिग्रहित भूमि को धोखाधड़ी कर खरीद-बिकी की गई है। उक्त आरोपों में इनके विरूद्ध साक्ष्य पाते हुए उपरोक्त अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## महज 1300 रुपये के लिए दो दोस्तों का किया कत्ल, शराब के नशे में ली जान!

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** मात्र 1300 रुपए के एक लिए एक युवक ने अपने ही दो दोस्तों की बेरहमी से हत्या कर दी। युवक ने शराब के नशे में इस हत्याकांड को अंजाम दिया। दरअसल 16 जनवरी को चैनपुर थाना क्षेत्र के गुरहा में शंकर राम नामक व्यक्ति का अधजला शव बरामद हुआ। उसी दिन टाउन थाना क्षेत्र के कान्दू मोहल्ला में रेलवे ट्रैक के किनारे से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ था। दोनों मामले में चैनपुर और टाउन थाना में एफआईआर दर्ज किया गया। इन दोनों हत्याकांड के अनुसंधान के क्रम में पुलिस को चौंकाने वाली जानकारी मिली। एक ही व्यक्ति के द्वारा दोनों हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए चैनपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर के रहने वाले आरोपी चुनमुन चौधरी उर्फ अजीत चौधरी को गिरफ्तार किया। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि मात्र 1300 रुपए के लिए चुनमुन चौधरी उर्फ अजित चौधरी ने इस दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया। एक मृतक की पहचान अभी तक नहीं हुई है। घटना के दिन चुनमुन चौधरी अजीत चौधरी, शंकर राम और एक अज्ञात शख्स एक साथ बैठकर चैनपुर के इलाके में शराब पी रहे थे। इसी क्रम में शंकर राम के पास मौजूद 1300 रुपए पर चुनमुन चौधरी और अज्ञात शख्स पर लालच आया। बाद में दोनों ने मिलकर शंकर राम की हत्या कर दी थी। हत्या के बाद 1000 रुपए चुनमुन ने रखा जबकि 300 रुपए अनजान व्यक्ति ने रखा। बाद में पैसे के बंटवारे को लेकर चुनमुन और उस शख्स के बीच विवाद हुआ। इसी विवाद में चुनमुन ने पत्थर से कूचकर हत्याकांड को अंजाम दिया।

## भाजपा की बैठक में आंदोलन का निर्णय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के नेतृत्व में बनी प्रदेश कमिटि की पहली बैठक मंगलवार को हुई। बैठक में राज्य की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चर्चा हुई और संगठन को मजबूत बनाने की भविष्य की रणनीति तैयार की गई। प्रदेश भाजपा कार्यालय में करीब दो घंटे तक चली इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह समेत सभी नवमनोनीत पदाधिकारी मौजूद रहे। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने नए पदाधिकारियों को लड्डू खिलाकर स्वागत किया जबकि प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पार्टी का पट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया। बैठक के दौरान राज्य की राजनीतिक स्थिति पर खुलकर चर्चा हुई और संगठन को धारदार बनाने के लिए भविष्य की रणनीति बनाई गई। प्रदेश भाजपा ने हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का फैसला लिया है। इसके तहत बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं में हो रही परेशानियों के खिलाफ राज्य भर में आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया गया है। नए प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी ने बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि 17 अप्रैल को बिजली की कमी, स्मार्ट मीटर से गलत बिलिंग और बिजली दरों में वृद्धि के खिलाफ विद्युत कार्यपालक अभियंता के कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद पानी की समस्या को लेकर भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा। अमर कुमार बाउरी ने बताया कि 14 अप्रैल को डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती पर पार्टी द्वारा वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की नई टीम राज्य सरकार के खिलाफ लगातार आंदोलन करती रहेगी और इस अत्याचारी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी।

## भाजपा नेता के घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग


**सरायकेला(नबिटा ब्यूरो)।** आदित्यपुर में अपराधी इस कदर बेखौफ हैं कि अब वे दिन में भी तांडव मचाने से नहीं हिचक रहे। मंगलवार सुबह करीब 6:55 बजे सालडीह बस्ती में भाजपा नेता सपन दास के आवास पर स्कूटी सवार अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की है। अपराधियों ने तीन राउंड फायरिंग की जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। हमलावरों ने घर की खिड़की को निशाना बनाया और गाली-गलौज करते हुए पैदल ही फरार हो गए। स्थानीय स्तर पर हमलावरों की पहचान राजू उर्फ टकला और चंदन के रूप में की गई है। घटना के संबंध में आदित्यपुर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद तिर्की ने बताया कि पुलिस द्वारा गंभीरता से सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

## रांची विश्वविद्यालय के कैंपस में खुल रहा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ अब स्वास्थ्य और कल्याण के क्षेत्र में भी एक महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रहा है। विश्वविद्यालय के मोरहाबादी स्थित एचआरडीसी कैंपस में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की शुरुआत की जा रही है, जिसका उद्घाटन झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के हाथों होगा। यह पहल छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के समग्र शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए की गई है। इस सेंटर की सबसे खास बात यह है कि इसे पूरी तरह कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड के माध्यम से स्थापित किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार इस परियोजना में रांची विश्वविद्यालय का कोई प्रत्यक्ष आर्थिक खर्च नहीं हो रहा है बल्कि बाहरी सहयोग से इसे साकार किया गया है। वर्तमान समय में युवाओं के बीच मानसिक तनाव, अवसाद और शैक्षणिक दबाव तेजी से बढ़ रहा है। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय ने रिम्स (राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान) और सीआईपी (सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ साइकियाट्री) के साथ एमओयू किया है। इस समझौते के तहत सीआईपी के मनोचिकित्सक सप्ताह में चार दिन और रिम्स के विशेषज्ञ दो दिन इस सेंटर में अपनी सेवाएं देंगे जिससे छात्रों को विशेषज्ञ परामर्श और इलाज की सुविधा मिल सकेगी। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में केवल उपचार ही नहीं बल्कि निवारक और संवर्धक स्वास्थ्य सेवाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। यहां नियमित रूप से योग, ध्यान और फिटनेस से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि विद्यार्थियों और कर्मचारियों को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रखा जा सके। इसके साथ ही तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याओं से निपटने के लिए पेशेवर काउंसलिंग सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। विश्वविद्यालय इस सेंटर के माध्यम से सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने की भी योजना बना रहा है। इससे छात्रों को स्वास्थ्य और वेलनेस के क्षेत्र में प्रशिक्षण और रोजगार के नए अवसर मिल सकेंगे। इसके अलावा, पोषण जागरूकता, स्वच्छता, लैंगिक संवेदनशीलता और नशा मुक्ति जैसे विषयों पर भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सेंटर के तहत समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान अभियान, टीकाकरण कार्यक्रम, कार्यशालाएं और सेमिनार भी आयोजित किए जाएंगे। साथ ही डिजिटल टूल्स का उपयोग कर स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी और बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। रांची विश्वविद्यालय की यह पहल न केवल एक शैक्षणिक संस्थान की भूमिका को विस्तार देती है बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में भी एक सकारात्मक कदम है। आने वाले समय में यह सेंटर छात्रों और कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा बन सकता है, जो उन्हें बेहतर जीवनशैली और मानसिक संतुलन बनाए रखने में मदद करेगा।



C M Y K

# समाहरणालय सभागार में समर सीएमएएम कार्यक्रम के तहत समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**गिरिडीह।** समाहरणालय सभागार में ह्यसमर सीएमएएमह्ल कार्यक्रम के अंतर्गत 0 से 6 माह के शिशुओं में कुपोषण के खतरे की पहचान एवं प्रबंधन को लेकर समीक्षात्मक बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले में कुपोषण की समस्या को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करना और शिशुओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना था बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारी, स्वास्थ्य कर्मी, आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं बाल विकास परियोजना से जुड़े कर्मियों ने भाग लिया। इस दौरान कार्यक्रम की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा शिशुओं में कुपोषण के शुरूआती लक्षणों की पहचान पर विशेष जोर दिया गया सिविल सर्जन ने बताया कि शिशु के जीवन के शुरूआती छह महीने उसके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। इस अवधि में उचित पोषण, नियमित स्वास्थ्य जांच और समय पर उपचार अनिवार्य है प्रशिक्षण सत्र में दी गई प्रमुख जानकारियां कुपोषण के कारण और पहचान के तरीके वजन एवं ऊंचाई की नियमित मॉनिटरिंग स्तनपान की महत्वपूर्ण भूमिका माताओं को जागरूक करने के उपाय बताया गया कि ह्यसीएमएएमह्ल कम्युनिटी बेस्ड मैनेजमेंट ऑफ एक्यूट मालन्यूट्रिशन के तहत कुपोषित शिशुओं की समय पर पहचान कर उन्हें पोषण, चिकित्सीय परामर्श और निरंतर निगरानी देना आवश्यक है।

गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में रेफर कर नियमित फॉलोअप सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से गांव-गांव तक जागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि माताओं और अभिभावकों को शिशु पोषण, स्तनपान और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा सके कुपोषण प्रबंधन के 5 प्रमुख चरण कुपोषण के खतरे की पहचान खतरे का वर्गीकरण गंभीर, मध्यम, सामान्य प्रबंधन स्तर का निर्धारण संस्थागत समुदाय आधारित शिशु व माताओं का समुचित प्रबंधन रिकवरी फॉलोअप एवं डिस्चार्ज कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जिले को कुपोषण मुक्त बनाने का संकल्प दिलाया गया। अधिकारियों ने कहा कि समन्वित प्रयास और सतत निगरानी से ही शिशुओं में कुपोषण की समस्या को कम कर स्वस्थ समाज की नींव मजबूत की जा सकती है।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं आमजन की समस्याएं, दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने मंगलवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित जनता दरबार में आम नागरिकों की समस्याओं को सीधे सुना और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए 100 से अधिक लोगों ने अपनी शिकायतें और समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। इस दौरान भूमि विवाद, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, आवास योजना, पेयजल, सड़क, बिजली, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़े कई मामले सामने आए।



उपायुक्त ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर आवेदन का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम जनता से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने कहा कि जनता दरबार प्रशासन और आम लोगों के बीच एक सशक्त संवाद का माध्यम है, जिसके जरिए समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाता है। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि प्राप्त आवेदनों की नियमित मॉनिटरिंग कर प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराएं इस दौरान कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया, जिससे लोगों को तत्काल राहत मिली। आम नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे प्रशासन तक उनकी पहुंच आसान हुई है और समस्याओं के समाधान में पारदर्शिता आई है मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सह प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत अंजना भारती समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### गिरिडीह पुलिस ने किया सुरक्षा सह जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन

**गिरिडीह (नबिटासं)।** गिरिडीह पुलिस द्वारा शहर के वंडर वर्ल्ड हॉल में सरार्फा कारोबारियों के साथ सुरक्षा सह जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। हाल के दिनों में सरार्फा कारोबारियों को अपराधियों द्वारा निशाना बनाए जाने की घटनाओं को देखते हुए यह पहल की गई।संगोष्ठी के दौरान पुलिस अधिकारियों ने कारोबारियों को सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने और निर्धारित नियमों का पालन करते हुए व्यवसाय संचालित करने की सलाह दी। अधिकारियों ने दुकानों के अंदर ही नहीं, बल्कि बाहर भी सीसीटीवी



कैमरे लगाने पर विशेष जोर दिया, ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा सके वहीं सरार्फा कारोबारियों ने भी पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में नियमित पेट्रोलिंग बढ़ाने और संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखने की मांग की इस अवसर पर एसडीपीओ जीत वाहन उरांव, डीएसपी नीरज सिंह, मंटू सिंह, नगर थाना प्रभारी रतन सिंह, मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो, पचंबा थाना प्रभारी राजीव सिंह, बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह सहित रेड क्रॉस के चेयरमेन अरविंद कुमार, सरार्फा संघ के अध्यक्ष राहुल वर्मन, उपाध्यक्ष राजन बरनवाल, कोषाध्यक्ष सचिन बर्मन समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन श्याम कुमार ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सरार्फा संघ के अध्यक्ष राहुल वर्मन ने किया।

### रसोई गैस की आपूर्ति में विलंब से उपभोक्ताओं में आक्रोश, किया सड़क जाम

**मरकच्चो/कोडरमा (नबिटासं)।** । प्रखंड में इंडेन गैस की कीमत को लेकर आज उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। गैस सिलेंडर की आपूर्ति में लगातार हो रही देरी और बढ़ती परेशानी से नाराज उपभोक्ताओं ने एजेंसी के समीप मरकच्चो बरियारडीह पथ को सुबह दो घण्टे तक जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार कई दिनों से गैस नहीं मिलने के कारण उपभोक्ता काफी परेशान थे। लोगों का कहना है कि समय पर गैस नहीं मिलने से घरों में खाना बनाने तक की



समस्या उत्पन्न हो गई है। बार-बार एजेंसी का चक्कर लगाने के बावजूद भी समाधान नहीं निकलने पर आखिरकार लोगों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। जाम के कारण सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। सूचना मिलते ही प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलास महतो,थाना प्रभारी नन्दकिशोर तिवारी दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से जल्द से जल्द गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने और एजेंसी के कार्य शैली में सुधार की मांग की है। प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई और समस्या के समाधान का आश्वासन दिए जाने के बाद जाम हटाया गया।

### कुएं से मिला लापता महिला का शव

**चंदवारा/कोडरमा (नबिटासं)।** तिलैया डैम ओपी थाना अंतर्गत एक कुएं से एक महिला का शव बरामद किया गया हैं। शव ग्रामीणों ने देखा। पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर डैम ओपी प्रभारी प्रेम कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। शव को जब पुलिस एवं ग्रामीणों ने निकाला तो शव की पहचान गीता देवी पति कारू साव ग्राम बड़कीधमराय पोस्ट तिलैया डैम जिला कोडरमा के रूप में की गई।मिली जानकारी के अनुसार 5 अप्रेल दिन रविवार को सुबह 11 बजे गीता देवी महुआ चुनने के लिए घर से निकली थी।देर शाम होने के बाद घर नही लौटे तो घर वाले ने काफी खोजबीन शुरू किया।परन्तु कही नही पता चल पाया।वही इसी संबंध में तिलैया डैम ओपी थाना में मोहनी देवी ने सन्हा दर्ज कराया था।फिलहाल डैम ओपी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया।

## अवैध शराब फैक्ट्री पर छापेमारी, भारी मात्रा में सामग्री जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** उपायुक्त राम निवास यादव के निर्देश पर उत्पाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब निर्माण के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। अधीक्षक उत्पाद शिव कुमार साहू के नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर भरकट्टा थाना क्षेत्र के चिताखारो गांव स्थित एक धान गोदाम में छापा मारा। छापेमारी के दौरान टीम ने अवैध विदेशी शराब बनाने में प्रयुक्त भारी मात्रा में सामग्री और तैयार शराब को जब्त किया।

हालांकि मौके से सभी आरोपी फरार हो गए। इस मामले में कुल 4 अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जब्त सामग्री में शामिल हैं। स्पिरिट 370 लीटर अवैध विदेशी शराब 665 लीटर केरामेल 5 लीटर खाली बोतल 4000 पीस कार्टून 1000 पीस ढक्कन 11000 पीस होलोग्राम 1000 पीस इस छापेमारी अभियान का नेतृत्व उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक रवि रंजन ने किया। कार्रवाई में भरकट्टा थाना प्रभारी अमन कुमार सहित सशस्त्र बल, गृह रक्षक जवान एवं जिला बल, गिरिडीह का सहयोग रहा प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब कारोबार के खिलाफ आगे भी सख्त अभियान जारी रहेगा।

## मारपीट व छीनतई पीड़िता ने पुलिस से लगाई गुहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के पचंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत शहरी इलाके मोहनपुर से मारपीट और छीनतई का गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़िता सुहाना खातून ने पचंबा थाना में आवेदन देकर न्याय की मांग की है पीड़िता द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार, 5 अप्रैल को मोहनपुर निवासी सोना खातून पिता शाह के घर पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया।

आरोप है कि इस्लाम शाह पिता जुम्मन शाह साहेब शाह पिता निसार शाह इमरान शाह पिता जुम्मन शाह चिकना शाह बुलबुल शाह, चुलबुल शाह, छोटन शाह, चाँद शाह सहित अन्य लोगों ने घर में घुसकर सुहाना खातून, उनकी मां और बहन के साथ मारपीट की पीड़िता ने बताया कि मारपीट के दौरान उनके कपड़े फाड़ दिए गए तथा गले से चेन छीन ली गई। वहीं उनकी मां के नाक की नथनी भी आरोपियों द्वारा छीन ली गई। इसके अलावा घर में रखी सामग्री भी लूट लिए जाने का आरोप लगाया गया है फिलहाल पचंबा थाना पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है और आरोपियों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## विद्युत समस्याओं को लेकर अधीक्षण अभियंता से मिले माले नेता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में व्याप्त विद्युत समस्याओं को लेकर मंगलवार को माले नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने विद्युत अधीक्षण अभियंता शकील आलम से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान सरिया एवं गिरिडीह क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया प्रतिनिधिमंडल में शामिल राजेश सिन्हा एवं विशाल गंभीर ने आम उपभोक्ताओं को हो रही परेशानियों से अधीक्षण अभियंता को अवगत कराया।



राजेश सिन्हा ने कहा कि गिरिडीह क्षेत्र में जहां-जहां खुले (नंगे) बिजली के तार हैं, उन्हें शीघ्र केबल में परिवर्तित किया जाए। साथ ही घरों के ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के तारों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित करने की मांग की, ताकि संभावित दुर्घटनाओं से बचा जा सके। वहीं, विशाल गंभीर ने सरिया नगर पंचायत क्षेत्र में चल रहे फीडर निर्माण कार्य के कारण दिनभर हो रही बिजली कटौती का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि लगातार बिजली कटौती से आम जनता, व्यापारी वर्ग एवं छात्रों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर अधीक्षण अभियंता शकील आलम ने आश्वस्त किया कि चल रहा कार्य उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए ही किया जा रहा है और इसे शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बगोदर में अतिरिक्त पावर सब-स्टेशन (पीएसएस) तथा सरिया में ट्रांसफॉर्मर से संबंधित कार्य पूर्ण होने के बाद सरिया, बगोदर एवं बिरनी क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी। साथ ही लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए गिरिडीह आने की आवश्यकता भी नहीं पड़ेगी। अधीक्षण अभियंता ने यह भी भरोसा दिलाया कि विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। मौके पर माले नेता सुमित कुमार बर्नवाल भी उपस्थित थे।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सदर अस्पताल में कानूनी जागरूकता शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**गिरिडीह।** झालसा रांची के निदेर्शानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह मार्तंड प्रताप मिश्रा के मार्गदर्शन एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह सफदर अली नैयर के आदेशानुसार मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल गिरिडीह में कानूनी जागरूकता सह साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के सदस्य मोहम्मद फैयाज अहमद ने बताया कि विश्व के लगभग सभी देशों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए आपसी सहयोग एवं मानक विकसित करने वाली संस्था विश्व स्वास्थ्य संगठन है, जिसकी स्थापना 7 अप्रैल 1948 को हुई थी। इसी कारण हर वर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाया जाता है इस अवसर पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. प्रदीप बैठा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला कार्यक्रम को सफल बनाने में पीएलवी दिलीप कुमार, अशोक कुमार वर्मा, कामेश्वर कुमार, रंजना सिन्हा एवं मो. वारिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही

## 300 यूनिट तक फ्री बिजली और मिलेगी 78 हजार तक सब्सिडी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** शहर के लोगों को अब महंगे बिजली बिल से निजात मिलने वाली है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर मंगलवार को नगर निगम कार्यालय परिसर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जो 8 अप्रैल के बीच लगेगी। लालसन एजेंसी पावर सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पीढ़ियों के लिए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम है। मुफ्त बिजली योजना के तहत हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली का लाभ मिलेगा। सोलर सिस्टम की क्षमता के आधार पर सरकार 30 हजार रुपये से लेकर अधिकतम 78 हजार रुपए तक की सब्सिडी सीधे बैंक खाते में देगी। यदि उपभोक्ता अपनी जरूरत से ज्यादा बिजली पैदा



आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में लोगों और व्यापारियों ने हिस्सा लिया। जहां उन्हें सौर ऊर्जा के जरिए जीरो बिजली बिल के मंत्र समझाए गए। नगर आयुक्त संतोष कुमार भी इस कैम्प को लेकर उत्साहित दिखे।

शिविर को संबोधित करते हुए प्रोजेक्ट मैनेजर श्री पवन कुमार साह ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य हर घर को एक छोटा पावर हाउस बनाना है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत उपभोक्ताओं को अपनी छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए भारी सब्सिडी दी जा रही है। इस पहल को पर्यावरण के लिए भी क्रांतिकारी बताया गया। विशेषज्ञों के अनुसार सौर ऊर्जा अपनाने से कार्बन उत्सर्जन कम होगा, जिससे बढ़ती गर्मी और प्रदूषण पर लगाम लगेगी। यह न केवल आर्थिक रूप से लाभकारी है। बल्कि आने वाली करता है, तो वह उसे ग्रिड को बेचकर अतिरिक्त कमाई भी कर सकता है। जागरूकता शिविर के दौरान विक्रम कुमार,असिस्टेंट प्रोजेक्ट मैनेजर, नीरज कुमार, अजय शर्मा, सन्त्री साहा, अर्जित राज के साथ-साथ विशाल गुप्ता, मनीषा सिंह, उत्सव राज एवं रौशन सहित कई गणमान्य लोग और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। पवन कुमार साह ने बताया कि जो लोग एकमुश्त राशि खर्च नहीं कर सकते, उनके लिए सरकार ने कम ब्याज दर पर ऋण की व्यवस्था भी की है। योजना का लाभ लेने के लिए प्रक्रिया को बेहद सरल रखा गया है। इसके लिए केवल आधार कार्ड, बैंक खाता और पिछले बिजली बिल के साथ जमीन की रसीद की आवश्यकता होगी। शिविर के दौरान मौजूद कर्मियों ने मौके पर ही दर्जनों लोगों की शंकाओं का समाधान किया।

## बिजली की लचर व्यस्था तथा आशा बहाली में अनियमितता को लेकर विफरी विधायक

### पंचायत समिति की बैठक रहीं हंगामेदार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** प्रखंड सभागार बारसोई में प्रखंड प्रमुख तमन्ना बेगम की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई' बैठक का संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार ने की।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक संगीता देवी रही । बैठक में मुख्य रूप से एसडीपीओ अजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी बारसोई चंदन प्रसाद, बीपीआरओ अशोक कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मुमताज अहमद,प्रखंड बाल विकास पदाधिकारी बारसोई बबिता कुमारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।



बैठक की कार्रवाई शुरू होने से पहले प्रखंड प्रमुख तमन्ना बेगम ने विधायक संगीता देवी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया।बैठक में बिजली की लचर व्यस्था एव आशा बहाली में भारी अनियमित पर विफरते हुए विधायक ने क्षेत्र में बिजली व्यस्था में अविलम्ब सुधार की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रखंड में आशा बहाली में अनियमित को लेकर कहा कि लगातार शिकायत प्राप्त हो रही है कि बीसीएम राजीव कुमार के द्वारा सरकारी नियम को तात्पर्य कर कार्य किए गए जा रहे हैं। इस मामले को लेकर जिला पदाधिकारी से मिलकर उच्च स्तरीय जांच कर कार्रवाई की जाएगी तथा योग उम्मीदवार की चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लगातार ऐसी शिकायतें आ रही है कि विधुत विभाग के पदाधिकारी अपने कार्यालय से अक्सर गायब रहते हैं। जेई विद्युत उपभोक्ताओं के फोन कॉल को रिसीव नहीं करते हैं। विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों को अनदेखी करते हैं। आगे विधायक ने सवाल उठाते हुए कहा कि क्षेत्र में ऐसी शिकायतें मिल रहीं है । बिजली विभाग के पदाधिकारी होशियार हो जाए अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार हो जाए। उन्होंने कहा कि अंचल व राजस्वकर्मी म्यूटेशन के नाम पर लोगों से मोटी रकम वसूल रहे हैं। विधायक ने अविलम्ब इस पर लगाम लगाने की बात कही। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष मोअज्जम हुसैन एवं पंसस शम्स तबरेज ने सवाल उठाते हुए कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारसोई में कार्यरत बीसीएम राजीव कुमार पिछले दस वर्षो से लगातार पदस्थापित हैं। बीसीएम के द्वारा आशा कर्मियों की बहाली में बड़ी अनियमितता तथा भ्रष्टाचार बरती जा रही हैं। आशा कर्मियों से अवैध वसूली की जा रही है। तथा पूर्व में भी उनके विरुद्ध प्रस्ताव लिए गए थे हटाने के लिए लेकिन अभी तक नहीं हटाए गए हैं जो नींद नहीं है।

पंचायत समिति सदस्य तबरेज ने बैठक में कहा कि धर्मपुर पंचायत का सोलर लाइट आबादपुर थाने में लगाए गए हैं इसकी उच्च स्तरीय जांच किया जाए। जवाब देते हुए बीपीआरओ अशोक कुमार ने कहा कि जांच की गई है धर्मपुर का सोलर लाइट आबादपुर थाना में लगाए गए हैं जो गलत है अभिलंब वहां से हटकर धर्मपुर पंचायत क्षेत्र में लगाए जाएंगे। बैठक में सदस्यों ने कहा कि प्रखंड के विभिन्न पंचायत में आरो लगाए गए हैं जो पूरी तरह से खराब पड़ी हुई है अभिलंब दुरुस्त किया जाए। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार ने कहा कि सदस्यों द्वारा जो भी प्रस्ताव लिए गए हैं। संबंधित विभाग के पदाधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराएंगे तथा अमली जामा पहनाया जाएगा। जिसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराई जाएगी।बैठक में उपप्रमुख चंदना कुमारी, मुखिया हाजिक हसन अंसारी, बेलाल कादरी, अयूब अली, राधाकान्त घोष, महमूदा खातून, मोहम्मद काबुल आदि दर्जनों लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

# 1300 रुपये का बंटवारा व नशा बना दोहरे हत्याकांड का कारण, कातिल गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू की पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने बीते जनवरी में हुए दो मजदूरों के हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। उन्होंने मंगलवार को अपने कार्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में दोहरे हत्याकांड के आरोपी को प्रेस के सामने प्रस्तुत किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दोनों हत्याकांड का कातिल चुनमुन चौधरी उर्फ अजीत चौधरी नशेड़ी है। वह नशा करने के लिए पैसे की लालच में बारी-बारी से दो लोगों की हत्या कर दिया था।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चैनपुर थाना अंतर्गत रानीबांध तालाब के पास एक आंशिक जला हुआ शव बरामद हुआ था। इसकी पहचान मिशन स्कूल रोड के आबादगंज स्थित वार्ड नंबर 23, डालटनगंज के रूप में की गई थी। फिर बाद में उसी दिन शहर थाना के डालटनगंज रेलवे स्टेशन के आगे रेलवे पुल के केबिन के सामने एक अन्य व्यक्ति का शव बरामद किया गया था।

दोनों शवों को देखकर प्रतीत हो रहा था जैसे उनके सिर को पत्थर से कूच कर हत्या कर दी गई है। इस संबंध में चैनपुर थाना कांड सं-17/2028, 17 जनवरी 2026, धारा-103 (1)/




238 बीएनएस व शहर थाना कांड स.-20/26, 16 जनवरी 2026 धारा- 103 (1)/ 238 बीएनएस अंकित किया गया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उन्होंने सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (परि) राजीव रंजन, पुलिस निरीक्षक सदर अंचल के नेतृत्व में दोनों कांडों के उद्भेदन व अपराधी की गिरफ्तारी के लिए शहर व चैनपुर थाना के थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा व जवान के साथ एक टीम गठित कर कांड के अज्ञात अपराधी की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए सूचना संकलन प्रारंभ कराया। उन्होंने बताया कि अनुसंधान के क्रम में सूचना संकलन करते हुए संदिग्ध चैनपुर थाना के कल्याणपुर गांव निवासी 25 वर्षीय चुनमुन चौधरी उर्फ अजित चौधरी से पूछताछ किया गया। दोनों कांडों में अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि 15 जनवरी 2026 को वह मजदूरी का काम करके शाम में डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर रहने वाले करीवा उर्फ छोटू व शंकर राम के साथ गांजा पी रहा था। मजदूरी का काम करने के दौरान इन लोगों से इसकी जान -पहचान हुई थी। इसी बीच चुनमुन चौधरी को पता चला कि शंकर के पास 1300 रुपया है। वह पैसा रहने के बाद भी शराब पीने के लिए पैसा नहीं दे रहा है। तब वह करीवा से बोला कि चलो इसका पैसा लूट लेते हैं। रात को शंकर राम को साथ लेकर दोनों चैनपुर के बिरसानगर होते हुए रानीबांध के समीप खाली मैदान के तरफ चले गए। चुनमुन ने शंकर को पटककर उससे उसके पर्स सहित 13 सौ रुपए, शंकर का आधार कार्ड व उसका फोटो लूट लिया। फिर दोनों को लगा को सुबह में शंकर ये सभी बातें किसी को बता देगा व जेल भिजवा देगा। इसलिए दोनों ने शंकर को जान मारने का मन बनाया। वहीं पड़े पत्थर से दोनों ने उसका सर कूच दिया। इससे शंकर की मौत हो गई। चुनमुन चौधरी ने माचीस से उसके पहने हुए कपड़े में आग लगा दिया। मृतक शंकर का पर्स व उसके अंदर का आधार कार्ड, फोटो व पर्स में से एक हजार रुपया चुनमुन रख लिया व तीन सौ रुपए करीवा उर्फ छोटू को दे दिया। फिर दोनों डालटनगंज रेलवे स्टेशन की तरफ आ गए। करीवा ने चुनमुन को कहा कि दोनों के बीच बराबर- बराबर पैसा बांट ले। ऐसा नहीं करने पर वह शंकर के मर्डर के बारे में सभी को बताने की धमकी देने लगा। इस बीच चुनमुन ने करीवा को साथ लेकर डालटनगंज रेलवे स्टेशन के आगे रेलवे पुल के आगे केबिन के सामने ले जाकर उसको पटककर उसका भी माथा पत्थर से कूच दिया। साथ ही शव को कचड़ा में डाल दिया। उसके बाद सारा पैसा व पर्स लेकर अपने घर चला गया।अनुसंधान के क्रम में चुनमुन चौधरी के बताने के अनुसार मृतक शंकर राम का पर्स, जिसमे उसका आधार कार्ड व एक पासपोर्ट साईज फोटो था, को बरामद कर लिया गया।

## शादी के गहनों के नाम पर साजिश, युवक की हत्या का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारून (औरंगाबाद)।** जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां बेटी की शादी के लिए गहने बनवाने गए एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने इसे सुनियोजित हत्या बताते हुए आभूषण विक्रेता और उसके सहयोगियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतक की पहचान अनिल सिंह के रूप में हुई है, जो माली थाना क्षेत्र के सत्तर गांव के निवासी थे। परिजनों के अनुसार, 5 अप्रैल की सुबह वह अपनी मोटरसाइकिल से नवीनगर स्थित एक ज्वेलरी दुकान पर बेटी की शादी के लिए गहने बनवाने गए थे। मृतक के भाई रंजीत कुमार सिंह द्वारा पुलिस को दिए गए आवेदन के मुताबिक, दुकान बंद होने पर उनकी मुलाकात टिंकू पांडेय नामक व्यक्ति से हुई, जिसने बताया कि दुकानदार अपने ससुराल गया है। इसके बाद टिंकू पांडे उन्हें अपने साथ मोटरसाइकिल पर लेकर चला गया। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने फोन किया, जिस पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने जानकारी दी कि बारून थाना क्षेत्र के बरुआ पुल के पास एक व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बारून ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर किया गया। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# वितरण प्रणाली को करें और अधिक सुदृढ़ : उपायुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में मंगलवार को आपूर्ति विभाग की संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक हुई। इसमें सार्वजनिक वितरण प्रणाली व आपूर्ति विभाग की संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक में राशन कार्ड डिजिटाइजेशन, एनएफएसए व जेएसएफएसएस के तहत खाद्यान्न वितरण, ई-केवाईसी, लंबित आवेदनों, शिकायत निवारण व धान अधिप्राप्ति सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। बैठक के दौरान बताया गया कि जिले में कुल चार लाख से अधिक राशन कार्डधारक परिवारों के 15 लाख से अधिक सदस्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत आच्छादित हैं। उपायुक्त ने राशन कार्ड से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि नये राशन कार्ड, सदस्य जोड़ने व अन्य लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। मार्च 2026 में एनएफएसए के तहत खाद्यान्न वितरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए बताया गया कि जिले में लगभग 93 प्रतिशत लाभुकों तक खाद्यान्न वितरण किया गया।उपायुक्त ने




शेष लाभुकों तक भी समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। अप्रैल 2026 के लिए खाद्यान्न उठाव एवं डोर-स्टेप डिलीवरी की समीक्षा के दौरान बताया गया कि खाद्यान्न का उठाव लगभग शत प्रतिशत किया गया है। डोर-स्टेप डिलीवरी की प्रगति लगभग 65 प्रतिशत रही। इस दौरान हुसैनाबाद डिपो से टैग्गड ब्लॉक की डोर-स्टेप डिलीवरी अपेक्षाकृत कम पाया गया। इस पर डीसी ने संबंधित एजीएम व एमओ से इस संबंध में जानकारी ली। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को वितरण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ करने व शत-प्रतिशत लाभुकों तक समय पर खाद्यान्न पहुंचाने के निर्देश दिये।

बैठक में ई-केवाईसी की प्रगति की भी समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के सभी लाभुकों का ई-केवाईसी शीघ्र पूरा कराया जाए ताकि वास्तविक लाभुकों को ही योजनाओं का लाभ मिल सके। इस दौरान मनातू में सबसे कम लाभुकों का ही ई-केवाईसी कराया जाने की बात प्रकाश में आयी। डीसी ने संबंधित को इसमें तेजी लाने हेतु निर्देशित किया गया। वहीं छत्तरपुर में चना दाल वितरण की समीक्षा के दौरान कम वितरण होने संबंधी कारणों की जानकारी ली गयी। इसके अतिरिक्त सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना, चना दाल, नमक वितरण, अपात्र लाभुकों की पहचान व विलोपन की प्रगति की भी समीक्षा की। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि पारदर्शिता बनाए रखते हुए योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक सुनिश्चित किया जाये। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सहायक गोदाम प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित थे।

# देवघर का 'हलीमा बांध' बना विवाद का केंद्र, मिट्टी भराई पर रोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** शहर के बिलासी टाउन स्थित हलीमा बांध इन दिनों चर्चा के केंद्र में है। दशकों पुराना यह जलस्रोत न सिर्फ स्थानीय लोगों की जरूरतों को पूरा करता रहा है, बल्कि इलाके के जलस्तर को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लेकिन हाल के दिनों में इस पोखर में मिट्टी भराई को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। जिस पर स्थानीय लोगों ने कड़ा विरोध जताया है।

समाजसेवी बाबा बलियासे ने इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए कहा कि हलीमा बांध से करीब 25 हजार घरों को पानी की आपूर्ति होती है। ऐसे में अगर इस जलस्रोत को खत्म किया गया तो, हजारों परिवारों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ सकता है। उनका कहना है कि यह पोखर इलाके के पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है। मामले की जानकारी मिलते ही नगर आयुक्त रोहित सिन्हा और महापौर रवि राउत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पोखर में मिट्टी डाले जाने की पुष्टि हुई। जिस पर नगर आयुक्त ने तुरंत सख्त रुख अपनाते हुए भराई पर रोक लगाने का आदेश दिया और संबंधित लोगों को फटकार भी लगाई।

# महिला कांग्रेस अध्यक्ष रेखा सिंह ने डीडीसी से की अपात्र आवास लाभुकों के चयन की शिकायत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रेखा सिंह ने डीडीसी को पत्र देकर उंटारी रोड प्रखंड के मुरमा कला पंचायत में आवास के चयन में हो रही धांधली की शिकायत की। उन्होंने कहा कि कि मुरमा कला पंचायत में मोटी रकम लेकर अबुआ आवास व पीएम आवास योजना में बड़े पैमाने पर अपात्र लाभुकों का चयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई ग्रामीणों ने इस संबंध में उनसे शिकायत की है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सुधीर कुमार ने उनसे शिकायत की है कि ब्लॉक कॉर्डिनेटर विमलेश कुमार व अन्य कर्मी दूसरी किस्त का पैसा भेजने से पहले ही डरा धमका कर




दस हजार रुपए प्रति लाभुक तय कर ले रहे हैं। तय रकम देने से इनकार करने पर उनके खाते को होल्ड कर दिया जाता है। केवल मुरमा कला पंचायत के मुरमा कला ग्राम में विमला देवी, पति-भृगुनाथ सिंह जिनका पीएम आवास की आईडी 139149001 है, सहित कम से कम 15 लाभुकों के खाते को होल्ड किया गया है। साथ ही तय रकम लेकर पुनः भुगतान किया गया। कहा कि प्रखंड में अवैध वसूली एक धंधा का रूप ले चुका है। इसका मास्टरमाइंड ब्लॉक कॉर्डिनेटर विमलेश कुमार हैं। वे ऊंटारी प्रखण्ड में पिछले छह वर्षों से कार्यरत हैं। उनके संरक्षक प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण भगत हैं। कहा कि बिना बीडीओ की अनुमति के किसी भी खाते को होल्ड नहीं किया जा सकता है। रेखा सिंह ने डीडीसी से तथ्यों व शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मुरमा कला पंचायत के अबुआ व पीएम आवास योजना के तहत आवंटित 2023 के बाद से अब तक की सभी आवास की स्थलीय जांच कराने का आग्रह किया है। कहा कि जांचोपरांत दोषी सभी पदाधिकारियों व कर्मियों के विरूद्ध उचित कानूनी व विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# झारखंड की क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में 1 से 12 अप्रैल 2026 तक आयोजित 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में सातवें दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले।

शनिवार को ए डिविजन के 4 और बी डिविजन के 2 मुकाबले खेले गए। सात दिनों के लीग मैचों के समापन के साथ ही B डिविजन के मैच समाप्त हो गए, जबकि ए डिविजन की टीमें अब 9 अप्रैल को होने वाले क्वार्टर फाइनल के लिए तैयार हैं।

मेजबान झारखंड ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अपने दूसरे मैच में बिहार को 9-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की और क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। इस एकतरफा मुकाबले में झारखंड की ओर से संदीपा कुमारी और प्रीति बिलुंग ने 2-2 गोल किए, जबकि पुष्पा मांझी, सेवानी केरकेट्टा, सुष्मिता गुड़िया, रिचा मिंज और मरियम भेंगरा ने 1-1 गोल दागे।

# राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. धनंजय कुमार अब आपके बीच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** "मासूम धड़कन" संस्था के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को जन्मजात हृदय रोगों का निशुल्क उपचार उपलब्ध कराएंगे। किसी बच्चे के दिल में छेद हो तो उसका सफल उपचार किया जाएगा।यह पहल पूर्वी भारत में उन्नत हृदय चिकित्सा को आम लोगों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उक्त बातें मणिपाल अस्पताल, रांची के वरिष्ठ व प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. धनंजय कुमार ने कही। वे मंगलवार को स्थानीय जेएस कॉलेज स्थित कल्याण अस्पताल में ख्यातिप्राप्त पलामू प्रमंडल के चिकित्सक डॉ राजीव नयन के साथ पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वे मरीजों की सेवा में प्रत्येक माह के पहले सप्ताह में मंगलवार को उपलब्ध रहेंगे। कोई



भी जरूरतमंद दिल के मरीज उनसे मिलकर चिकित्सीय सलाह ले सकते हैं। डॉ. धनंजय कुमार ने कहा कि उनका लक्ष्य है कि कल्याण अस्पताल, डालटनगंज में हर रोगी को उच्च गुणवत्ता वाली हृदय देखभाल उपलब्ध कराई जाए। मौके पर डॉ राजीव नयन ने कहा कि डॉ. धनंजय कुमार रांची स्थित भगवान महावीर मणिपाल हॉस्पिटल में कार्यरत एक अत्यंत कुशल व अनुभवी कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट हैं। जिन्हें उन्नत एवं जटिल हृदय रोगों के उपचार में एक दशक से अधिक का अनुभव है। उन्होंने भारत से एमबीबीएस, एमडी व डीएम की डिग्रियां प्राप्त करने के साथ-साथ अमेरिका, यूरोप, जापान व पूर्व सोवियत संघ के विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है। वर्तमान में वे एक प्रमाणित इंटरवेंशनल ट्रेनर व प्रॉक्टर हैं। वे देशभर के कार्डियोलॉजिस्ट को जटिल हृदय प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण देते हैं। डॉ. कुमार बिहार व झारखंड में कई उन्नत हृदय प्रक्रियाओं की शुरुआत की है। इनमें कृत्रिम हृदय सहायता प्रणाली का उपयोग, बिना चीरा लगाए वाल्व रिप्लेसमेंट व रिपेयर, लीडलेस (कैप्सूल) पेसमेकर का प्रत्यारोपण, ज़ीरो-कॉन्ट्रास्ट व ज़ीरो-मेटल एंजियोप्लास्टी शामिल है। डॉ कुमार "मासूम धड़कन" नामक एक अनूठी पहल के संस्थापक भी हैं।

# सरयू राय ने टाटानगर रेलवे स्टेशन परिसर में दिया धरना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** चक्रधरपुर रेल मंडल में ट्रेनों की लेट लतीफी के खिलाफ जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने टाटानगर रेलवे परिसर में धरना दिया। विधायक सरयू राय ने कहा कि आधे घंटे के सफर में तीन से पांच घंटे का वक्त लगता है, जिसके कारण जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आंदोलन का यह पहला चरण है और हम इस मुद्दे को लेकर दिल्ली तक जायेंगे। दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल अंतर्गत टाटानगर रेलवे स्टेशन है लेकिन ट्रेन की लेट लतीफी के कारण सफर करने वाले यात्रियों को पिछले कई माह से यहां परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब यह परेशानी एक मुद्दा बन गया है, जिसे लेकर जमशेदपुर पश्चिम के जदयू विधायक सरयू राय ने आंदोलन की शुरुआत की है। आंदोलन के प्रथम चरण में विधायक सरयू राय टाटानगर रेलवे स्टेशन परिसर में कड़ी धूप में धरना पर बैठे। धरने में आम जनता के साथ विभिन्न संगठन के अलावा कोल्हान का सबसे बड़ा व्यावसायिक संगठन सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का समर्थन दिखा। इधर धरने को देखते हुए स्टेशन परिसर में भारी संख्या में आरपीएफ की टीम और बागबेड़ा थाना की पुलिस मौजूद थी। विधायक सरयू राय ने कहा कि टाटानगर स्टेशन से गुजरने वाली अधिकांश यात्री ट्रेनें आए दिन देरी से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर नौकरी पेशा वाले लोगों, छात्रों और मरीजों को समय पर मंजिल तक नहीं पहुंच पाने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# होमगार्ड बहाली परीक्षा में लापरवाही, पदाधिकारी समेत नौ कर्मियों पर गिरी गाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** होमगार्ड बहाली प्रक्रिया के तहत मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान लापरवाही सामने आने पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने सख्त रुख अपनाया है। मंगलवार सुबह किए गए औचक निरीक्षण में कई पदाधिकारी और कर्मी निर्धारित समय पर ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए, जिस पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि यहां सभी प्रतिनियुक्त कर्मियों को सुबह 5 बजे तक अपने-अपने स्थल पर उपस्थित रहना था, वहीं एक कंप्यूटर



ऑपरेटर, छह पदाधिकारी और दो चौकीदार सुबह 8 बजे तक भी अनुपस्थित थे। इस पर उपायुक्त ने गंभीर नाराजगी जताते हुए कंप्यूटर ऑपरेटर को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर दिया। साथ ही अनुपस्थित पदाधिकारियों का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करते हुए उनके खिलाफ निलंबन सहित अन्य कार्रवाई के लिए स्पष्टीकरण मांगा गया है। इतना ही नहीं, मेडिकल टीम की कार्यप्रणाली पर भी उपायुक्त ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि संबंधित मेडिकल कर्मियों से स्पष्टीकरण लिया जाए और ड्यूटी पर तैनात सभी मेडिकल कर्मियों का वेतन भी स्थगित किया जाए।

उपायुक्त आदित्य रंजन ने स्पष्ट कहा कि होमगार्ड बहाली प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषी कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

प्रशासन की इस कार्रवाई से बहाली प्रक्रिया में अनुशासन और पारदर्शिता को लेकर सख्त संदेश गया है।

# बजाज लाइफ इंश्योरेंस के डालटनगंज ब्रांच में नए वित्तीय वर्ष की पूजा पाठ से हुई शुरुआत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** बजाज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के डालटनगंज के महिंद्रा आर्केड स्थित ब्रांच में नए वित्तीय वर्ष 2026- 27 की शुरुआत पूजा पाठ कर हुई। यजमान के रूप में ब्रांच हेड सुनील कुमार ने भगवान सत्यनारायण सहित अन्य देवी देवताओं की पूजा अर्चना की। मौके पर श्री सत्यनारायण भगवान के कथा का वाचन भी हुआ। कार्यक्रम में सभी यूनिट के हेड सहित पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे। कार्यक्रम में शामिल बजाज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के रीजनल हेड जेपी शर्मा ने पूजा संपन्न होने के बाद कहा कि हर कार्य की शुरुआत भगवान के पूजन व वंदन से शुरू होनी चाहिए। यह सौभाग्य है कि उनके सहित डालटनगंज ब्रांच के सभी पदाधिकारी व कर्मी इस मौके पर मौजूद होकर होकर पूजा पाठ में भाग लिया। साथ ही नए वित्तीय वर्ष 2026- 27 की शुरुआत ईश्वर के समक्ष एक नए संकल्प के साथ करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि उनके रीजन के सभी पदाधिकारी व कर्मी बड़ी की तन्मयता व लगन के साथ अपने-अपने कार्यों को मंजिल तक पहुंचने का काम करते हैं। नए वित्तीय वर्ष में बजाज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के पदाधिकारी अपने देवतुल्य ग्राहकों को वित्तीय जिम्मेदारियों को निभाने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को इस कार्य के लिए आज से ही लग जाने का आह्वान किया। मौके पर ब्रांच हेड चितरंजन गोस्वामी, रंजन कुमार, ब्रांच सेल्स मैनेजर अरविंद उपाध्याय, कार्यकारी बिक्री प्रबंधक मुकेश कुमार दुबे, रौशन कुमार, अवधेश कुमार गुप्ता, निशांत तिवारी, आनंद गुप्ता, जितेंद्र तिवारी, अरुण कुमार सिंह, तेजकरण शर्मा, अशरफ अली, बीएसओ उत्कर्ष आनंद, अजय कुमार, अभिषेक गुप्ता, अनुज कुमार, रूबी कुमारी, विवेक कुमार, राजा चंद्रवंशी, इशू व अरुण कुमार शामिल थे।

# अभ्यर्थियों को प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी हेतु दिया स्टडी किट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार सरकार युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के जिला नियोजनालय नालंदा द्वारा नियोजन सेवा के विस्तार योजना के तहत जिला नियोजनालय, नालंदा के तत्वाधान में 111 अभ्यर्थियों को प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी हेतु स्टडी किट प्रदान की गई। जिसमें से यूपीएससी के - 06, बीपीएससी के -37, बिहार एसआई एवं बिहार पुलिस के 09, बीएसएससी के 33, रेलवे एवं एसएससी के 19 अभ्यर्थियों को स्टडी किट का वितरण किया गया। अब तक वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 162 स्टडी किट का वितरण किया जा चुका है। टूल किट के लाभुकों को टूल किट का वितरण अगले सप्ताह में किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस योजना हेतु वर्ष 2026-27 हेतु भी फार्म जमा लिए जा रहे हैं, जिसके लाभ हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों के पास जिला नियोजनालय नालंदा से न्यूनतम छह माह पूर्व का



निबंधन होना आवश्यक है, तथा उनकी वार्षिक आय तीन लाख रूपये से कम होना चाहिए। इन योजनाओं का लाभ ट्रांसजेंडर, दिव्यांगजन, महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग को प्राथमिकता देते हुए 18-40 वर्ष के अभ्यर्थियों को प्रदान की जाएगी। अभ्यर्थी को स्टडी किट एवं टूल किट में से केवल एक का लाभ मिलेगा तथा पूर्व में लाभ प्राप्त कर चुके अभ्यर्थी पुनः इस योजना के पात्र

## अलग-अलग छापेमारी में चार लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में छापेमारी कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि भगवानपुर से वारंटी देवनंदन यादव एवं रघुनंदन यादव को गिरफ्तार किया गया है। अमरपुर से टुनटुन चौहान को गिरफ्तार किया गया है। इसी तरह राजेबीघा गांव से मच्छर यादव उर्फ अजय कुमार को एक पुराने मामले में गिरफ्तार


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा आसनसोल मंडल के तहत आइस-क्रीम पार्लर, मल्टी-परपज स्टॉल, वाटर वेंडिंग मशीन और प्रीमियम ब्राण्ड कैटरिंग आउटलेट के प्रावधान के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार हैः

**नीलामी कैटलॉग सं. एएसएन-एमएसएस-एसटीजीईएन-5**

**क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, कार्य का विवरण और ई-नीलामी की अंतिम तिथि और समय** निम्नानुसार हैः **एए/1, एमएसएस-एएसएन-जेएसएमई-एसटीजीईएन-147-26-1,** जसीडीह (जेएसएमई) स्टेशन के नए सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित 60 वर्गफीट माप (संलग्न स्केच प्लान में दर्शित अनुसार) में निर्दिष्ट क्षेत्र में 05 (पाँच) वर्षों के लिए ब्राण्डेड आइस क्रीम पार्लर का परिचालन एवं रखरखाव, दिनांक 16.04.2026 को 12.30 बजे। **एए/2, एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एसटीजीईएन-141-26-1,** दुर्गापुर स्टेशन में हेरिटेज रेल इंजन के पास, दक्षिण भाग के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित 60 वर्गफीट माप (संलग्न स्केच प्लान में दर्शित अनुसार) में निर्दिष्ट क्षेत्र में ब्राण्डेड आइस क्रीम पार्लर का परिचालन एवं रखरखाव, दिनांक 16.04.2026 को 12.40 बजे।

**नीलामी कैटलॉग सं. एएसएन-एमपीएस-26-3**

**क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, कार्य का विवरण और ई-नीलामी की अंतिम तिथि और समय** निम्नानुसार हैः **एए/1, एमपीएस-एएसएन-डीजीआर-एमपीएस-23-26-1,** दुर्गापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं. 2-3 (हावड़ा सिरे) पर, सीट नं. 171 और एस्केलेटर के बीच 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (सभी कैटेगरी लिए खुला), 17.04.2026 को 12.30 बजे। **एए/2, एमपीएस-एएसएन-डीजीएचआर-एमपीएस-32-25-1,** देवघर रेलवे स्टेशन में पुराने स्टेशन बिल्डिंग के मुख्य प्रवेश द्वार के पास स्ट्रक्चर स्टॉल नं. ई-01 में 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अल्पसंख्यकों के लिए चिह्नित (महिला), 17.04.2026 को 12.40 बजे। **एए/3, एमपीएस-एएसएन-आरएनजी-एमपीएस-24-25-1,** रानीगंज रेलवे स्टेशन में निकास द्वार के पास उत्तरी भाग से सर्कुलेटिंग एरिया के निकट, 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (सभी कैटेगरी लिए खुला), 17.04.2026 को 12.50 बजे। **एए/4, एमपीएस-एएसएन-जेएसएमई-एमपीएस-26-25-1,** जसीडीह रेलवे स्टेशन में पीएफ नं. 4 पर मेमू ऑफिस/वाल्व मैन रूम के पास 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (सभी कैटेगरी लिए खुला), 17.04.2026 को 13.00 बजे।

**नीलामी कैटलॉग सं. एएसएन-डब्ल्यूवीएम-26-2**

**क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, कार्य का विवरण और ई-नीलामी की अंतिम तिथि और समय** निम्नानुसार हैः **एए/1, एमएसएस-एएसएन-यूडीएल-डब्ल्यूवीएम-25-25-1,** अण्डाल रेलवे स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि के लिए प्लेटफॉर्म नं. 1-2 पर ओएचई मास्ट नं. 186/35 एवं 187/1 के बीच, स्टैंड अलोन आधार पर वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) के संस्थापन एवं परिचालन हेतु लाइसेंस प्रदान करना, 18.04.2026 को 12.30 बजे।

**नीलामी कैटलॉग सं. एएसएन-पीबीसीओ-26-3**

**क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, कार्य का विवरण और ई-नीलामी की अंतिम तिथि और समय** निम्नानुसार हैः **एए/1, एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-पीएस-151-26-1,** दुर्गापुर (कैटेगरी-ए) रेलवे स्टेशन पर मेन स्टेशन बिल्डिंग के पास मौजूदा पीआरएस बिल्डिंग में स्थित 500 वर्गफीट के निर्दिष्ट क्षेत्र (संलग्न स्केच प्लान में दर्शित अनुसार) में एक प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट का 05 वर्ष के लिए परिचालन और रखरखाव, दिनांक 20.04.2026 को 12.30 बजे। **एए/2, एमएसएस-एएसएन-पीएएन-पीएस-152-26-1,** पानागढ़ (कैटेगरी-बी) रेलवे स्टेशन में दक्षिण भाग के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित 400 वर्गफीट के निर्दिष्ट क्षेत्र (संलग्न स्केच प्लान में दर्शित अनुसार) में एक प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट का 05 वर्ष के लिए परिचालन और रखरखाव, दिनांक 20.04.2026 को 12.40 बजे।

ASN-07/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# कुदाल से काटकर हत्या, चार गंभीर

## खेत से काम कर घर लौट रहे थे परिवार के लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बाढ़ अनुमंडल के मोकामा थाना अंतर्गत साहबेगपुर मोहल्ले में जमीन विवाद को लेकर दो सगे भाइयों के परिजनों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना में एक युवक की कुदाल से काटकर हत्या कर दी गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान अजय यादव के पुत्र राजीव कुमार (32) के रूप में हुई है। घायलों में कृष्णा कुमार, हीरा देवी और विवेक कुमार शामिल हैं। घटना के बाद पटना के ग्रामीण एसपी कुंदन कुमार मौके पर कैंप कर रहे हैं और इलाके में भारी तनाव बना हुआ है।

घायलों का इलाज मोकामा ट्रॉमा सेंटर में कराया जा रहा है। थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि अजय और विजय दोनों सगे भाई हैं, जिनके बीच पहले से जमीनी विवाद चल रहा था। अजय यादव अपनी पत्नी और दोनों बेटों के साथ खेत से काम कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान विजय यादव अपने दोनों बेटों के साथ घर के पास बैठे थे। जैसे ही अजय वहां पहुंचे, उन पर ईंट-पत्थर से हमला कर दिया गया और कुदाल से भी वार किया गया, जिससे राजीव कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। वह काफी देर तक मौके पर ही पड़े रहे, लेकिन वहां मौजूद भीड़ में से किसी ने उन्हें अस्पताल नहीं पहुंचाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां अधिक खून बहने के कारण इलाज के दौरान राजीव कुमार की मौत हो गई।

मृतक पक्ष के तीन लोग घायल हैं। ग्रामीण एसपी कुंदन कुमार ने बताया कि जमीनी विवाद में दो भाइयों के बीच मारपीट की घटना हुई है। एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर कुदाल से हमला किया, जिसमें राजीव कुमार की मौत हो गई। यह पुराना विवाद बताया जा रहा है। हालांकि, थाने में पहले कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी। पुलिस ने आरोपी पक्ष के तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

# बच्चों को स्कूल ले जा रही टोटो पलटी, कई चोटिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गया जिले के डोभी में चतरा मोड के पास जीटी रोड पर मंगलवार को हाइवा गाड़ी के हल्की टक्कर से बच्चों से भरी टोटो पलट गई। जिससे इसमें बैठे बच्चे घायल हो गए।

स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में सभी बच्चों और चालक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी में भर्ती करवाया गया, जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अमित कुमार ने सभी बच्चों का इलाज किया।

टोटो का चालक शेरघाटी थाना के भूसभूसिया गांव के सुबोध कुमार की नाक कट गई है। इसे प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल गया को रेफर किया गया है।वही बच्चों का इलाज जारी है। उक्त टोटो डोभी गया सड़क मार्ग में स्थित एक निजी विद्या मंदिर के छात्रों को पथलकट्टी से लेकर विद्यालय जा रहा था। इस टोटो में लगभग दस बच्चे सवार थे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि घायल बच्चों में खुशबू कुमारी (11 वर्ष), शिवानी कुमारी (10 वर्ष), खुशी कुमारी (16 वर्ष), सुहानी कुमारी (12 वर्ष), अंशिका कुमारी (6 वर्ष) और सतीश कुमार (12 वर्ष) शामिल है।सभी का समुचित इलाज कर दिया गया है। सभी के स्वजन अस्पताल पहुंचकर अपने बच्चों को साथ ले गए। घटना में शामिल हाइवा फरार हो गया। वहीं, टोटो को डोभी थाने की पुलिस के पहुंचने से पूर्व अन्यत्र जगह पर भेज दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टोटो भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।

जी टी रोड पर टोटो का परिचालन धड़ल्ले से हो रहा है। जबकि परिवहन विभाग के आदेशानुसार इसका परिचालन जी टी रोड पर नहीं है। स्कूल के बच्चों को ढोने में आटो, टोटो, मैजिक के साथ अन्य वाहन भी इस्तेमाल हो रहे हैं, जिसमें क्षमता से ज्यादा बच्चों को विद्यालय लाने का कार्य किया जा रहा है।

# एक ही घर से निकली तीन अर्थियां

## चित्कार से गांव हुआ गमगीन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर थाना क्षेत्र के बोरज गांव के बार्ड संख्या 7 निवासी सुदर्शन झा के तीन पुत्रों तीनों सगे भाइयों की सोमवार की दोपहर डूबने से सभी भाइयों की मृत्यु हो गई। शिवाजीनगर थाना पुलिस ने तीनों भाइयों की शव को अंतर परीक्षण के बाद शब को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया।

मंगलवार को परिजनों एवं ग्रामीणों ने मुसहरी गाछी में अलग-अलग चिता बनाकर अंतिम संस्कार कर दिया। तीनों भाइयों में आदित्य कुमार झा को चाचा लोकनाथ झा, हर्षनाथ कुमार झा को चाचा नित्यानंद झा एवं कार्तिक कुमार झा को पिता सुदर्शन झा ने मुखाग्नि दी। एक साथ सुदर्शन झा के घर से तीन पुत्रों की अर्थी निकलने पर ग्रामीणों एवं परिजनों की रो-रो कर बुरा हाल हुई। बताया जा रहा है कि बोराज गांव वार्ड संख्या सात निवासी सुदर्शन झा के पुत्र आदित्य कुमार झा हर्षनाथ कुमार झा और कार्तिक कुमार झा सोमवार को दोपहर पिता के साथ बडियाही घाट पुल के पास स्थित करेंह नदी में नहाने के लिए गए थे।

इसी दौरान एक भाई गहरे पानी के तेज धारा में चला गया उसे बचाने के लिए दूसरा भाई और आधा घंटा बाद तीसरे भाई ने दोनों को बचाने के लिए छलांग लगा दिया लेकिन पानी की अत्यधिक बहाव एवं गहराई के कारण तीनों एक साथ डूब गए तीनों बेटे को बचाव के लिए पिता सुदर्शन झा ने जी जान लगाकर कोशिश की लेकिन पानी की अत्यधिक गहराई और तेज धारा की बहाव के कारण बचाने में असफल रहे एक साथ पिता के सामने पूरे परिवार का कुनबा उजड़ गया तीनों पुत्रों की एक साथ मौत हो जाने से बोरज गांव में कोहराम मच गया परिजनों में माता आशा देवी दादी राम दुलारी देवी पिता सुदर्शन झा बाबा विदेश्वर झा की रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है।

## रिश्वत लेते एसआई गिरफ्तार

**मधेपुरा।** बिहार के मधेपुरा जिले में महज सात हजार रुपये रिश्वत लेते एक एसआई को विजिलेंस टीम ने रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। मामला पुरैनी थाना का है। मंगलवार को सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह को जमीन संबंधी प्रतिवेदन भेजने के लिए परिवादी से सात हजार रुपये रिश्वत ले रहे थे।

इस संबंध में औराय निवासी वशिष्ठ कुमार वर्मा ने 20 मार्च 2026 को निगरानी विभाग, पटना में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय से जमीन संबंधी जांच प्रतिवेदन मांगा गया था।

पुरैनी थाना प्रभारी ने जांच रिपोर्ट भेजने का जिम्मा एसआई अनिल कुमार सिंह को सौंपा था। लेकिन एसआई अनिल कर ने जांच रिपोर्ट भेजने के लिए 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहे थे। कई दिनों तक टालमटोल करने के बाद अंततः उन्होंने 7 हजार रुपये देने की बात कही।

# एलपीजी गैस को ले होटलों में चली छापेमारी

## संचालकों में खलबली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** जिला अधिकारी के निर्देश पर एलपीजी गैस, पेट्रोल एवं डीजल सहित आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार अनुश्रवण एवं निरीक्षण किया जा रहा है। इस क्रम में कालाबाजारी एवं घरेलू एलपीजी सिलिंडर के व्यावसायिक दुरुपयोग के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, महनार के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा स्टेशन रोड, महनार स्थित राज दरबार होटल में छापेमारी की गई। जांच के दौरान होटल में 03 घरेलू एलपीजी सिलिंडर भंडारित पाए गए, जिनका उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों में किया जा रहा था। यह कृत्य द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश, 2000 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 का उल्लंघन है। इस मामले में होटल संचालक के विरुद्ध महनार थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

इसी प्रकार हाजीपुर अनुमंडल क्षेत्र में भी घरेलू एलपीजी सिलिंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने हेतु प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों एवं पुलिस बल की संयुक्त टीम द्वारा हाजीपुर शहर के गांधी चौक से अनवरपुर चौक तक सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न होटलों एवं प्रतिष्ठानों से कुल 17 घरेलू एलपीजी सिलिंडर जब्त किए गए, जिनका उपयोग अवैध रूप से व्यावसायिक कार्यों में किया जा रहा था।

जिन प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गई, उनमें प्रमुख रूप से बालेश्वर मीट हाउस, हमसफर चाय एंड कॉफी कैफे, दिल्ली दरबार चिकन बिरयानी, ग्रीन इन (डाक बंगला रोड, हाजीपुर), जगमाया चूल्हा घर, अशोक लाइट हाउस, चूल्हा हाउस तथा मोहन घी भंडार शामिल हैं।

# मृत्युंजय दुबे की लिखी पुस्तक 'बिहारी गौरव' प्रकाशित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रसूलपुर।** स्थानीय चट्टी के रहने वाले एक ग्रामीण 70 वर्षीय मृत्युंजय दुबे की किताब 'बिहारी गौरव' प्रकाशित हुई है। पेशे से एकमा निबंधन कार्यालय के लेखापाल की नौकरी से सेवानिवृत्त लेखक दूबे ने अपनी लेखन कला से बिहार की कला, संस्कृति के गौरवशाली इतिहास को जीवंत किया है।18 मार्च 2026 को स्पर्श प्रकाशन से प्रकाशित उनकी किताब को साहित्य जगत में प्रशंसा मिल रही है।तीन अध्यायों में लिखी गई पुस्तक में लेखक दूबे ने बिहार के अलग अलग क्षेत्रों के नामचीन लोगों का चुनाव किया है। पहले अध्याय स्वतंत्रता संग्राम व राष्ट्रीय आन्दोलन में सहजानंद सरस्वती से लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तक के व्यक्तित्व व कृतित्व का चित्रण है।तो सिनेमा, मिडीया व रचनात्मक अभिव्यक्ति अध्याय में डा विवेकी राय से लेकर भिखारी ठाकुर के लौंडा नर्तक पद्मश्री रामचंद्र मांझी तक को लेखक दूबे द्वारा स्थान दिया गया है। अंतिम तीसरे अध्याय शिक्षा विज्ञान व बौद्धिक विचारक व चिंतक में विंदेश्वरी पाठक,संप्रदाय सिंह और सुपर थर्टी के आनंद कुमार पर दूबे ने अपनी नजरिया कलम से उतारी है।स्थानीय लोगों के अनुसार, मृत्युंजय दुबे बचपन से ही साहित्य और काव्य के प्रति समर्पित रहे हैं।एकमा निबंधन कार्यालय में बतौर कलर्क लंबी सेवा देने के बाद उन्होंने अपना जीवन इतिहास की गहन खोज को समर्पित कर दिया और अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को एक नई दिशा




देने का प्रयास किया है। साहित्य प्रेमी मृत्युंजय दुबे की इस उपलब्धि पर पूर्व मुखिया वेदप्रकाश सिंह उर्फ भोला सिंह, सरपंच प्रतिनिधि विकास कुमार, मुखिया प्रतिनिधि मिथिलेश प्रसाद, उप मुखिया मनोज सोनी ,अशोक दूबे सहित तमाम ग्रामीणों ने बधाई दी है गांव और क्षेत्र के लिए गौरव की बात कही है। पुत्र प्रो दिवाकर दूबे ने बताया कि पिताजी का उद्देश्य अपनी रचना के माध्यम से बिहार के गौरवशाली इतिहास को देश-विदेश तक पहुंचाना है।बिहारी गौरव' उनकी मिट्टी के प्रति प्रेम की एक छोटी सी भेंट है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों को लिया जायेगा गोद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने सामाजिक सरोकार की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए आसपास के छह आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लेने का निर्णय लिया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन ने कवायद शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में इस प्रकार की पहल का प्रावधान है, जिसका उद्देश्य बच्चों के पोषण, प्रारंभिक शिक्षा और समग्र विकास को सुदृढ़ करना है।

विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि इस कदम से न केवल आंगनबाड़ी केंद्रों की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि समाज और शिक्षा संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल भी स्थापित होगा।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. रामकृष्ण ठाकुर के अनुसार, इस योजना के तहत मुख्य परिसर के आसपास स्थित छह आंगनबाड़ी केंद्रों की पहचान की जाएगी। इन केंद्रों में साफ-सफाई, पेयजल, खेल सामग्री, शैक्षणिक संसाधन और स्वास्थ्य जागरूकता जैसे बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाएगा।

# दस महीने पूर्व मृत घोषित महिला जिंदा बरामद



## पूर्व प्रेमी दस महीनों से है जेल में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां पुलिस रिकॉर्ड में 'मृत' घोषित की गई महिला जिंदा बरामद हुई है। महिला अपने प्रेमी से शादी कर ससुराल में रह रही थी, जबकि उसकी हत्या के आरोप में पूर्व प्रेमी पिछले 10 महीनों से जेल में बंद है। मामला आजमनगर थाना क्षेत्र का है। घटना के करीब दस महीने बाद महिला को उसके गांव कुशहा से लगभग 50 किलोमीटर दूर सुधानी थाना क्षेत्र के दोगज गांव स्थित उसके पति प्रेम राय के घर से बरामद किया गया। महिला के जिंदा मिलने से जहां लोग हतप्रभ हैं, वहीं पुलिस कार्रवाई पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। करीब दस महीने पूर्व कुशहा निवासी विधवा चार बच्चे की मां लक्खी देवी अचानक लापता हो गई थी। उसके भाई भीम यादव ने उसके चचेरे देवर राजेश यादव समेत छह लोगों पर साजिश के तहत हत्या करने का आरोप लगाया था।

शिकायत में कहा गया था कि 6 जून को राजेश यादव लक्खी को शादी का झांसा देकर घर से ले गया था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मुख्य आरोपी राजेश यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। स्वजनों ने आरोप लगाया था कि हत्या के बाद शव को महानंदा नदी में फेंक दिया गया है। इसके बाद करीब दस दिनों तक गोताखोरों की मदद से शव की तलाश की गई।

# जिले में दस हजार लोगों का राशन कार्ड रद्द

## 34,618 अपात्र लाभुक सूची से हटाये गये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले में राशन व्यवस्था को पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान में बड़ा खुलासा हुआ है। अब तक जिले में 10,184 राशन कार्ड रद किए जा चुके हैं, जबकि 34,618 अपात्र लाभुकों के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। इनमें फर्जी, मृत घोषित लोग और रसूखदार भी शामिल हैं, जो अवैध तरीके से सरकारी अनाज का लाभ उठा रहे थे।

जिला प्रशासन द्वारा जनवरी से शुरू किए गए इस विशेष अभियान में अब और तेजी लाई जा रही है। तीनों अनुमंडलों आरा, पीरो और जगदीशपुर में एसडीओ के नेतृत्व में मार्केटिंग अधिकारियों (एमओ) की टीम लगातार जांच कर रही है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि किसी भी हाल में अपात्र लोगों को सूची में बने रहने नहीं दिया जाए। अब तक हुई कार्रवाई के दौरान आरा अनुमंडल क्षेत्र में सबसे ज्यादा 6,585 राशन कार्ड को रद किया गया है। वहीं, लगभग 17,380 लाभुकों का नाम भी काटा गया है।

वहीं, जगदीशपुर अनुमंडल में 1,039 राशन कार्ड रद किए जाने के साथ 11,852 लाभुकों को हटाया गया हैं। इधर, पीरो अनुमंडल में रद राशन कार्ड की संख्या 2,560 और नाम काटे गए लाभुकों की संख्या 5,386 है।

किसी प्रखंड क्षेत्र में राशन कार्ड रद होने वालों की संख्या ज्यादा है तो किसी प्रखंड में नाम कटने वाले लाभुकों की संख्या ज्यादा है। जिले में वर्तमान में कुल 4.85 लाख राशन कार्डधारी परिवार हैं, जिनसे लगभग 22 लाख लाभुक जुड़े हुए हैं। प्रशासन का मानना है कि जांच के बाद वास्तविक जरूरतमंदों को ही योजना का लाभ मिल सकेगा। अधिकारियों के अनुसार, जांच के दौरान ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां मृत लोगों के नाम पर वर्षों से अनाज उठाया जा रहा था या




आर्थिक रूप से सक्षम परिवार भी गरीबों की श्रेणी में लाभ ले रहे थे।

सदर एसडीओ शिप्रा विजयकुमार चौधरी ने साफ किया है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आम लोगों से अपील कि वे किसी भी तरह की गड़बड़ी की सूचना स्थानीय प्रशासन को दें, ताकि सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जा सके।

आरा अनुमंडल में सबसे ज्यादा राशन कार्ड और लाभुकों के नाम काटे गए हैं। आरा ग्रामीण में 2844 कार्ड और 236 सदस्य, आरा शहरी में 1354 कार्ड व 3020 सदस्य, बड़हरा में 467 कार्ड व 7920 सदस्य, उदवंतनगर में 48 कार्ड व 869 सदस्य, गड़हनी में 2 कार्ड व 215 सदस्य, अगिआंव में 140 कार्ड व 1545 सदस्य, चरपोखरी में 1693 कार्ड व 242 सदस्य तथा कोईलवर (ग्रामीण व नगर) में कुल 38 कार्ड और 3333 सदस्य हटाए गए हैं। इस अनुमंडल में बड़े पैमाने पर फजीर्वाड़ा सामने आया है।

जगदीशपुर अनुमंडल के अंतर्गत बिहिया में 290 कार्ड व 3857 सदस्य, जगदीशपुर में 388 कार्ड व 4899 सदस्य, शाहपुर में 219 कार्ड व 1822 सदस्य, शाहपुर नगर में 10 कार्ड व 314 सदस्य तथा बिहिया नगर में 132 कार्ड व 960 सदस्य हटाए गए हैं।

पीरो अनुमंडल में तरारी में 2289 कार्ड व 1255 सदस्य, सहार में 113 कार्ड व 2072 सदस्य, पीरो में 30 कार्ड व 1309 सदस्य, पीरो नगर में 12 कार्ड व 438 सदस्य, संदेश में 3 कार्ड व 128 सदस्य तथा जगदीशपुर नगर में 112 कार्ड व 184 सदस्य के नाम काटे गए हैं।

# हड़तालियों को सरकार ने चेताया

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राजस्व सेवा के हड़ताली अधिकारियों पर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हड़ताल के कारण आम जनता को हुई परेशानी की जिम्मेदारी तय होगी। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि हड़ताल में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। सरकार किसी भी स्थिति में जनता की समस्याओं को लंबित या नजरअंदाज करने की अनुमति नहीं देगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ तय समय-सीमा में कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करें। भूमि विवादों को जल्द सुलझाना सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में यह भी कहा गया कि राज्य में सक्रिय भू-माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। राजस्व अधिकारियों की निष्पक्ष कार्यवाही से ही अवैध कब्जों पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सरकारी जमीन की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

# अविस्मरणीय यादें छोड़ गया महादेवी वर्मा सम्मान समारोह : अकेला

## बिहार की धरती पर जीकेसी का यह अनमोल कार्यक्रम रहा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के गर्दनीबाग स्थित बापू टॉवर में ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस द्वारा आयोजित महादेवी वर्मा सम्मान समारोह देश विदेश से आये कलाकारों, साहित्यकारों, कवियों, लेखकों, कलाकारों, उद्यमियों एवं समाज सेवकों के दिल पर अविस्मरणीय एवं अमिट यादें छोड़ गया एवं छोड़ गया लोगों के दिल में एक सवाल कि कैसे अपने पुरखों, देश के स्वतंत्रता सेनानियों, साहित्यकारों, लेखकों, कवियों, कलाकारों एवं समाज सेवकों की स्मृतियों को जिंदा रखा जाये जिससे आने वालीं पीढियां उनसे प्रेरित होकर देश एवं समाज के लिए कुछ कर सके।

उपरोक्त बातें जाने-माने कथाकार एवं कवि अरविन्द अकेला ने मीडिया से बात करते हुये कहा कि आयोजकों को सुभाषचंद्र बोस, डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद, स्वामी विवेकानंद,लाल बहादुर शास्त्री, खुदी राम बोस,मुंशी प्रेमचंद,फिराक गोरखपुरी,जयशंकर प्रसाद,हरिवंश राय बच्चन सहित कई लोकप्रिय हस्तियों के नाम पर सम्मान समारोह आयोजित कर एवं देश की प्रतिभाओं को सम्मानित कर एक अलग मिसाल कायम करनी चाहिए।

उपरोक्त कार्यक्रम आयोजित करने के लिए जीकेसी की जितनी तारीफ की जाए वह बहुत कम होगी।

### 26 हस्तियों ने हासिल किये महादेवी वर्मा सम्मान

## फंदे से लटकी मिली लाश

**मुजफ्फरपुर ।** सिकंदरपुर थाना क्षेत्र में एक टेंट हाउस संचालक का शव संदिग्ध हालत में कमरें के फंदे में लटका शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सिकंदरपुर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। मृतक की पहचान कुंडल, वार्ड-12 के राजू सहनी के रूप में हुई है। टेंट हाउस संचालक बताया जा रहा है। स्वजन में चीख-पुकार मच गई। स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

# निजी हॉस्टल में मासूम छात्र की मौत से हड़कंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** कड़ौना थाना क्षेत्र के कनौदी के समीप संचालित एक निजी विद्यालय के हॉस्टल में पांच साल के एक मासूम छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है।स्वजनों ने इसे हत्या करार देते हुए विद्यालय प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जबकि स्कूल संचालक बच्चे की मौत गिरने से होने की बात कह रहे हैं।

मृतक की पहचान कड़ौना थाना क्षेत्र के बुलाकी बिगहा निवासी धनंजय कुमार के पुत्र आशू कुमार के रूप में हुई है। आशू लगभग 10 दिन पहले ही हॉस्टल में रहने के लिए आया था।सोमवार की सुबह विद्यालय प्रबंधन की ओर से स्वजनों को फोन कर बच्चे की तबीयत खराब होने की सूचना दी गई और बताया गया कि उसका इलाज कराया जा रहा है। सूचना मिलने पर परिजन बच्चे को इलाज के लिए पटना के एक क्लीनिक लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद परिजनों ने बच्चे के शरीर पर चोट के कई निशान होने का आरोप लगाया। बच्चे के मामा राहुल कुमार के अनुसार, गर्दन और पेट पर धारदार हथियार से वार जैसे निशान पाए गए हैं, जिससे मामला हत्या का प्रतीत होता है।

घटना की जानकारी मिलते ही आक्रोशित स्वजन और स्थानीय लोगों ने विद्यालय के समीप सड़क जाम कर जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष चंद्र चौधरी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। स्कूल संचालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

# शराब से लदी स्कॉर्पियो पलटी

## स्कॉर्पियो के साथ चल रहे एक अन्य 'पासिंग' वाहन सवार ने फिल्मी स्टाइल में ले भागा जख्मी को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली/नवादा।** झारखंड से शराब की खेप लेकर बिहार की सीमा में दाखिल हुए शराब तस्करों के दुस्साहस और फिर सड़क पर मची चीख-पुकार ने सोमवार को रजौली में सनसनी फैला दी है।

दरअसल, शराब से लदी एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो रजौली चेकपोस्ट से दोपहर बाद बिना जांच के पार करने में तो सफल रही, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था।

जैसे ही वाहन रजौली बीएसएनएल टावर के ठीक सामने एनएच-20 ब्रिज पर पहुंचा, चालक ने नियंत्रण खो दिया और स्कॉर्पियो स्कॉर्पियो सड़क पर ही बुरी तरह पलट गई।

चश्मदीदों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन करीब 100 फीट तक सड़क पर घिसटता रहा और अंततः उसके चारों चक्के आसमान की ओर हो गए।

इस पूरे घटनाक्रम में चौंकाने वाला मोड़ तब आया, जब स्कॉर्पियो के साथ चल रहे एक अन्य 'पासिंग'




वाहन ने पलक झपकते ही घायल चालक और धंधेबाजों को अपनी गाड़ी में लादा और मौके से फरार हो गए।दुर्घटना की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि क्षतिग्रस्त वाहन के परखच्चे उड़ चुके थे, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही शराब माफिया अपने साथियों को सुरक्षित निकाल ले जाने में कामयाब रहे।

इस संबंध में एसडीपीओ गुलशन कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार को एसआई सचिन कुमार, एएसआई सत्यदेव प्रसाद, एएसआई अमित कुमार वर्मा एवं एएसआई केके झा के साथ पुलिस बलों को स्थल पर भेजा गया है।

पुलिस मामले की गहन जांच-पड़ताल शुरू कर दी है,जिसमें फरार वाहन और धंधेबाजों की तलाश की जा रही है। जब्त दर्जनों कार्टूनों में बंद 180 एमएल वाले जैक फोर्ड और ग्लैन मैक के सैकड़ों बोतलों में बंद कुल 648 लीटर शराब है। थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को सड़क से हटाकर किनारे लगाई। उन्होंने बताया कि पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर अनुसंधान में जुट गई है।

# बिहार में चीनी मिलों के अब बहुरेंगे दिन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चनपटिया ।** बिहार में चीनी उद्योग को मजबूत करने एवं तकनीकी कारणों से बंद चीनी मिलों को पुनर्जीवित करने के लिए बिहार सरकार के करार करने के बाद नेशनल फेडरेशन आफ को-आपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज (एनएफसीएसएफ) की तीन सदस्यीय टीम मंगलवार को चनपटिया चीनी मिल का निरीक्षण करने के लिए पहुंची।

राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना संघ लिमिटेड, नई दिल्ली के मुख्य गन्ना सलाहकार डा. आरबी डौले के नेतृत्व में टीम ने मिल परिसर, मशीनों और आसपास के इलाके का जायजा लिया।

टीम में तकनीकी सलाहकार मुरलीधर चौधरी एवं उप तकनीकी सलाहकार एस. सोमसुंदरम व सहायक गन्ना आयुक्त रेमंत झा, जिला सहकारिता पदाधिकारी संजय कुमार सिंन्हा, बीडीओ प्रणव कुमार गिरी भी शामिल थे।

डा. डौले ने बताया कि निरीक्षण का उद्देश्य यह देखना है कि पुरानी मिल को चालू किया जा सकता है या यहां नई मिल लगाने की जरूरत है। चनपटिया की बंद चीनी मिल की हालत ऐसी नहीं है कि उसे मरम्मत कर फिर से चालू किया जा सके।

यहां नई मिल लगाने की ही आवश्यकता है। बंद चीनी मिल की सभी मशीनें पुरानी तकनीकी की है और सब जंग खाकर बेकार हो गई हैं। यहां नई चीनी मिल लगाने की सिफारिश की जाएगी।

टीम गन्ना उत्पादन और उपलब्धता को लेकर रिपोर्ट तैयार करेगी। इसी रिपोर्ट के आधार पर फैसला होगा। विभाग ने अधिकारियों को जरूरी आंकड़े और तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए हैं। वर्ष 1932 में स्थापित चनपटिया चीनी मिल वित्तीय संकट और प्रबंधन की विफलता के कारण वर्ष 1990 के आसपास लड़खड़ाने लगी थी। आखिरकार 1994-95 में फैक्ट्री पूरी तरह से बंद हो गई।

CMYK

# अब गांव से हाइवे तक आसान सफर, सुलभ संपर्कता योजना से बदली तस्वीर

## कुल 1.21 लाख ग्रामीण बसावटों को पक्की सड़कों से जोड़ने का काम पूरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दशकों से संपर्क विहीन रही राज्य की 1.21 लाख ग्रामीण बसावटों को बारहमासी पक्की सड़कों से जोड़ने के बाद अब उन ग्रामीण बसावटों का सीधा जुड़ाव बड़े राजमार्गों से किया जा रहा है। इसके लिए ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा राज्य में सुलभ संपर्कता योजना की शुरुआत की गई है। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों को सीधे उच्च श्रेणी के मार्गों से जोड़ते हुए विकास की गति को नई रफ्तार देने वाला है। उल्लेखनीय है कि राज्य में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना एवं ग्रामीण टोला सम्पर्क निश्चय योजना के तहत कुल 1,29,990 संपर्क विहीन ग्रामीण बसावटों की पहचान की गई थी। इनमें अब तक कुल 1,21,151 बसावटों को 1,20,178 किलोमीटर से अधिक लंबी पक्की बारहमासी सड़कों के माध्यम से जोड़ा जा चुका है। वहीं शेष बसावटों को भी शीघ्र पक्की ग्रामीण सड़क से जोड़ने के लिए कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। इसे व्यापक ग्रामीण सड़क संपर्कता अभियान ने ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की बुनियादी समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया है। इस दिशा में कार्य तेज गति से प्रगति पर है। इस योजना के तहत अब तक कुल 74 नई योजनाओं का चयन किया गया है, जिनमें से 65 योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। साथ ही 16 महत्वपूर्ण योजनाओं पर निर्माण कार्य भी प्रारंभ कर दिए गए हैं।बसावटों के पक्की सड़कों से जुड़ने के बाद अब सुलभ संपर्कता योजना के माध्यम से इस बुनियादी संपर्कता को और अधिक सुलभ बनाया जा रहा है। राज्य के कई ऐसे गांव और टोले हैं जहां मुख्य सड़कों तक पहुंचने के लिए लोगों को संकरे, घुमावदार और कच्चे रास्तों से होकर गुजरना पड़ता था। विशेषकर बारिश के दिनों में यह सफर एक बड़ी चुनौती बन जाता था। इस नई योजना के माध्यम से राज्य के उन दुर्गम और दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों को अब सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच), राज्य राजमार्ग (एसएच) तथा वृहद जिला पथों से जोड़ा जा रहा है। इसके तहत क्षेत्रीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नए सुलभ मार्गों और वैकल्पिक रास्तों (थ्रू रूट या बाईपास) का नवनिर्माण तथा जर्जर हो चुकी सड़कों का पुनर्निर्माण किया जा रहा है, ताकि संकरे रास्तों के जाम से ग्रामीणों को मुक्ति मिल सके।

**सूबे की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिल रही नई धार**

इसका सबसे सकारात्मक प्रभाव राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आम जनजीवन पर पड़ेगा। अब ग्रामीणों को अपनी पंचायत, प्रखंड, अनुमंडल या सीधे जिला मुख्यालय जाने में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही संकरे रास्तों के मजबूत विकल्प तैयार होने से व्यावसायिक वाहनों का आवागमन सुगम हो जाएगा और आपातकालीन स्थितियों में एंबुलेंस बिना जाम में फंसे सीधे हाईवे का रास्ता ले सकेगी।

# डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा की बिहार विधान सभा परिसर में प्रतिमा स्थापना का मार्ग प्रशस्त : ऋतुराज सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा की पहल पर बिहार निर्माता, प्रखर विधिवेत्ता और संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा की बिहार विधान सभा परिसर में भव्य प्रतिमा स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। बिहार विधान सभा सचिवालय द्वारा इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय, बिहार सरकार को पत्र प्रेषित कर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। उल्लेखनीय है कि बिहार के महान सपूत और 'बिहार निर्माता' के रूप में विख्यात डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा के योगदान के अनुरूप अब तक उन्हें वह सम्मान नहीं मिल पाया था जिसके वे वास्तव में हकदार थे। लंबे समय से बिहार के बुद्धिजीवियों, इतिहासकारों और आम नागरिकों द्वारा यह मांग उठती रही है कि उनके ऐतिहासिक योगदान को उचित सम्मान दिया जाए। इस संदर्भ में ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा ने बिहार के गठन, भारतीय लोकतंत्र और संविधान निर्माण की प्रक्रिया में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष के रूप में उन्होंने देश की लोकतांत्रिक नींव को मजबूत करने में ऐतिहासिक योगदान दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे महान व्यक्तित्व की स्मृति को सम्मान देना और नई पीढ़ी को उनके योगदान से अवगत कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। बिहार विधान सभा परिसर में उनकी प्रतिमा की स्थापना न केवल उनके महान कार्यों का सम्मान होगी, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों को लोकतंत्र, संविधान और राष्ट्रसेवा के आदर्शों से प्रेरणा भी देगी। श्री सिन्हा ने इस विषय पर सकारात्मक पहल के लिए बिहार विधान सभा सचिवालय और राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई कि डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा की प्रतिमा स्थापना का यह ऐतिहासिक कार्य शीघ्र ही पूर्ण होगा और बिहार के आधुनिक बिहार के निर्माता और जनक को उचित सम्मान मिलेगा।

# मल्लिकार्जुन खरगे का विवादित बयान, देश की एकता पर सीधा हमला: दानिश इकबाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पटना। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के भाजपा और आरएसएस को लेकर दिए गए एक विवादास्पद बयान को लेकर बिहार भाजपा ने जोरदार पलटवार करते हुए चुनाव आयोग से कार्रवाई करने तक की मांग की है। बिहार भाजपा के मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण, गैर-जिम्मेदाराना और देश की सामाजिक एकता को नुकसान पहुंचाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्रीय पार्टी के शीर्ष नेता से इस तरह की भाषा की अपेक्षा नहीं की जाती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के अध्यक्ष का बयान यह साबित करने के लिए काफी है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस तुष्टिकरण और समाज को बांटने की राजनीति से बाहर निकलना ही नहीं चाहती। इस प्रकार के बयान न केवल राजनीतिक मर्यादा को गिराते हैं, बल्कि समाज में अविश्वास और तनाव भी पैदा करने का काम करते हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी को लेकर इस तरह के भड़काऊ और आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल पूरी तरह निंदनीय है। देश की जनता अब ऐसे विभाजनकारी एजेंडे को समझ चुकी है और इसका लोकतांत्रिक तरीके से मुंहतोड़ जवाब देगी।

# पवन खेड़ा पर असम के मुख्यमंत्री की कार्रवाई राजनीतिक प्रतिशोध की भावना : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा पर असम पुलिस की कार्रवाई तथा असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के विरोध में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में जोरदार विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं असम सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते



हुए इस कार्रवाई को लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला बताया। प्रदर्शन के दौरान असम सरकार का पुतला भी दहन किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा पर असम पुलिस की कार्रवाई पूरी तरह से राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारें विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह घटना लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और विपक्ष की आवाज को कुचलने का प्रयास है। कांग्रेस पार्टी इस तरह की बदले की राजनीति का कड़ा विरोध करती है और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। राजेश राम ने कहा कि भाजपा सरकारें आलोचना से घबराकर विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी इस तरह के दबाव में आने वाली नहीं है और लोकतंत्र की रक्षा के लिए लगातार आवाज उठाती रहेगी।

# गोपालगंज विधान सभा क्षेत्र से पूर्व सदस्य राधिका देवी का निधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गोपालगंज विधान सभा क्षेत्र से पूर्व सदस्य राधिका देवी का कल देर रात उनके पटना स्थित निवास पर निधन हो गया।

उनका पार्थिव शरीर 01:45 बजे अपराह्न में बिहार विधान सभा परिसर लाया गया जहां उनके पार्थिव शरीर पर अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की ओर से बिहार विधान सभा की प्रभारी सचिव पूनम सिन्हा ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात बिहार विधान सभा के वरीय पदाधिकारीगण ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सभा सचिवालय के पदाधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं पूर्व सदस्य के पारिवारिक सदस्य उपस्थित रहे। अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उनके निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि राधिका देवी कुशल राजनेता एवं समाजसेवी थीं। वो वर्ष 1977 में गोपालगंज विधान सभा क्षेत्र से बिहार विधान सभा के सदस्य के रूप में निर्वाचित हुईं थीं। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। ईश्वर से प्रार्थना है कि भगवान उनकी आत्मा को शांति दें एवं शोक संतप्त परिजनों तथा शुभचिंतकों को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करे।

# किसान संसद में 32 संगठनों के जुटेंगे सैकड़ों प्रतिनिधि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 9 अप्रैल को पटना में होने वाले किसान संसद को लेकर तैयारियां जोरों पर है। इसको लेकर आईएमएहॉल में गठित अभियान समिति के सदस्य दिनेश कुमार, अशोक प्रसाद सिंह, अशोक प्रियदर्शी, अमेरिका महतो, अमरेश नंदन, शशि कुमार एवं प्रदीप प्रियदर्शी ने स्वामी सहजानंद आश्रम में तैयारी की समीक्षा की। पूरे बिहार में किसान संसद में भाग लेने के लिए किसानों के बीच काफी उत्साह है। बिहार के 32 किसान संगठनों ने किसान संसद में भाग लेने की अपनी स्वीकृति अभियान समिति को अभी तक भेजा है। किसान संसद में भारतीय किसान यूनियन 'टिकैत' के राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सिंह, किसान नेता सांसद सुधाकर सिंह सहित एक दर्जन किसान नेता और कृषि विशेषज्ञ किसान संसद को संबोधित करेंगे। मोदी सरकार के किसान विरोधी नीतियों से अन्नदाताओं में काफी आक्रोश है। कृषि व्यापार में अमेरिका से कर मुक्त व्यापार समझौता से पूरे देश का कृषि अर्थ व्यवस्था एवं गांव की कृषि आधारित हमारी संस्कृति सब चौपट हो जायगा। किसानों से जबरन खेती छीन कर अपने यार पूंजीपतियों को खेती सौपनें से गांव एवं कृषि प्रधान हमारे मुल्क का पूरा ग्रामीण अर्थ व्यवस्था, सामाजिक जीवन एवं हमारी तहजीब सब ध्वस्त हो जायगा। इसलिए खेत, खेती, किसान के साथ-साथ गांव और देश को बचाने के लिए सरकार की इस सुनियोजित तिकड़म का भंडाफोड़ करने हेतु किसानों के बीच सघन अभियान चलाने एवं एक बड़े जंग का हुंकार 9 अप्रैल 2026 को आईएमए हॉल पटना से होगा। इस अभियान की शुरुआत पटना किसान संसद से होगा। किसान संसद के संदेश को हम जन-जन तक बिहार के 38 जिलों में ले जाएंगे। योजनाबद्ध एक कार्यक्रम का मसौदा भी संसद में पेश होगा और उस पर परिचर्चा होगी। पहले चरण में बिहार के सभी जिलों में किसान संसद आयोजित किया जाएगा। दूसरे चरण में गांव-गांव में किसान चौपाल आयोजित किया जाएगा। किसान चौपाल में मोदी सरकार की किसान विरोधी हर षड्यंत्र का भंडाफोड़ किया जाएगा।

# डॉ. आनंद रंजन झा को इंडियन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जंदाहा, वैशाली।** शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए जंदाहा (वैशाली) के प्रख्यात शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ. आनंद रंजन झा को प्रतिष्ठित संस्था इंडियन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, युवाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण प्रदान करने तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए दिया गया है। डॉ. झा, कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के निदेशक के रूप में वर्षों से विद्यार्थियों को डिजिटल एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के बुद्धिजीवियों, शिक्षकों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल डॉ. झा की व्यक्तिगत




उपलब्धि है, बल्कि पूरे वैशाली जिले के लिए गर्व की बात है। डॉ. आनंद रंजन झा ने इस अवसर पर कहा कि यह सम्मान उन्हें और अधिक मेहनत करने तथा समाज के युवाओं को बेहतर शिक्षा एवं कौशल प्रदान करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने अपने सहयोगियों, विद्यार्थियों एवं शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए एक प्रेरणा है कि निरंतर प्रयास और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

# बीसी-इबीसी छात्राओं के लिए बड़ी राहत, 10 अप्रैल तक फिर खुला पोर्टल

## 760 सीटों पर फिर मौका, छात्राएं 10 स्कूल चुनकर कर सकेंगी आवेदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित 39 अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में नामांकन के लिए दूसरा मौका दिया गया है। जिन छात्राओं ने प्रवेश परीक्षा पास की है, लेकिन प्रथम मेधा सूची में जगह नहीं बना पाईं, उनके लिए विभाग ने पोर्टल दोबारा खोल दिया है।

**छात्राओं को 10 स्कूल चुनने की छूट**

अब वे 10 वैकल्पिक विद्यालय चुन सकेंगी। इसके लिए 3 अप्रैल से 10 अप्रैल तक आवेदन लिए जाएंगे। कक्षा 6 से कक्षा 9 के लिए कुल 760 सीटों के आलोक में आवेदन लिए जाएंगे। इनमें सबसे अधिक कक्षा 6 के लिए 464 सीटें उपलब्ध है। इसके अलवा कक्षा 7 के लिए 164, कक्षा 8 के लिए 52 और कक्षा 9 के लिए 80 सीटों पर आवेदन लिए जाएंगे। ये सीटें राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित 39 कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों में उपलब्ध हैं। इन स्कूलों में छात्राओं को निःशुल्क आवास, भोजन, शिक्षा, खेलकूद और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि विद्यालय चयन करते समय अभ्यर्थी के लॉगिन पर विद्यालय का नाम एवं उसके कक्षा व कोटि में उपलब्ध सीटों की संख्या प्रदर्शित है। अभ्यर्थी उक्त रिक्तियों को ध्यान में रखते हुए ही अपने विद्यालय का चयन करें। द्वितीय मेधा सूची 12 अप्रैल को जारी की जाएगी, वहीं नामांकन की प्रक्रिया 13 अप्रैल से 20 अप्रैल तक चलेगी।

# इनर व्हील क्लब अशियाना, पटना ने किया भव्य सेवा कार्यक्रम का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इनर व्हील क्लब अशियाना, पटना ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि सेवा केवल शब्द नहीं, बल्कि एक जीवन दर्शन है। क्लब की अध्यक्ष सुजाता शर्मा के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस विशेष सेवा कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन रश्मी गुप्ता का भव्य स्वागत किया गया। डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन ने क्लब की सराहना करते हुए कहा कि अशियाना क्लब वास्तव में इनर व्हील के आदर्शों, मित्रता, सेवा और अंतर्राष्ट्रीय समझ को जमीन पर उतार रहा है। इनर व्हील विश्व का सबसे बड़ा महिला स्वयंसेवी सेवा संगठन है। इस संगठन के तीन मूल उद्देश्य हैं- सच्ची मित्रता को बढ़ावा देना, व्यक्तिगत सेवा के आदर्शों को प्रोत्साहित करना और अंतर्राष्ट्रीय समझ के माध्यम से एक वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करना। अध्यक्ष सुजाता शर्मा के मार्गदर्शन में इस वर्ष क्लब ने सेवा के नए आयाम स्थापित किए हैं।

# पूर्व मंत्री संजीव प्रसाद टोनी के दामाद वरुण सिंह ने लगाई सुरक्षा की गुहार

## बहन खुशबू सिंह हत्याकांड में एसआइटी जांच, आरोपियों की गिरफ्तारी और स्थायी अंगरक्षक की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री संजीव प्रसाद टोनी के दामाद व उद्यमी वरुण कुमार सिंह ने अपनी बहन खुश्बू सिंह की संदिग्ध मौत को लेकर मंगलवार को पटना में प्रेस कांफ्रेंस कर न्याय और सुरक्षा की मांग उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि मुजफ्फरपुर में शादी के महज छह महीने बाद उनकी बहन की साजिशन हत्या कर दी गई और अब इस मामले में आवाज उठाने पर उनके तथा उनके परिवार के सदस्यों की जान को भी गंभीर खतरा है। वरुण ने सरकार से विशेष जांच दल के गठन, सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और परिवार को स्थायी सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की। वरुण कुमार सिंह ने बताया कि उनकी छोटी बहन खुश्बू सिंह की शादी 1 जून 2025 को पूरे रीति-रिवाज और धूमधाम के साथ मुजफ्फरपुर के ब्रह्मपुरा इलाके के श्याम कुटीर, ज्ञानलोक मार्ग निवासी एनआरआई ई. सुधांशु सिंह से हुई थी। उनका आरोप है कि शादी के दौरान ही लड़के पक्ष की ओर से फार्च्यूनर गाड़ी, लगभग एक करोड़ रुपये के गहने और 51 लाख रुपये नकद की मांग की गई। उन्होंने कहा कि गाड़ी को छोड़कर परिवार ने बाकी अधिकांश मांगें पूरी कीं, लेकिन शादी के बाद से ही बहन को गाड़ी और बाद में दिल्ली में फ्लैट की मांग को लेकर लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। वरुण के अनुसार, 26 दिसंबर 2025 को उनके बहनोई के पिता संजीव सिंह ने फोन कर सूचना दी कि खुश्बू की मौत जलने और दम घुटने से हो गई है। सूचना मिलने पर परिवार जब मुजफ्फरपुर पहुंचा, तब तक पुलिस और फॉरेंसिक टीम कथित रूप से अपनी जांच पूरी कर चुकी थी। वरुण ने आरोप लगाया कि उन्हें अपनी बहन का शव ठीक से देखने तक नहीं दिया गया और शव पर मंगलसूत्र सहित कोई गहना नहीं था। उन्होंने यह भी कहा कि कमरे में ऐसी कोई स्पष्ट स्थिति नहीं दिखी जिससे यह लगे कि मौत जलने या दम घुटने से हुई है। उनका आरोप है कि उस समय स्थानीय पुलिस का रवैया आरोपी पक्ष के प्रति 'असामान्य रूप से नरम' था और परिवार की शिकायत दर्ज करने में भी टालमटोल की गई। उन्होंने कहा कि सामाजिक दबाव बढ़ने के बाद पुलिस ने खुश्बू के पति सुधांशु सिंह को गिरफ्तार तो कर लिया, लेकिन सास ममता सिंह, ससुर संजीव सिंह और अन्य आरोपियों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वरुण का आरोप है कि बाकी आरोपियों को फरार होने का अवसर दिया गया और अब केस को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि उन्हें कई बार जान से मारने की कोशिश की गई और लगातार धमकियां मिल रही हैं, यहां तक की उपलब्ध सरकारी सुरक्षा कर्मी के सामने ही मुझपर जानलेवा हमला किया गया ताकि वे इस मामले को आगे न बढ़ा सकें। प्रेस कांफ्रेंस में वरुण कुमार सिंह ने साफ कहा कि यदि इस मामले में निष्पक्ष, समयबद्ध और उच्चस्तरीय जांच नहीं हुई तो न्याय मिलना कठिन हो जाएगा।

# इस्टर पर एकता और सद्भाव का संदेश देगा भव्य समारोह



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के ईसाई समुदाय द्वारा 10 और 11 अप्रैल 2026 को गांधी मैदान में आयोजित होने वाले भव्य ईस्टर मिलन समारोह को लेकर बैपटिस्ट चर्च में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान आयोजकों ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। प्रेस वार्ता में मुख्य वक्ता पादरी मोसेज सहित कई धर्मगुरु एवं चर्च प्रतिनिधि मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि यह आयोजन समाज में प्रेम, शांति और भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। समारोह में बिहार के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में ईसाई समाज के लोग, विशिष्ट अतिथि और अन्य समुदायों के गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। आयोजकों के अनुसार 10 और 11 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा। समारोह के मुख्य प्रवक्ता एपोस्टोल प्रेजिम पीटर होंगे जबकि मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के राज्यपाल के शामिल होने की संभावना है।

# जैन धर्मावलंबियों के 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य का शांति धारा एवं पूजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जैन धर्मावलंबियों ने पटना के श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर कदमकुआं में जैन धर्म के 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य का किया शांति धारा एवं पूजन। जैन धर्म के 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य की शांतिधारा एवं पूजन के लिए प्रातः से ही श्रद्धालुगण मंदिर पहुंचने लगे। इसके बाद भगवान वासुपूज्य का अभिषेक निर्मलजी बड़जात्या, अशोक छाबड़ा नयाटोला, एडवोकेट अजीत जैन, प्रभातजी, विनय जी, सुनीलजी, मनोज, संजय छाबड़ा, संदीपजी, नवीन जैन सहित अन्य द्वारा किया गया। अभिषेक के बाद शांतिधारा एम पी जैन द्वारा की



गई। फिर भगवान का अर्घ्य चढ़ाया गया। फिर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। इसके बाद अशोक जैन छाबड़ा द्वारा स्वाध्याय सभी श्रद्धालुओं को सुनाया गया। अखिल भारतीय दिगम्बर जैन महासमिति के बिहार-झारखंड के महामंत्री एम पी जैन ने बताया कि भगवान वासुपूज्य जैन धर्म के बारहवें तीर्थंकर हैं। जैन मान्यताओं के अनुसार उन्होंने सभी कर्मों का नाश करके सिद्ध पद प्राप्त किया, अर्थात वे एक मुक्त आत्मा बन गए। उनका जन्म चंपापुरी के राजा वसुपूज्य और रानी जया देवी के यहां फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को हुआ था। इनका प्रतीक चिन्ह बैल है।

# अविस्मरणीय यादें छोड़ गया महादेवी वर्मा सम्मान समारोह : अकेला

## बिहार की धरती पर जीकेसी का यह अनमोल कार्यक्रम रहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के गर्दनीबाग स्थित बापू टॉवर में ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस द्वारा आयोजित महादेवी वर्मा सम्मान समारोह देश विदेश से आये कलाकारों, साहित्यकारों, कवियों, लेखकों, कलाकारों, उद्यमियों एवं समाज सेवकों के दिल पर अविस्मरणीय एवं अमिट यादें छोड़ गया एवं छोड़ गया लोगों के दिल में एक सवाल कि कैसे अपने पुरखों, देश के स्वतंत्रता सेनानियों, साहित्यकारों, लेखकों, कवियों, कलाकारों एवं समाज सेवकों की स्मृतियों को जिंदा रखा जाये जिससे आने वालीं पीढियां उनसे प्रेरित होकर देश एवं समाज के लिए कुछ कर सके। उपरोक्त बातें जाने-माने कथाकार एवं कवि अरविन्द अकेला ने मीडिया से बात करते हुये कहा कि आयोजकों को सुभाषचंद्र बोस, डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद, स्वामी विवेकानंद, लाल बहादुर शास्त्री, खुदी राम बोस, मुंशी प्रेमचंद, फिराक गोरखपुरी, जयशंकर प्रसाद, हरिवंश राय बच्चन सहित कई लोकप्रिय हस्तियों के नाम पर सम्मान समारोह आयोजित कर एवं देश की प्रतिभाओं को सम्मानित कर एक अलग मिसाल कायम करनी चाहिए। उपरोक्त कार्यक्रम आयोजित करने के लिए जीकेसी की जितनी तारीफ की जाए वह बहुत कम होगी।

# स्व. मोहम्मद हिदायतुल्ला खान का जीवन लोकतांत्रिक मूल्यों और जनसेवा की मिसाल : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व मोहम्मद हिदायतुल्ला खान की 18 वीं पुण्यतिथि आज सदाकत आश्रम स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने की। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने स्व. मोहम्मद हिदायतुल्ला खान के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि स्व.



मोहम्मद हिदायतुल्ला खान का पूरा जीवन लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक परंपराओं और जनसेवा के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने सदन की गरिमा, निष्पक्षता और संसदीय परंपराओं को मजबूती प्रदान की, जो आज भी जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। राजेश राम ने कहा कि स्व. खान साहब न केवल एक कुशल राजनेता थे, बल्कि वे सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और समावेशी राजनीति के सशक्त प्रतीक थे। उन्होंने हमेशा समाज के कमजोर, वंचित और जरूरतमंद वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाया और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष किया।

नवबिहार टाइम्स
बोकारो, बुधवार 08 अप्रैल 2026

# संपादकीय

## अस्पतालों में बढ़ती लापरवाही से मरीजों की जान से खिलवाड़

अस्पतालों में नियम-कायदों को ताक पर रखकर मरीजों की जान जोखिम में डालने के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। ऐसा ही मामला उत्तर प्रदेश में अयोध्या जिले के फैजाबाद स्थित एक निजी अस्पताल में अप्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा प्रसव कराए जाने के बाद महिला और उसके नवजात शिशु की मौत की घटना ने स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जाता है कि डिलीवरी वक्त संबंधित डाक्टर अस्पताल में मौजूद नहीं थीं और फोन पर ही कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दे रही थीं। सवाल है कि कोई भी चिकित्सक किसी मरीज या गर्भवती महिला की जान के साथ ऐसा खिलवाड़ कैसे कर सकता है? क्या किसी चिकित्सक को प्रसव के दौरान होने वाली जटिलता और जोखिम का अंदाजा नहीं होता?यह अत्यंत गंभीर लापरवाही है कि अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक की वैकल्पिक व्यवस्था के बिना ही फोन पर दिशा-निर्देश लेकर एक महिला का प्रसव कराया गया। विचित्र यह भी है कि जब संबंधित अस्पताल में कोई विशेषज्ञ डाक्टर मौजूद नहीं था, तो गर्भवती महिला को नियमानुसार किसी दूसरे अस्पताल में क्यों नहीं भेजा गया?गौरतलब है कि अस्पतालों में इस तरह नियम-कायदों को ताक पर रखकर मरीजों की जान जोखिम में डालने के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। कई बार तो मरीज की जान तक चली जाती है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति ही की जाती है।इस मामले में भी शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने संबंधित निजी अस्पताल को सील कर दिया है और मृतका के परिजनों को जांच का आश्वासन दिया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जांच में लापरवाही साबित होने पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।सरकारी स्तर पर दावा किया जाता है कि देश में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं में काफी प्रगति हुई है, लेकिन क्या फोन पर अप्रशिक्षित कर्मियों को दिशा-निर्देश देकर किसी महिला का प्रसव कराने के जोखिम को तरक्की कहा जा सकता है!

असली प्रगति तो तभी होगी, जब आधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ चिकित्सकों और उनके सहकर्मियों को अपने कर्तव्य के प्रति जिम्मेदार, संवेदनशील और जवाबदेह बनाया जाएगा। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि फैजाबाद के मामले में निष्पक्ष एवं गहन जांच की जाएगी और लापरवाही बरतने के दोषियों को कानून के कठघरे में लाया जाएगा।उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले के एक निजी अस्पताल में अप्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा प्रसव कराए जाने के बाद कथित चिकित्सीय लापरवाही के कारण एक महिला और उसके नवजात शिशु की मौत हो गई। अधिकारियों एवं परिवार के सदस्यों ने यह जानकारी दी। महिला के परिवार के सदस्यों ने गुरुवार को कहा कि प्रसव के दौरान डॉक्टर अस्पताल में नहीं थी और उसने फोन पर ही सारे दिशानिर्देश कर्मचारियों को दिए।

---

**राजनीतिक विश्लेषक बताते हैं कि षड्यंत्रकारी यूजीसी बिल से सवर्णों का विश्वास भाजपा से डिगा है और ममता बनर्जी को ब्राह्मण होने का पहली बार लाभ पश्चिम बंगाल में मिलने वाला है। वहीं, उनके जुझारू तेवर के मद्देनजर पूरे देश के सवर्ण उनपर फिदा होने को तैयार बैठे हैं। यही वजह है कि बंगाल में 250 सीटों को पार करने का उनके समर्थकों का दावा बेबुनियाद नहीं है। कांग्रेस के पूरे जनाधार को आज बंगाल में वही सहेजे हुए हैं। शायद इसलिए ही कीर्ति आजाद का मानना है कि टीएमसी की सीटें लगातार बढ़ रही हैं–2011, 2016, 2021 में वृद्धि हुई और लोकसभा 2024 में भी 6 अतिरिक्त सीटें मिलीं।**

## क्या पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में टीएमसी की जमीनी रणनीति से ममता बनर्जी पुनः मारेंगी बाजी?

**(कमलेश पांडे)**



राजनीतिक विश्लेषक बताते हैं कि षड्यंत्रकारी यूजीसी बिल से सवर्णों का विश्वास भाजपा से डिगा है और ममता बनर्जी को ब्राह्मण होने का पहली बार लाभ पश्चिम बंगाल में मिलने वाला है। वहीं, उनके जुझारू तेवर के मद्देनजर पूरे देश के सवर्ण उनपर फिदा होने को तैयार बैठे हैं।

भागलपुर मूल के दिल्लीवासी नेता और तृणमूल कांग्रेस के तेजतर्रार सांसद कीर्ति झा आजाद ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के संदर्भ में एक बड़ा संकेत दिया और शांडिल्य गोत्रीय ब्राह्मण मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तारीफ करते हुए भविष्यवाणी की कि राज्य विधानसभा चुनाव में टीएमसी 250 सीटें जीतेगी और 2029 में ममता बनर्जी भारत की प्रधानमंत्री बनेंगी। यदि ऐसी राजनीतिक परिस्थिति बनती है तो पूर्वी भारत की सियासत के लिए यह शुभ घड़ी होगी।

ऐसा इसलिए कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री ज्योति बसु पारस्परिक दांवपेंचों की वजह से देश का प्रधानमंत्री नहीं बन पाए थे। जहां सूझबूझ वाले दूरदर्शी नेता ज्योति बसु ने कांटे के ताज पीएम पद की पेशकश को विनम्रतापूर्वक ठुकरा दिया था, वहीं लालू प्रसाद के सपनों का शिकार उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री द्वय देवगौड़ा और गुजराल जैसे जनाधार विहीन नेताओं को आगे करके करवा दिया।

यूँ तो बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उड़ीसा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक भी सियासी बिल्ली के भाग्य से पीएम पद रूपीं छींके टूटने का इंतजार करते रह गए, लेकिन नीयत और नीति में खोंट की वजह से गच्चा खाते रहे, जबकि उम्मीद अभी भी बाकी है! अब तो कई राजनेता मुंगेरी लाल के हसीन सपने देखते रहने के आदी बन चुके हैं, जबकि किस्मत ने साथ दिया तो राजद नेता और पूर्व मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और लोजपा रामविलास नेता व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री चिराग पासवान भी आगे इस रेस के घोड़े बन सकते हैं। सबके दिल्ली के साथ साथ कोलकाता, रांची, भुवनेश्वर से समझदारी भरे रिश्ते हैं।

राजनीतिक विश्लेषक बताते हैं कि षड्यंत्रकारी यूजीसी बिल से सवर्णों का विश्वास भाजपा से डिगा है और ममता बनर्जी को ब्राह्मण होने का पहली बार लाभ पश्चिम बंगाल में मिलने वाला है। वहीं, उनके जुझारू तेवर के मद्देनजर पूरे देश के सवर्ण उनपर फिदा होने को तैयार बैठे हैं। यही वजह है कि बंगाल में 250 सीटों को पार करने का उनके समर्थकों का दावा बेबुनियाद नहीं है। कांग्रेस के पूरे जनाधार को आज बंगाल में वही सहेजे हुए हैं। शायद इसलिए ही कीर्ति आजाद का मानना है कि टीएमसी की सीटें लगातार बढ़ रही हैं–2011, 2016, 2021 में वृद्धि हुई और लोकसभा 2024 में भी 6 अतिरिक्त सीटें मिलीं। कोई एंटी-इनकंबेंसी नहीं है, बंगाल में विकास, अस्मिता और अलग संस्कृति की लड़ाई है।

उनके शब्दों में ममता को प्रधानमंत्री बनाने का कारण स्पष्ट है। आज उनके कद का कोई क्षेत्रीय नेता नहीं है। उन्होंने ममता को सबसे ताकतवर नेता बताया जो लगातार बीजेपी की खतरनाक राजनीतिक चालों से टक्कर ले रही हैं, और आने वाले समय में और मजबूत होंगी। राजनीतिक विश्लेषक भी मानते हैं कि ममता से बेहतर कोई चेहरा नहीं, खासकर इंडिया गठबंधन में उनकी भूमिका मजबूत होगी। चूंकि ये बयान 2026 बंगाल चुनाव प्रचार के दौरान आए, जहां उन्होंने बीजेपी, मोदी-शाह पर हमले किए और टीएमसी की योजनाओं (जैसे कन्याश्री, मनरेगा फंडिंग) की सराहना की।

आपको पता होना चाहिए कि ममता बनर्जी का बंगाल मॉडल महिलाओं, युवाओं, स्वास्थ्य, शिक्षा और गरीबों के कल्याण पर केंद्रित है, जो टीएमसी सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं से जाना जाता है। ये योजनाएं जीवन के विभिन्न चरणों को कवर करती हैं। जहां तक महिलाओं की योजनाएं की बात है तो लक्ष्मी भंडार योजना के तहत सामान्य महिलाओं को 1500 रुपये मासिक और एससी/एसटी महिलाओं को 1700 रुपये मिलते हैं। जबकि रूपश्री में विवाह के लिए 25,000 रुपये सहायता दी जाती है, जिससे 22 लाख से अधिक महिलाओं को लाभ हुआ। कन्याश्री लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देती है।

वहीं, यदि युवाओं और बेरोजगारों के लिए बात की जाए तो बांग्ला युवा साथी (युवा साथी) योजना में 21-40 वर्ष के बेरोजगार युवाओं को 1500 रुपये मासिक भत्ता मिलता है। जबकि श्रमश्री प्रवासी मजदूरों को नई नौकरी तक 5000 रुपये सहायता देती है। वहीं, स्वास्थ्य और अन्य कल्याण कारी योजनाओं में स्वास्थ्य साथी स्वास्थ्य बीमा योजना चिकित्सा सुविधा प्रदान करती है। दुआरे चिकित्सा द्वार-द्वार स्वास्थ्य शिविर चलाती है। समावयती अंतिम संस्कार सहायता देती है, हर घर में पाइप पानी और पक्का घर सुनिश्चित करने वाली योजनाएं भी शामिल हैं।

चूंकि ममता बनर्जी को पश्चिम बंगाल में जमीन से जुड़ी नेता माना जाता है क्योंकि उन्होंने सिंगूर और नंदीग्राम जैसे भूमि अधिग्रहण आंदोलनों के जरिए किसानों और आम जनता के हितों की रक्षा की, जो उनकी छवि को मजबूत बनाता है। हालांकि, सवर्णों (जैसे ब्राह्मण) का उन्हें पूरा सपोर्ट मिलना एक अतिशयोक्ति है, क्योंकि उनकी राजनीति मुख्य रूप से मुस्लिम (लगभग 30 प्रतिशत) और दलित/ओबीसी वोटबैंक पर निर्भर है।

लेकिन यूजीसी बिल विवाद से सवर्णों में उनकी पैठ लगातार बढ़ रही है।पूरे देश के सवर्ण कार्यकर्ता गोपनीय तौर पर बंगाल पहुंच रहे हैं और ममता की मदद करके सवर्ण विरोधियों को सही सबक सिखाना चाहते हैं, ताकि राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा की ओबीसी राजनीति हतोत्साहित हो सके। सबकुछ भीतर ही भीतर किया जा रहा है, ताकि ममता बनर्जी का पुराना वोट बैंक प्रभावित न हो।

ममता बनर्जी जमीन से जुड़ाव रखने वाली नेता हैं। ममता बनर्जी ने 2006-07 के सिंगूर (टाटा नैनो प्रोजेक्ट) और नंदीग्राम आंदोलनों में किसानों की जमीन बचाने के लिए आंदोलन किया, जिससे वामपंथी सरकार गिरी। यह उनके आम आदमी की नेता वाली इमेज का आधार बना, जहां वे गरीबों, किसानों और दबे-कुचले वर्गों की आवाज बनीं।

टीएमसी की कल्याणकारी योजनाएं जैसे लक्ष्मीर भांडार ने ग्रामीण और एससी/एसटी वोटरों को बांधा। वहीं, सवर्ण समर्थन की हकीकत यह है कि सवर्ण (ब्राह्मण, बंगाली बाबू) टीएमसी को सीमित समर्थन देते हैं, लेकिन पूरा नहीं–क्योंकि ममता पर मुस्लिम तुष्टिकरण के आरोप लगते हैं (जैसे वक्फ कानून, एसआईआर विरोध)। फिर भी उन्होंने ब्राह्मण सम्मेलन आयोजित किए, पुजारियों को पेंशन/आवास दिए और खुद को ब्राह्मण की बेटी कहा ताकि सॉफ्ट हिंदुत्व दिखाएं और बीजेपी का हिंदू वोट काटें।

जानकार बताते हैं कि यूजीसी बिल विवाद के बाद उन्होंने सवर्णों को रिझाने के लिए अपने खास लोगों को लगा दिया है। फिर भी, अपर मिडिल क्लास/सवर्णों में कुछ कुछ असंतोष है जो शासन की खराबी पर है, और इसलिए भी 2026 चुनावों में जातिगत ध्रुवीकरण बढ़ सकता है। सवाल मुखर है कि क्या पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में टीएमसी की जमीनी रणनीति से ममता बनर्जी पुनः मारेंगी बाजी? (लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक हैं)। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

---

## बंगाल विधानसभा चुनावों से पूर्व फिर खेल हुआ प्रारंभ, कब तक बचाव कर पाएंगी ममता दीदी?

**(मृत्युंजय दीक्षित)**

टीवी चैनलों पर संविधान की किताब हाथ में लेकर घूमने वाले आ गए और कहा जाने लगा कि चुनाव से दो-तीन महीने पहले ही यह छापेमारी क्यों शुरू हो जाती है? जबकि वास्तविकता यह है कि यह जांच काफी समय से चल रही है इस घोटाले की जांच रुकवाने के लिए तृणमूल नेता अभिषेक बनर्जी ने एक याचिका दायर की थी जो खारिज हो चुकी है।

वर्ष 2026 के पश्चिम बंगाल विधनासभा चुनाव घोषित हो चुके हैं। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे वैसे राज्य की राजनीति का पारा चढ़ रहा है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लगातार चौथी बार मुख्यमंत्री बनने के लिए अपने प्रचार को आक्रामक बना चुकी हैं। उनके लिए इस बार राह उतनी आसान नहीं है। भारतीय जनता पार्टी भी इस बार हर हाल में बंगाल में अपनी सरकार बनाने को संकल्पबद्ध है। बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सभा में कहा था कि गंगा नदी बिहार से ही बंगाल में जाती है और उसी दिन से बंगाल में राजनीतिक तपिश का अनुभव होने लगा था।

बंगाल में ममता दीदी के चौथी बार मुख्यमंत्री बनने की राह बहुत आसान नहीं है क्योकि कांग्रेस और वामपंथी दल भी पूरी ताकत से ममता दीदी को हराने के लिए काम कर रहे हैं। उनकी अपनी ही पार्टी के निष्कासित विधायक हुमायूं कबीर ने मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद के नाम पर मस्जिद की नींव रखने और फिर नयी पार्टी बनाकर विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर राजनैतिक ध्रुवीकरण की समस्या पैदा कर दी है। मुर्शिदाबाद में हुमायूं कबीर के कदमों का ममता दीदी की सरकार ने कोई प्रतिवाद नहीं किया कि कहीं उनके मुस्लिम मतदाता नाराज न हो जाएं। चुनाव आयोग की तरफ से मतदाता सूची के शुद्धीकरण के गहन अभियान को ममता बनर्जी ने जिस तरह बाधित करने का प्रयास किया उससे उनकी अपनी ही छवि ख़राब हुई है। मतदाता शुद्धीकरण अभियान के दौरान ममता बनर्जी व उनकी पार्टी ने पूरा दम लगा दिया कि किसी प्रकार इस कार्य को बाधित किया जाए या रोक दिया जाए। ममता की ओर से एसआईआर को लेकर भ्रम पैदा करने के पूरे प्रयास किए गए जिसमें उनकी ओर से पहले कहा गया कि वह एसआईआर फार्म नहीं भरेंगी और फिर उन्होंने भर भी दिया। यही कारण है कि जब ईडी का छापा पड़ा और ममता दीदी की पुलिस ने ईडी के कब्जे से ग्रीन फाइल अपने कब्जे में ली तभी से यह आरोप लगाया जाने लगा कि आखिर ममता दीदी की दाल में कुछ तो काला है। आखिर क्यों उन्हें ग्रीन फाइलों से इतना लगाव है? पहले ममता जी धमकी देते हुए कह रही थीं कि अगर वह बीजेपी के कार्यालय में घुस गयीं तो क्या हो जाएगा और अब कह रही हैं कि जब बीजेपी को पता चला कि अबकी बार बीजेपी को पहले की तुलना में भी कम सीटें आ रही हैं तब उन्होंने हमारी रणनीति चुराने का प्रयास किया। जबकि प्रवर्तन निदेशालय ने अब सरकारी काम में बाधा डालने तथा कोयला घोटाले में ममता दीदी व तृणमूल सरकार को आरोपी बनाने का फैसला किया है।

ममता दीदी के सामने अब वैसी गंभीर चुनौती है जैसी दिल्ली के मुख्यंमत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष आ गई थी। अगर ममता दीदी को कोर्ट से राहत नहीं मिलती या वे ग्रीन फाइल्स को लेकर जांच एजेंसियों के साथ टकराव का रास्ता अपनाती हैं तो केंद्र सरकार पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने पर मजबूर हो सकती है। बंगाल में लंबे समय से कई अवसरों पर राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग भाजपा व अन्य संगठनों की ओर से लगातार की जा रही है किंतु अभी तक केंद्र की राजग सरकार ने ऐसा कोई कदम नहीं उठाया है जबकि राज्य में चुनावों के समय तृणमूल कांग्रेस के संगठित अपराधियों द्वारा चुनावी हिंसा का दौर प्रारंभ हो जाता है जिसके शिकार भाजपा व हिंदू संगठनो के कार्यकर्ता होते हैं। अभी आई -पैक प्रकरण के दौरान मची हलचल के बीच भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी की कार पर हमला बोला गया और वह आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए।

ऐसा नहीं है कि ममता दीदी का जांच एजेंसियों के साथ टकराव पहली बार हुआ हो इससे पहले 27 अक्तूबर 2023 को जब राशन घोटाले में तत्कालीन मंत्री ज्योतिप्रिया मल्लिक को गिरफ्तार किया तब ममता उनके बचाव में उतरीं थीं। 11 अगस्त 2022 सीबीआई ने पशु तस्करी में तृणमूल नेता अनुव्रत मंडल को गिरफ्तार किया वह भी ममता दीदी के करीबी थे। 23 जुलाई 2022 को स्कूल भर्ती घोटाले में ईडी ने शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार किया। 6 सितबर 2021 को नारद स्टिंग केस में सीबीआई ने तृणमूल नेताओं को गिरफ्तार किया तब ममता दीदी ने सीबीआई के कार्यालय के बाहर 6 घंटे धरना दिया। 6 सिंतबर 2021 को ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी से कोयला घोटाले में 9 घंटे तक पूछताछ हो चुकी हैं। बंगाल के राजनीतिक इतिहास में सबसे बड़ा शरदा चिटफड घोटाला हुआ है जिसकी जांच के दायरे में ममता दीदी सीधे फंसी हुई हैं। आगामी सप्ताह में बंगाल की राजनीति और चटखदार होने वाली है क्योंकि अब दोनों पक्षों नें एक दूसरे पर वार-पलटवार तेज कर दिए हैं। अदालतों का निर्णय बंगाल विधानसभा चुनावों की दिशा और दशा तय करने वाले हो सकते हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

---

## तीन राज्य, एक मुकाबला- अकेली भाजपा, एकजुट विपक्ष - विचारधाराओं का निर्णायक टकराव

**(पी. चिदंबरम)**

भाजपा की नीतियां तथा उसकी सरकार के कानून हिंदू वर्चस्व (हिंदुत्व), वैदिक ग्रंथों और प्रथाओं में आस्था, आर्य सभ्यता या संस्कृति, केंद्रीकरण, कार्यपालिका की प्रधानता, एक साझा भाषा (हिंदी), शाकाहार, एक राष्ट्र-एक सरकार और कोरियाई चैबोल जैसे व्यापारिक घरानों से मैत्रीपूर्ण संबंधों के विचारों पर आधारित हैं।

मुझे नहीं पता कि कौन-से ग्रह एक साथ आएंगे या कौन-सा ग्रह वक्री होगा, लेकिन भारत के राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए मैं कह सकता हूं कि 'हम रोचक दौर से गुजर रहे हैं'।

**विपरीत विचारधारा** – असम, केरल, पुदुचेरी (केंद्रशासित प्रदेश), तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 9, 23 और 30 अप्रैल को होंगे। हाल के वर्षों में पहली बार भाजपा केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में स्थापित वाम-उदारवादी राजनीतिक दलों को चुनौती दे रही है। वैचारिक दृष्टि से केरल में यूडीएफ यानी यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट और एलडीएफ यानी लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट, दोनों ही वाम केंद्रित हैं। तमिलनाडु में द्रमुक के नेतृत्व वाला गठबंधन (जिसमें कांग्रेस भी शामिल है) और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस स्पष्ट रूप से वाम-उदारवादी दल हैं। ये सभी संविधान, संघवाद, संसद या विधानमंडल की सर्वोच्चता, धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय, समान विकास, कल्याणकारी उपाय, मीडिया की स्वतंत्रता और उदार अर्थव्यवस्था के समर्थक हैं। एलडीएफ, द्रमुक और तृणमूल कांग्रेस अपने-अपने राज्य में सरकार चला रहे हैं। चुनौती देने वाली पार्टी भाजपा है, जिसने वैचारिक रूप से खुद को दक्षिणपंथी खेमे में स्थापित किया है। मैं दक्षिणपंथी विचारधारा में केवल आरएसएस को इससे आगे मान सकता हूं, लेकिन उसका दावा है कि वह एक राजनीतिक दल नहीं है।

हालांकि, आरएसएस अनिच्छा से स्वीकार करता है कि उसके प्रमुख नेता भाजपा संगठन में महत्त्वपूर्ण पदों पर रहे हैं और अभी भी हैं, इसके अलावा भाजपा सरकारों के कई मंत्री प्रचारक रहे हैं और स्वयंसेवक बने हुए हैं। आम नागरिक आरएसएस को जनक और भाजपा को उसकी संतान के रूप में देखता है। भाजपा की नीतियां तथा उसकी सरकार के कानून हिंदू वर्चस्व (हिंदुत्व), वैदिक ग्रंथों और प्रथाओं में आस्था, आर्य सभ्यता या संस्कृति, केंद्रीकरण, कार्यपालिका की प्रधानता, एक साझा भाषा (हिंदी), शाकाहार, एक राष्ट्र-एक सरकार और कोरियाई चैबोल जैसे व्यापारिक घरानों से मैत्रीपूर्ण संबंधों के विचारों पर आधारित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने वर्ष 2014 तक चले आ रहे आम सहमति के दौर से जानबूझकर नाता तोड़ लिया है। इन तीनों राज्यों में चुनावी मुकाबला वाम-उदारवादी और दक्षिणपंथी राजनीतिक दलों के बीच होगा।

**केरल** – यहां कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ और माकपा के नेतृत्व वाले एलडीएफ का पिछले पचास वर्षों से दबदबा रहा है। छोटे दल इनमें से किसी एक गुट की ओर आकर्षित होते रहे हैं। केरल के मतदाता कभी यूडीएफ तो कभी एलडीएफ को समर्थन देते रहे, लेकिन वर्ष 2021 में उन्होंने इस परंपरा को तोड़ते हुए एलडीएफ को फिर से चुना, जिसने वर्ष 2016 में भी जीत हासिल की थी। दोनों मोर्चे मजबूत हैं और उन्होंने अपनी चुनावी रणनीतियों को और भी प्रभावी बना लिया है। आम राय यह है कि एलडीएफ ने उम्रदराज नेता पिनरई विजयन के नेतृत्व में दो कार्यकाल पूरे कर लिए हैं और अब बदलाव का समय आ गया है। वर्ष 2018 की बाढ़ और 2024 में वायनाड भूस्खलन की घटना के प्रति एलडीएफ सरकार की अकुशल प्रतिक्रिया ने उसकी छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। कांग्रेस के पास कई सक्षम और अपेक्षाकृत युवा नेता हैं तथा उसे यूडीएफ की बहुमत से आसान जीत का पूरा भरोसा है। भाजपा केरल की जनता की नब्ज को समझ नहीं पा रही है। कयास इस बात पर लगाए जा रहे हैं कि भाजपा यहां कितनी सीटें जीत पाएगी, माना जा रहा है कि यह आंकड़ा एक अंक तक ही सीमित रह जाएगा।




तमिलनाड वर्ष 2021 और 2024 का द्रमुक नेतृत्व वाला गठबंधन बरकरार है और एमके स्टालिन ने छोटे दलों को द्रमुक के चुनाव चिह्न पर मैदान में उतरने के लिए राजी कर लिया है। इस रणनीति से वोटों का नुकसान नहीं होगा। वर्ष 2021 (विधानसभा) और 2024 (लोकसभा) के चुनावों के बाद से अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन के वोटों में गिरावट आई है, लेकिन उसे अन्नाद्रमुक से अलग हुए गुट एएमएमके का समर्थन प्राप्त हो गया है। हालांकि, एक महीने पहले ही एएमएमके ने ई पलानीस्वामी को अन्नाद्रमुक के नेता या गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में कभी स्वीकार न करने की कसम खाई थी!अन्नाद्रमुक के लिए भाजपा क्या लेकर आती है? निश्चित रूप से केंद्र सरकार की शक्ति, संसाधन, चुनाव आयोग का परोक्ष समर्थन और अपने राष्ट्रीय नेताओं की ध्रुवीकरण वाली बयानबाजी। ये कारक वर्ष 2021 और 2024 में काम नहीं आए थे और शायद 2026 में भी काम न करें। भाजपा 234 में से 27 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और वह कितनी सीटें जीतेगी, इस पर अटकलें निचले एक अंक से लेकर दस तक के बीच हैं।जोसेफ विजय द्वारा स्थापित टीवीके तथा एनटीके की उपस्थिति और वोटों को विभाजित करने की उनकी क्षमता के कारण, प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव कांटे की टक्कर का होगा, लेकिन कुल मिलाकर परिणाम एक ही गठबंधन के पक्ष में रहेगा। चुनाव पर्यवेक्षकों और अनुभवी पत्रकारों का मानना है कि द्रमुक के नेतृत्व वाला गठबंधन सत्ता में वापसी करेगा।

**पश्चिम बंगाल** – यहां सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और चुनौती देने वाली भाजपा के बीच सीधा मुकाबला है। पूर्व सत्ताधारी दल- कांग्रेस और माकपा भाजपा पर निशाना साधेंगे, लेकिन इससे अंतिम परिणाम पर कोई खास असर पड़ने की संभावना नहीं है। यह लड़ाई चिर-योद्धा ममता बनर्जी तथा लगातार चुनौती देने वाले नरेंद्र मोदी और अमित शाह के बीच है। यह मुकाबला सिर्फ राजनीतिक नहीं रहा, बल्कि आक्रामक और तीखा रूप ले चुका है। इसने पश्चिम बंगाल के लोगों में अपनी संस्कृति, साहित्य, भाषा, लोकाचार, सांप्रदायिक सद्भाव, देशभक्ति तथा स्वामी विवेकानंद, रवींद्रनाथ टैगोर, बंकिम चंद्र चटर्जी और अमर्त्य सेन जैसे आदर्शों के प्रति श्रद्धा की रक्षा करने की भावना को जागृत किया है। यदि बंगाली गौरव और स्वाभिमान प्रबल होता है, तो ममता बनर्जी और उनकी पार्टी लगातार चौथी बार विजयी होंगी।

ये तीनों राज्य हिंदी भाषी क्षेत्रों से बाहर हैं। यहां प्रत्येक पार्टी का प्रदर्शन उसके भविष्य पर गहरा प्रभाव डालेगा। खासकर भाजपा के लिए यह ज्यादा महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इन क्षेत्रों के राजनीतिक और सामाजिक लोकाचार में उसे बाहरी पार्टी माना जाता है।पश्चिम बंगाल के चुनावी समंदर में इस बार मछली सिर्फ थाली तक सीमित नहीं रही, बल्कि सियासत के केंद्र में आकर तैरने लगी है। मछली अप्रत्याशित लेकिन असरदार राजनीतिक प्रतीक बन गई है। 'रोडशो' में लहराई जा रही विशाल कतला से लेकर हिलसा, पाबदा और चिंगड़ी मछली अब सियासी मंचों पर धमक दिखा रही हैं। दरअसल, भोजन की पसंद अब पहचान और संस्कृति की लड़ाई में बदल गई है, जहां यह तय करने की होड़ मची है कि असल बंगाली का प्रतिनिधित्व आखिर कौन करता है। (यह लेखक के अपने विचार हैं)

# डीएम ने की बाल श्रम निषेध टॉस्क फोर्स व जिला बाल संरक्षण इकाई के कार्यों का समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक जिला बाल श्रम निषेध टास्क फोर्स एवं जिला बाल बाल संरक्षण इकाई के कार्यों की समीक्षा की गई। बाल श्रम विमुक्त कराये गये बालकों की समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने श्रम अधीक्षक को होटलों, ढाबों, दुकानों, ईंट भट्ठों एवं अन्य प्रतिष्ठानों में विशेष अभियान चलाकर बाल श्रम से जुडे बच्चों का रेस्क्यू करने का निर्देश दिया।वहीं उन्होंने सरकार द्वारा निर्धारित राहत की राशि ससमय बच्चों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किये जाने की भी बात कही। इसके लिए ससमय सभी लाभुकों का खाता खुलवाना सुनिश्चित किया जाय। डीएम ने श्रम अधीक्षक को बाल श्रम विमुक्त कराये गये 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों की सूची जिला शिक्षा पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया ताकि उनका विद्यालयों में नामांकन कराया जा सके।साथ हीं उन बच्चों को पुनर्वासित कराने का निर्देश भी दिया गया। निदेश सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। जिला पदाधिकारी ने उन बच्चों के परिवार को राशन कार्ड,आवास की भूमि, रोजगार उपलब्ध कराने एवं स्वास्थ्य जैसी अन्य सुविधाओं से जोड़ने के लिए विभागों से व्यक्तिगत रूप से समन्वय स्थापित कर समस्या की परिस्थिति में उन्हें तत्काल अवगत कराये जाने की बात कही। परवरिश योजना की समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों को सभी अनाथ एवं बेसहारा बच्चों को परवरिश योजना से आच्छादित करने के साथ अनाथ बच्चों के सर्वे में पाए गए योग्य बच्चों को परवरिश योजना से जोड़ने एवं विद्यालय में नामांकन कराने का भी निदेश दिया ।




वहीं बाल एवं बालिका गृह के बच्चे, बच्चियों का यथाशीघ्र पुनर्वासन हेतु बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को निर्देश दिया गया। डीएम ने थानाध्यक्षों को पॉक्सो पीड़ित बच्चियों को बाल कल्याण समिति के समक्ष उपस्थापित कराने हेतु सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया ताकि उन्हें सरकारी लाभ एवं सपोर्ट पर्सन मुहैया कराया जा सके। उन्होंने अवासित बच्चों का आधार कार्ड बनाने के लिए वृहद आश्रय गृह में मासिक शिविर लगाने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त अमित कुमार, प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय प्रशाखा अभिषेक किशोर, श्रम अधीक्षक पीटर मिंज, जिला शिक्षा पदाधिकारी राहुल चंद्र चौधरी, सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई रवि शंकर तिवारी, प्रभारी पदाधिकारी सहित संबंधित अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# गुरु तेग बहादुर जी का 405वां प्रकाश पर्व श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मना

■ कीर्तन, कथा-प्रवचन और अटूट लंगर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के कान्तनगर स्थित हिंद के चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के ऐतिहासिक गुरुद्वारा में उनका 405 वां प्रकाश पर्व श्रद्धा, आस्था और भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर दूर-दराज से बड़ी संख्या में सिख श्रद्धालु जुटे और गुरुद्वारा परिसर पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।



कार्यक्रम के दौरान रागी जत्था भाई ज्ञान सिंह ने गुरुबाणी का मधुर शब्द-कीर्तन प्रस्तुत किया, जिससे संगत भावविभोर हो उठी। वहीं कथावाचक दलजीत सिंह ने कथा-प्रवचन के माध्यम से गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, त्याग और उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान त्रिलोक सिंह एवं महासचिव प्रभु सिंह ने बताया कि यह गुरुद्वारा ऐतिहासिक महत्व का केंद्र है। वर्ष 1666 में गुरु तेग बहादुर जी यहां पधारे थे और करीब छह माह तक प्रवास कर सिख धर्म का प्रचार-प्रसार किया तथा संगत को सत्संग और गुरुदीक्षा प्रदान की। समापन अवसर पर अरदास के साथ कीर्तन-भजन का आयोजन किया गया। जिसके बाद गुरु का अटूट लंगर लगाया गया। लंगर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान त्रिलोक सिंह, महासचिव प्रभु सिंह, कमल सिंह, बलवंत सिंह, सत्यदेव सिंह, रविंद्र सिंह सहित की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे ।

## संक्षिप्त समाचार

### 28 को बारसोई में लगेगा दिव्यांगता जांच शिविर

**बारसोई/कटिहार (नबिटासं)।** अनुमंडल के छूटे हुए सभी दिव्यांग जनों का यूडीआईडी कार्ड बनाने के उद्देश्य से अनुमंडल के आजमनगर प्रखंड में 13 अप्रैल को और बारसोई प्रखंड में 28 अप्रैल को दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में समाज कल्याण विभाग की ओर से जारी किए गए पत्र में जिला पदाधिकारी कटिहार के हवाले से निर्देश दिया गया है की तत्परता दिखाते हुए सभी छूते हुए दिव्यांगों का यूडीआईडी कार्ड बनाया जाना है। ताकि इन लोगों को लाभ दिया जा सके। वहीं प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी स्वास्थ्य प्रबंधक और अनुमंडल के अनुमंडलीय उपाधीक्षक को उक्त शिविर लगाने और उसका प्रबंध करने की जिम्मेदारी सौंप गई है।

### जोगबनी स्टेशन का महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण

**कटिहार (नबिटासं)।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे मालीगांव गुवाहाटी के महाप्रबंधक चेतन श्रीवास्तव ने जोगबनी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने प्लेटफॉर्म, स्टेशन परिसर, पार्किंग स्टैंड तथा समग्र स्टेशन क्षेत्र के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना रेलवे की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जिसके लिए सभी स्तरों पर समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। इस अवसर पर कटिहार रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नरह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनूप कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर प्रभात रंजन सिंह, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी अमित सिंह, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर आशीष कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त क्षेत्रीय कार्यालय से प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर सह प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी उत्तम प्रकाश भी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे।महाप्रबंधक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्टेशन के विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए तथा यात्रियों की सुविधाओं में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जाए।



### विधायक ने बारसोई के लोगों को नए एंबुलेंस एवं अल्ट्रासाउंड मशीन की दिया सौगात

**बारसोई/कटिहार (नबिटासं)।** मंगलवार को अनुमंडलीय अस्पताल बारसोई में नई एम्बुलेंस का विधायक संगीता देवी ने हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र के लिए रवाना किया। 2 दिन पहले स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय बारसोई आए थे। जहां विधायक संगीता देवी द्वारा क्षेत्र की समस्या से अवगतकरते हुए मांग पत्र सौंपा था। जिसमें अनुमंडलीय अस्पताल में एम्बुलेंस पूरी तरह से जर्जर हो चुकी थी। तथा नई एम्बुलेंस की मांग की गई थी जिसके तहत मंत्री ने विधायक संगीता देवी की बातों को गंभीरता से लेते हुए तुरंत एक नए एम्बुलेंस बारसोई के लिए आवंटित कर दिया तथा अस्पताल में भेज दिया गया। इतना ही नहीं अल्ट्रासाउंड मशीन भी जल्द अस्पताल में लगेंगे। इस संबंध में विधायक संगीता देवी ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री को पहले तो दिल से धन्यवाद देती हूं। उन्होंने हमारी मांगों गंभीरता से लिया है। दो दोनों के अंदर नई एंबुलेंस दिए है। उन्होंने कहा कि अल्ट्रासाउंड मशीन भी जल्द अनुमंडलीय अस्पताल में लग जाएंगे तथा यहां के लोगोंको मुफ्त में अल्ट्रासाउंड होंगे।



उन्होंने कहा कि हमारी मगों में ब्लड बैंक की सुविधा भी है। वह भी जल्द मंत्री द्वारा पूरे किए जाएंगे मुझे पूर्ण विश्वास है। मेरी पहली प्राथमिकता है कि जनता का सेवा करना एवं मुफ्त में लोगों को स्वास्थ्य का लाभ दिलाना।मैं जनता के आशीर्वाद से हर मुद्दे को विधानसभा में उठाने का काम कर रही हूं। हमारी सरकार हर क्षेत्र में कार्य कर रही है। इस अवसर पर अनुमंडलीय उपाधीक्षक एम ए उस्मानी, डॉक्टर रीमा सरकार, अस्पताल प्रबंधक सद्दाम हुसैन, प्रधान सहायक चंदन झा आदि दर्जन लोग मौजूद रहे ।

### जनता की हर समस्या का समाधान करना प्राथमिकता : तारिक अनवर

**आजमनगर/कटिहार (नबिटासं)।** सांसद तारिक अनवर ने मंगलवार को आजमनगर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत बगछल्ला, आजमनगर पंचायत, निमोल हाट, राधानगर, महेशपुर और शीतलमनी में हाई मास्ट टावर लाइट का उद्घाटन किया । दौरे के क्रम में सांसद ने धूमनगर में स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित यूनिटी कप वॉलीबॉल टूनामेंट का भी शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों और आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए खेल के महत्व पर जोर दिया। सांसद ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। सांसद के इस दौरे से स्थानीय लोगों में विकास को लेकर उम्मीद जगी है। मौके पर कटिहार कांग्रेस के अध्यक्ष सुनील कुमार यादव,दिलीप विश्वास, सऊद आलम,आले रसूल, जुबेर आलम,नैयर आलम, डॉक्टर हिफाजुद्दीन, मतीन साहब, मंसूर आलम, मोहम्मद असगर, नाजु, मारूफ साहब, अनवर, मोहम्मद मिस्टर, मुन्ना कुमार मुखिया शीतलमनी, शाहबाज आलम मुखिया, मो०जाकिर, मुबारक, बदरुद्दीन, नैमूल, मुजीबुर रहमान, हन्नान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कई नेता कार्यकर्ता एवं कई स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी लोग भी मौजूद रहे।



# कोढ़ा में 25.5 लीटर विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढ़ा (कटिहार) ।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी को सख्ती से लागू करने के अभियान में कोढ़ा पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। जिला पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोढ़ा थाना क्षेत्र से भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त की गई है।



थानाध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि कोढ़ा थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में शराब की एक खेप लाई गई है। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोढ़ा के पीछे नहर पुल के पास घेराबंदी की। तलाशी के दौरान वहां से कुल 25.5 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई । इस मामले में पुलिस ने एक शराब तस्कर को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान मुन्ना ग्वाला (30) के रूप में हुई है। वह नया टोला जुराबगंज वार्ड नंबर-01, थाना कोढ़ा, जिला कटिहार का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और अब यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि शराब की यह खेप कहाँ से लाई गई थी और इसमें अन्य कौन-कौन शामिल हैं।

# एनएच-31 पर हाइवा की टक्कर से बाइक सवार वृद्धा की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुरसेला (कटिहार)।** एनएच-31 पर सिमरगाछ कटरिया के समीप देर शाम बाइक और हाइवा ट्रक की टक्कर में एक वृद्धा की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतका की पहचान चंद्रकला देवी (60) निवासी चापड़ सधवा थाना रंगरा के रूप में हुयी है। जानकारी के अनुसार चंद्रकला देवी अपने पोते के साथ बाइक से कोशकीपुर स्थित खेत की देखभाल कर वापस घर लौट रही थीं।

इसी दौरान सिमरगाछ के समीप तेज रफ्तार हाइवा ट्रक ने बाइक में ठोकर मार दी। टक्कर लगने के बाद वह बाइक से गिर गयी और हाइवा ने उन्हें कुचल दिया।



जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद आसपास के लोगों ने स्थानीय थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कटिहार भेज दिया।थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि दुर्घटना में वृद्धा की मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# निशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन

## 90 लाभुकों का नेत्र विशेषज्ञों ने की आंखों की जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** प्रखंड मुख्यालय के बुनियाद केंद्र बारसोई में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद, अनुमंडल निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी बारसोई के द्वारा संयुक्त रूप से निशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का उद्घाटन किया गया। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने कहा कि सरकार के द्वारा नेत्र संबंधी मरीज को मुफ्त में जांच के उपरांत चश्मा दिया जाएगा।

पहले तो 60 वर्ष के लोगों को ही मुफ्त में चश्मा दिया जाता था। लेकिन अब सभी उम्र के लोगों को जांच के उपरांत मुफ्त में चश्मा सरकार के द्वारा दिए जाएंगे। यह शिविर 5 मई 2026 तक चलेगी। उक्त शिविर में नेत्र विशेषज्ञों के द्वारा लाभुकों का नेत्र की जांच की जाती है एवं जांचों प्रांत उन्हें निशुल्क चश्मा प्रदान की जाएगी आज कुल 90 लाभुकों का नेत्र विशेषज्ञों के द्वारा आंखों की जांच की गई उक्त शिविर का लाभ लेने हेतु लाभार्थी को अपने साथ आधार कार्ड की छाया प्रति एवं वैध मोबाइल नंबर साथ में लाना अनिवार्य है। इस अवसर पर बुनियाद केंद्र के डायरेक्टर एवं चिकित्सक मौजूद रहे।



# विधान पार्षद ने सड़क का किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कदवा (कटिहार)।** मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल के विधान परिषद् कोष से कदवा प्रखंड के चौंदी पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 02 में सहजना बड़ी मुख्यमंत्री ग्राम सड़क से सुभाष सिंह के घर तक मिट्टी ईट सोलिंग एवं पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का विधान पार्षद ने उद्घाटन किया।

इस मौके पर विधान पार्षद ने बताया कि काफी दिनों से स्थानीय लोगों की मांग थी कि इस सड़क को बना दिया जाए जिससे लोगों को आवागमन में पिछले कई वर्षों से जो कठिनाई उत्पन्न हो रही थी अब उसको दूर कर दिया गया है सड़क के बन जाने से स्थानीय लोगों के साथ-साथ बच्चों को भी स्कूल बाजार जाने में अब आसानी होगी। इस मौके पर भाजपा नेता चंद्रभूषण ठाकुर, वार्ड सदस्य रेशमी देवी, अजय कुमार एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।



# मखाना के खेत में जहरीले पदार्थ डालकर फसल को किया नष्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार) ।** थाना क्षेत्र के सहजा पंचायत के दलदला बहैयार में किसान मो. रमजान एवं मो. मुन्ना उर्फ टुन्नू के द्वारा 35 डिसमिल की पुश्तैनी जमीन पर मखाना की खेती किया था। मगर उनके ही गांव के विपक्षी मो. जहीर एवं मो. मुस्तफा दोनों पिता स्व. जुल्फुद्दीन के द्वारा उक्त मखाना की खेत में जहरीले पदार्थ डालकर मखाना की फसल को पूर्ण रूप से बर्बाद कर दिया।

घटना की सूचना उस दौरान मनसाही पुलिस को भी दी गई थी पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच की और आगे की कार्रवाई में जुट गई स्थानीय लोगों द्वारा बताया जा रहा हैं कि मो. रमजान एवं मो. मुन्ना उर्फ टुन्नू के पुराने पुश्तैनी जमीन को लेकर जहांगीर एवं मुस्तफा अन्य से विवाद चल रहा हैं। जिसके कारण उक्त लोगों ने रमजान एवं मुन्ना के मखाना के फसलों को जहरीले पदार्थ डालकर नष्ट कर दिया हैं। मामले को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त हैं एवं प्रशासन से कार्रवाई की मांग की हैं,दूसरी ओर घटना के संबंध में विपक्ष से संपर्क करने की कोशिश की गई मगर संपर्क नहीं हो पाया।



# फलका हिंसा मामले में पुलिस अधीक्षक ने की गहन समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार)।** फलका थाना में पुलिस अभिरक्षा के दौरान बाइक लूट कांड के संदिग्ध राकेश कुमार यादव की मौत के बाद भड़की हिंसा को लेकर पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी काफी एक्शन मोड में है।लगातार इस घटना की मॉनिटरिंग स्वयं कर रहे हैं। घटना के तीसरे दिन दुबारा एसपी शिखर चौधरी फलका थाना पहुँच कर सदर एसडीपीओ-2 रंजन कुमार सिंह के मौजूदगी में कांड की घंटो गहन समीक्षा किये।



एसपी ने पत्रकार को बताया कि हाजत की घटना कोई सामान्य घटना नहीं है। कस्टोडियन डेथ मामले में न्यायिक जांच होती है। इसलिए हम ने लापरवाही बरतने वाले थानाध्यक्ष रवि कुमार राय और कांड के अनुसंधानकर्ता कुंदन कुमार पटेल पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को तत्काल सस्पेंड कर दिया है।इस घटना पर अलग- अलग पुलिस की कई टीम काम कर रही है। घटना के हर एक पहलू को बारीकी से जांच किया जा रहा है। गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया है।मानवाधिकार के प्रक्रिया के हिसाब जाँच कराई जा रही है। न्यायालय एवं मानवाधिकार को भी घटना की सूचना दे दी गई है। साथ ही जिले के एफएसएल व डीआईयू टीम अपना काम कर रही है। अभी रिपोर्ट आना बांकी है।इस दौरान एसपी ने मृतक युवक के परिजनों से बातचीत की और आश्वस्त किया की जाँच रिपोर्ट आने के बाद दोषी पाए जाने वाले पुलिस पदाधिकारी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। सस्पेंड के बाद दोषी के बर्खास्ती हेतु विभागीय कार्रवाई शुरू की जाएगी। एसपी ने बताया कि इस पूरे घटना क्रम में तीन कांड दर्ज किया गया है। अबतक आठ लोगों की गिरफ्तारी हुई है। सीसीटीवी और वीडियो फुटेज के आधार दंगा करने वाले तथा थाना में तोड़फोड़ कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले की पहचान की जा रही है। उसे किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उनके विरुद्ध कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### घटना में निर्दोष नहीं फंसे जनप्रतिनिधियों की एक टीम भी मिले एसपी से

घटना को लेकर प्रशासन के सख़्त और अलर्ट मूड को लेकर फलका प्रखंड के प्रमुख दीपशिखा सिंह के नेतृव में स्थानीय जिला परिषद प्रतिनिधि बलराम साह,मनोज मंडल, मुखिया प्रतिनिधि संजय झा व अमित गुप्ता और सांसद प्रतिनिधि तफसील अनवर एसपी से मिलकर घटना की निष्पक्ष जांच और सिर्फ दोषी लोगों पर ही कार्रवाई करने की मांग किया है।जनप्रतिनिधियों का कहना था कि क्षेत्र के सभ्य लोग डरे और सहमे हुए हैं। खासकर मजदूर तबके के लोग गलत कार्रवाई के भय से दिल्ली और पंजाब जा रहे हैं। एसपी ने जनप्रतिनिधियों के टीम को आश्वस्त किया कि कोई भी निर्दोष व्यक्ति पर कार्रवाई नहीं होगी और वीडियो एवं सीसीटीवी फुटेज में जो लोग उपद्रव कर रहे हैं। उन्हें किसी भी हाल में बख्सा भी नहीं जाएगा।

# 29,000 करोड़ तक पहुंच सकता है टाटा का घाटा

## नए बिजनेस डुबो रहे लुटिया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा को नए बिजनेस में बड़ा घाटा होने का अनुमान है। यह लॉस में 29,000 करोड़ तक पहुंच सकता है। घाटे का सबसे बड़ा हिस्सा एयर इंडिया से आ रहा है। वित्त वर्ष 2026 में इसका नुकसान 20,000 करोड़ तक पहुंच सकता है, जो पहले के अनुमान से कई गुना अधिक है।

टाटा संस के नए कारोबारों में बढ़ते घाटे ने ग्रुप के अंदर चिंता बढ़ा दी है। आंतरिक अनुमानों के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 में इन बजनेसों का कुल घाटा करीब 29,000 करोड़ तक पहुंच सकता है, जो पहले के अनुमान 5,700 करोड़ से बहुत ज्यादा है। यह बढ़ता नुकसान अब समूह की रणनीति और निवेश फैसलों पर सवाल खड़े कर रहा है।

**9 महीनों में ही 21,700 करोड़ पार:** टाइम्स ऑफ इंडिया की खबर के मुताबिक वित्त वर्ष 2026 के पहले नौ महीनों में ही कुल घाटा 21,700 करोड़ तक पहुंच चुका है, जबकि पूरे वित्त वर्ष 2025 में यह 16,550 करोड़ था। इससे साफ है कि नुकसान का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है। इस बढ़ते घाटे में सबसे बड़ा हाथ एयर इंडिया, टाटा डिजिटल, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और तेजस नेटवर्क जैसे नए बिजनेस से आ रहा है।



**नोएल टाटा की चिंता, बोर्ड स्तर पर बढ़ा दबाव:** नोएल टाटा ने इन नए प्रोजेक्ट्स के बढ़ते घाटे को लेकर गंभीर चिंता जताई है। यही कारण रहा कि फरवरी में हुई बोर्ड बैठक में चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के तीसरे कार्यकाल को मंजूरी देने का फैसला टाल दिया गया। अब उम्मीद है कि जून की बैठक में घाटा कम करने की ठोस रणनीति पेश की जाएगी।

तेल की ऊंची कीमतें, पाकिस्तान एयरस्पेस का बंद होना और ग्लोबल टेंशन जैसे बाहरी कारणों ने कंपनी की लागत बढ़ा दी है। हालांकि, विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि सेवा सुधार की गति अभी भी अपेक्षा से धीमी है।

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के सेमीकंडक्टर कारोबार में करीब 3,000 करोड़ के घाटे का अनुमान है। वहीं तेजस नेटवर्क्स, जो मुनाफे में थी, अब 1,000 करोड़ के नुकसान में जा सकती है। यह दिखाता है कि समूह के कई नए निवेश अभी शुरुआती चरण में हैं और उन्हें स्थिर होने में समय लगेगा।

### टाटा डिजिटल बना सबसे बड़ी चिंता

टाटा ग्रुप का डिजिटल कारोबार, जिसमें बिग बॉस्केट, क्रोमा और टाटा क्लिक जैसे प्लेटफॉर्म शामिल हैं, अभी तक फायदे में नहीं आ पाया है। इस यूनिट का घाटा 5,000 करोड़ से ज्यादा रहने का अनुमान है, जबकि 9 महीनों में ही 3,750 करोड़ से अधिक का नुकसान हो चुका है। विशेषज्ञों का मानना है कि कमजोर ग्रोथ, लीडरशिप में बदलाव और प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले धीमी रणनीति इसके पीछे मुख्य कारण हैं। घाटे का सबसे बड़ा हिस्सा एयर इंडिया से आ रहा है। वित्त वर्ष 2026 में इसका नुकसान 20,000 करोड़ तक पहुंच सकता है, जो पहले के अनुमान से कई गुना अधिक है।

## एयर इंडिया के सीईओ ने दिया इस्तीफा, कई चुनौतियों से जूझ रही एयरलाइंस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कैंपबेल विल्सन ने एयर इंडिया के सीईओ पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, वे तब तक कंपनी के साथ बने रहेंगे जब तक नए सीईओ की नियुक्ति नहीं हो जाती। हिन्दुस्तान टाइम्स ने यह खबर इस मामले की जानकारी रखने वाले चार लोगों के हवाले से दी है। यह बदलाव ऐसे समय में हो रहा है जब एयर इंडिया कई चुनौतियों से जूझ रही है, जैसे ऑपरेशन में दिक्कतें, बढ़ता खर्च और इस साल रिकॉर्ड नुकसान की आशंका। बोर्ड मीटिंग में मंजूर हुआ इस्तीफा एचटी के सूत्रों के मुताबिक,



विल्सन का इस्तीफा पिछले हफ्ते हुई बोर्ड मीटिंग में मंजूर कर लिया गया। मामले की जानकारी रखने वाले चार में से एक व्यक्ति ने बताया कि कैंपबेल नए सीइओ के आने तक, यानी संभवत: सितंबर तक, कंपनी में बने रहेंगे। उनका पांच साल का कार्यकाल अगले साल सितंबर में खत्म होना था, लेकिन वे एक साल पहले ही पद छोड़ रहे हैं। इस मामले पर एयर इंडिया ने कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। एचटी की खबर के मुताबिक नए सीईओ की तलाश जनवरी से ही शुरू हो गई थी, क्योंकि विल्सन ने अपना कार्यकाल खत्म होने के बाद आगे काम न करने की इच्छा जताई थी। विल्सन सितंबर 2022 में एयर इंडिया से जुड़े थे, जब कंपनी का प्राइवेटाइजेशन हो चुका था।

## स्टॉक पिक्स: नायका, पीसी ज्वेलर, आईआरएफसी समेत 7 शेयरों में बड़ी हलचल की उम्मीद



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आज कार्पोरेट जगत से कई बड़ी खबरें हैं, जिनका असर आज शेयर मार्केट में संबंधित कंपनियों के शेयरों पर देखने को मिल सकता है। नायका, पीसी ज्वेलर, आईआरएफसी, टीटागढ़ रेल, अंबुजा सीमेंट, फिनो पेमेंट्स बैंक, एनएमडीसी जैसी कंपनियों के बड़े अपडेट्स से इनके शेयर आज फोकस में होंगे। आज के स्टॉक पिक्स : आज कार्पोरेट जगत से कई बड़ी खबरें हैं, जिनका असर आज शेयर मार्केट में संबंधित कंपनियों के शेयरों पर देखने को मिल सकता है। नायका, पीसी ज्वेलर, आईआरएफसी, टीटागढ़ रेल, अंबुजा सीमेंट, फिनो पेमेंट्स बैंक, एनएमडीसी जैसी कंपनियों के बड़े अपडेट्स से इनके शेयर आज फोकस में होंगे। ब्यूटी और फैशन रिटेलर नायका की पैरेंट कंपनी ने सोमवार देर रात स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि वह दीपिका पादुकोण के स्किनकेयर ब्रांड 82 में हिस्सेदारी खरीदने के लिए बातचीत कर रही है। इस अपडेट के बाद आज इसके शेयरों पर बाजार की नजर रहेगी। सोमवार को नायका के शेयर 2.59 प्रतिशत चढ़कर 252.36 रुपये पर बंद हुए थे। मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में स्टैंडअलोन रेवेन्यू में सालाना आधार पर 32 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है। कंपनी के अच्छे नतीजे आज निवेशकों को अपनी ओर आकर्षित कर सकते हैं। सोमवार को पीसी ज्वेलर के शेयर 3.65 प्रतिशत की तेजी के साथ 8.51 रुपये पर बंद हुए। रेल मंत्रालय के अधीन नवरत्न कंपनी ने महाराष्ट्र स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड को 1,000 करोड़ का टर्म लोन दिया है। इस खबर का असर आज आईआरएफसी के शेयरों पर देखने को मिल सकता है।

# अंबानी को अरबों डॉलर का झटका, अडानी को फायदा

## अमीरों में एक का घटा रुतबा तो दूसरे का बढ़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी को एक ही दिन में जहां 2.59 अरब डॉलर का झटका लगा है, वहीं अडानी ग्रुप के मालिक गौतम अडानी को 2.50 अरब डॉलर का फायदा हुआ है। दुनिया के अमीरों में एक का रुतबा घटा तो दूसरे का बढ़ गया। रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी को एक ही दिन में जहां 2.59 अरब डॉलर का झटका लगा है, वहीं अडानी ग्रुप के मालिक गौतम अडानी को 2.50 अरब डॉलर का फायदा हुआ है। दुनिया के अमीरों में एक का रुतबा घटा तो दूसरे का बढ़ गया।दरअसल दोनों के नेटवर्थ में हुए इस बदलाव का असर उनके ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स की रैंकिंग पर पड़ा है। अडानी 23वें से 22वें पर पहुंच गए हैं और अंबानी 18वें पोजीशन से 19वें पर आ गए हैं।



दरअसल सोमवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर सेंसेक्स टॉप लूजर रहे। अंबानी की बेंचमार्क कंपनी का यह शेयर 3.41 प्रतिशत टूटकर 1304.75 रुपये पर बंद हुआ। अंबानी के नेटवर्थ का बड़ा हिस्सा इन शेयरों से आता है। ऐसे में उनकी संपत्ति सोमवार को 2.59 अरब डॉलर कम होकर 88.4 अरब डॉलर रह गई। सोमवार को दौलत गंवाने वाले अरबपतियों में एलन मस्क के बाद मुकेश अंबानी ही थे। टेस्ला के एलन मस्क को 5.52 अरब डॉलर का झटका लगा था।

इसके उलट अडानी ग्रुप की अधिकतर कंपनियों के शेयरों में सोमवार को बढ़त देखने को मिली। इसका असर ये हुआ कि दुनिया के अमीरों की लिस्ट में अडानी का न केवल रुतबा बढ़ा, दौलत भी बढ़ गई। अब अडानी के पास 78.2 अरब डॉलर का नेटवर्थ है। सोमवार को जिन अमीरों की दौलत में उछाल आया, उनमें लैरी पेज पहले नंबर पर थे। उनकी दौलत में 2.87 अरब डॉलर की बढ़त हुई और अब उनका नेटवर्थ 257 अरब डॉलर हो गया है। इसके बाद जेफ बेजोस हैं। सोमवार को 2.62 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ अब इनका नेटवर्थ 235 अरब डॉलर हो गया है। सर्गी ब्रिन को 2.61 अरब डॉलर का फायदा हुआ और अब उनकी दौलत बढ़कर 239 अरब डॉलर हो गई है। गौतम अडानी को 2.50 अरब डॉलर का फायदा हुआ और इनकी दौलत 78.2 अरब डॉलर हो गई है। एलन मस्क को 5.52 अरब डॉलर की चोट पहुंची। वह सोमवार को टॉप लूजर रहे। इनका नेटवर्थ अब 630 अरब डॉलर रह गया है। इस लिस्ट में मुकेश अंबानी दूसरे नंबर पर हैं। इनका नेटवर्थ घटकर 88.4 अरब डॉलर रह गया है। जेंग युकुन को 2.17 अरब डॉलर का झटका लगा और अब इनका नेटवर्थ 60 अरब डॉलर रह गया है।

## ईरान युद्ध के कारण एलपीजी का सप्लाई टाइट हुई है

# छोटू एलपीजी सिलेंडर पर सरकार का बड़ा फैसला, सभी राज्यों में सप्लाई दोगुनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने राज्यों में प्रवासी श्रमिकों के लिए उपलब्ध 5 किलो के फ्री ट्रेड एलपीजी (एफटीएल) सिलेंडरों की रोजाना आपूर्ति को दोगुना करने का फैसला लिया है। ईरान युद्ध के कारण एलपीजी का सप्लाई टाइट हुई है। पेट्रोलियम मंत्रालय की ओर से जारी नोटिफिकेशन में बताया गया है कि राज्यों के लिए 5 किलो वाले सिलेंडर का कोटा दोगुना कर दिया गया है। इससे प्रवासी मजदूरों के साथ-साथ घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे छात्रों को भी फायदा होगा। मंत्रालय ने बताया कि छोटू सिलेंडर का यह बढ़ा हुआ आवंटन प्रवासी श्रमिकों को प्रदान की जाने वाली औसत दैनिक आपूर्ति पर आधारित होगा। यह संशोधित नया आवंटन सरकार द्वारा मार्च में घोषित की गई 20 प्रतिशत की पिछली सीमा के पार चला गया है। यानी अब पहले से कहीं ज्यादा सिलेंडर प्रवासी मजदूरों तक पहुंचाए जाएंगे। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि अतिरिक्त 5 किलो के एफटीएल सिलेंडर राज्य सरकारों और उनके खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभागों को उपलब्ध कराए जाएंगे। इनका वितरण सिर्फ प्रवासी मजदूरों के लिए होगा और इसमें ऑयल मार्केटिंग कंपनियां सहयोग करेंगी।



छोटू सिलेंडर फ्री ट्रेड एलपीजी कैटगरी में आता है। इसमें रेगुलर डोमेस्टिक एलपीजी कनेक्शन में आने वाली दिक्कतों को दूर किया गया है और यह आसानी से मिल जाता है। इस सिलेंडर को खरीदने के लिए आपको केवल अपनी पहचान का प्रूफ देना होता है। इसमें एड्रेस प्रूफ देने की जरूरत नहीं है। साथ ही कस्टमर को इसे रिफिल कराने के लिए एक ही डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाने की जरूरत नहीं है। आप इस सिलेंडर को कहीं भी रिफिल करना सकते हैं। इंडेन डिस्ट्रीब्यूटर के साथ-साथ किराना स्टोर्स और ऑथराइज्ड आउटलेट से भी इसे भराया जा सकता है। एफटीएल कनेक्शन ऐसे जरूरतमंद लोगों को दिया जा सकता है जो नया डोमेस्टिक कनेक्शन नहीं ले सकते हैं। इससे प्रवासी मजदूरों, छात्रों और ऐसे प्रोफेशनल्स को फायदा होगा जिनके पास परमानेंट एड्रेस नहीं है। ऑल इंडिया डिस्ट्रीब्यूटर्स फेडरेशन के प्रेजिडेंट चंद्र प्रकाश ने कहा कि यह प्रवासी मजदूरों के लिए बहुत अच्छा फैसला है। उन्होंने कहा, एफटीएल कनेक्शन ऐसे जरूरतमंद लोगों को दिया जा सकता है जो नया डोमेस्टिक कनेक्शन नहीं ले सकते हैं। इससे प्रवासी मजदूरों, छात्रों और ऐसे प्रोफेशनल्स को फायदा होगा जिनके पास परमानेंट एड्रेस नहीं है।

# सोने से सुरक्षित निवेश का दर्जा छीन रहा अमेरिकी डॉलर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आमतौर पर संकट के समय लोग सोने में निवेश करते हैं, लेकिन इस बार बड़ी संख्या में निवेशक डॉलर को ज्यादा सुरक्षित मान रहे हैं। कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने और ब्याज दरें ऊंची रहने से डॉलर मजबूत हुआ है, जबकि सोने में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया है। अमेरिका-ईरान युद्ध के चलते दुनियाभर में सुरक्षित निवेश की रणनीति में बड़ा बदलाव देखा जा रहा है। आमतौर पर संकट के समय लोग सोने में निवेश करते हैं, लेकिन इस बार बड़ी संख्या में निवेशक डॉलर को ज्यादा सुरक्षित मान रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने और ब्याज दरें ऊंची रहने से डॉलर मजबूत हुआ है, जबकि सोने में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया है।

**सोने की अहमियत कायम:** जब तक कच्चे तेल की कीमत ऊंची बनी रहेगी, महंगाई का डर बना रहेगा और बॉन्ड यील्ड ऊंची रहेगी, तब तक डॉलर को सोने पर बढ़त मिल सकती है। लेकिन सोने की अहमियत खत्म नहीं होगी। संभव है थोड़े समय सोना कमजोर रहे, लेकिन लंबे समय में सोना आर्थिक संकट, मुद्रा कमजोरी और वैश्विक अस्थिरता के खिलाफ सुरक्षा देने वाला निवेश बना रहेगा।



युद्ध शुरू होने के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में पहले तेज उछाल आया था लेकिन बाद में 40 साल की ऐतिहासिक गिरावट भी देखी गई। सोना उच्चतम स्तर से अब तक करीब 15 प्रतिशत टूट चुका है।

इस साल इसने 5,595.51 डॉलर के ऑल टाइम हाई को छुआ था। अब फिसलकर 4700 डॉलर के करीब बना हुआ है। गिरावट ने कई निवेशकों को हैरान कर दिया है, क्योंकि खासकर वे लोग जो ऊंचे दाम पर निवेश करने आए थे, अब उन्हें खासा नुकसान हुआ है। डॉलर की मजबूती का सबसे बड़ा कारण पेट्रो-डॉलर प्रणाली है। दुनिया में कच्चे तेल का अधिकांश व्यापार डॉलर में होता है। तनाव ने तेल की आपूर्ति को बाधित किया है, खासकर होर्मुज जलमार्ग में लगातार रुकावट के कारण इसकी कीमतों में तेज बढ़ोतरी हुई है। इससे डॉलर की मांग काफी ज्यादा बढ़ गई है और यह महंगा हो गया है। इसका सीधा असर सोने की खरीदारी पर पड़ा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर के मजबूत होने से अन्य देशों के लिए सोना खरीदना महंगा हो गया है, जिससे इसकी मांग घटी है और और कीमतों में तेज गिरावट आई है। वर्ष 2025 में लगभग 10 प्रतिशत गिरने के बाद मार्च 2026 में डॉलर सूचकांक दो प्रतिशत से अधिक बढ़ गया है। अनिश्चितता के समय डॉलर अब भी दुनिया की सबसे मजबूत मुद्रा बना हुआ है।

## टेक्सटाइल सेक्टर में बूम! 14 साल में 3 गुना बढ़ा बाजार, रिपोर्ट ने दिए बड़े संकेत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत का कपड़ा और अपैरल बाजार तेजी से विस्तार कर रहा है और इसकी झलक हाल ही में जारी रिपोर्ट में साफ दिखाई देती है। वस्त्र मंत्रालय के सर्वे के अनुसार, देश का टेक्सटाइल मार्केट 2024 में बढ़कर 14.95 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो 2010 में सिर्फ 4.89 लाख करोड़ रुपये था, यानी पिछले करीब 14 साल में इस सेक्टर ने शानदार ग्रोथ दिखाई है और यह हर साल औसतन 8.3 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। इस तेजी के पीछे सबसे बड़ी वजह घरेलू मांग में लगातार इजाफा है। जैसे-जैसे लोगों की आय बढ़ रही है और लाइफस्टाइल बदल रहा है, वैसे-वैसे कपड़ों पर खर्च भी बढ़ता जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, आज के समय में सिंथेटिक और मिक्स फाइबर वाले कपड़ों की मांग सबसे ज्यादा तेजी से बढ़ी है। इनका कुल बाजार में हिस्सा 52.2 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जबकि कॉटन यानी सूती कपड़ों की हिस्सेदारी 41.2 प्रतिशत है। वहीं, सिल्क और ऊन जैसे रेगुलर फाइबर की हिस्सेदारी काफी कम है। खास बात यह है कि सिंथेटिक और मिक्स फाइबर का बाजार 2010 के 1.47 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024 में 4.47 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो उपभोक्ताओं की बदलती पसंद को दर्शाता है। लोग अब ऐसे कपड़े पसंद कर रहे हैं।

# वंदे भारत के भोजन में फिर निकला कीड़ा !

## ठेकेदार पर 10 लाख का जुर्माना और ठेका भी हुआ रद्द

**अहमदाबाद, एजेंसी।** भारतीय रेल की सबसे प्रतिष्ठित ट्रेन है वंदे भारत एक्सप्रेस । इस ट्रेन में भी अहमदाबाद से मुंबई जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के क्या कहने। देश में चल रही तमाम वंदे भारत में इसे बेहद प्रतिष्ठित माना जाता है। लेकिन इस ट्रेन के भोजन में भी कीड़ा निकले तो आप क्या कहेंगे जी हां, 22962 वंदे भारत एक्सप्रेस के भोजन में कीड़ा मिलने की घटना सोशल मीडिया पर आई है। इस घटना से आहत आईआरसीटीसी ने उस ट्रेन के कैटरिंग ठेकेदार पर 10 लाख रुपये का जुर्माना ठोक दिया है। साथ ही टर्मिनेश का नोटिस भी सर्व कर दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आदित्य डिडवानिया ने इस वाकये को अपने हैंडल पर शेयर किया है। उसने लिखा है कि उनके कोच में कम से कम दो व्यक्ति के भोजन में कीड़ा निकला। इसके बाद पीड़ित यात्रियों के साथ साथ अन्य यात्रियों ने परोसे गए भोजन को खाना बंद कर दिया।




**ट्रेन का कैटरिंग ठेकेदार कौन:** डिडवानिया ने अपने पोस्ट में बताया है कि इस ट्रेन का कैटरिंग ठेकेदार या लाइसेंसी कंपनी मेसर्स ब्रंदावन फूड प्रोडक्ट्स है। यह रेलवे के सबसे बड़े कैटरिंग ठेकेदार आरके अग्रवाल ग्रुप की कंपनी है। उस यात्री ने भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, रेल मंत्रालय और भारतीय रेलवे कैटरिंग और टूरिज्म कॉर्पोरेशन आदि को टैग करते हुए इस कैटरिंग ठेकेदार के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की।

**ठेका रद्द हो:** वह लिखते हैं 'बस एक ही विनती है, उस ठेकेदार के यहां छापा मारें। मुझे विश्वास है कि उनके यहां के मानकों के अनुरूप भोजन नहीं बन रहा होगा। यदि ठेकेदार की गलती है तो उसका लाइसेंस रद्द करें।' आगे उन्होंने लिखा है 'उम्मीद है कि यह मामला रिश्वत लेकर रफा-दफा नहीं होगा। '

**आईआरसीटीसी ने किया टर्मिनेट:** इसी पोस्ट का जवाब देते हुए सरकारी कंपनी आईआरसीटीसी ने लिखा है, 'सर, असुविधा के लिए खेद है। इस मामले को को देखा गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए ठेकेदार पर 10 लाख रुपये का जुर्माना ठोका गया है। साथ ही सर्विस प्रोवाइडर को टर्मिनेशन नोटिस भी जारी किया गया है।

# फ्यूचर लाइफस्टाइल केस में बड़ा ट्विस्ट! कंपनी को मिली बड़ी राहत, 3 महीने में खत्म होगी दिवाला प्रक्रिया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रिटेल सेक्टर की प्रमुख कंपनी फ्यूचर लाइफस्टाइल फैशन्स लिमिटेड से जुड़े एक अहम मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। न्यायाधिकरण ने निर्देश दिया है कि कंपनी की दिवाला समाधान प्रक्रिया को अब तीन महीने के भीतर पूरा किया जाए, ताकि लंबे समय से चल रही इस प्रक्रिया को जल्द खत्म किया जा सके। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब कंपनी पहले ही वित्तीय संकट से जूझ रही है और इसके भविष्य को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। आइए जरा विस्तार से इसकी डिटेल्स जानते हैं।

दरअसल, इस मामले में एक लेनदार ने कंपनी की एक लीज (पट्टे) वाली संपत्ति को खाली कराने की मांग की थी, लेकिन राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण ने इस अपील को खारिज कर दिया। अदालत ने साफ कहा कि फिलहाल उस संपत्ति पर रेजुलेशन प्रोफेशनल का कब्जा है और इसे खाली नहीं कराया जा सकता। यह संपत्ति कंपनी के लिए बेहद अहम है, क्योंकि यहीं से उसका प्रमुख 'सेंट्रल' ब्रांड संचालित हो रहा है। जानकारी के मुताबिक, कंपनी के कुल कारोबार का 80 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा इसी एक लोकेशन से आता है।

न्यायमूर्ति योगेश खन्ना और अजय दास मेहरोत्रा की पीठ ने अपने आदेश में यह भी कहा कि कंपनी को एक चलती यूनिट के रूप में बनाए रखने के लिए इस संपत्ति का उसके पास रहना जरूरी है। अगर यह संपत्ति कंपनी के हाथ से निकल जाती है, तो उसकी संचालन क्षमता पर बड़ा असर पड़ सकता है और दिवाला प्रक्रिया भी प्रभावित हो सकती है। इसलिए अदालत ने संतुलन बनाते हुए संपत्ति को कंपनी के पास रखने का फैसला दिया। इसके साथ ही नेशनल



कंपनी लॉ एपिलेट ट्रिब्यूनल ने राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण और समाधान पेशेवर को निर्देश दिया कि वे इस पूरी प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाएं और तीन महीने के भीतर इसे पूरा करने की कोशिश करें। यह कदम इसलिए भी अहम है, क्योंकि दिवाला प्रक्रिया में देरी से कंपनी की वैल्यू कम होती है और लेनदारों को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

गौरतलब है कि फ्यूचर लाइफस्टाइल फैशन्स लिमिटेड कभी फ्यूचर ग्रुप का एक मजबूत हिस्सा हुआ करती थी, जो सेंट्रल और ब्रांड फैक्ट्री जैसे बड़े रिटेल ब्रांड्स का संचालन करती थी।

# झारखण्ड में समय पर ही होगा पंचायत चुनाव : मंत्री

## ओबीसी आरक्षण के शंखनाद से होगा पंचायत चुनाव की शुरूआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में पंचायत चुनाव की आहट तेज हो गई है। राज्य की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश में आगामी पंचायत चुनाव अपने निर्धारित समय पर ही संपन्न कराए जाएंगे।

विधानसभा परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए मंत्री ने उन तमाम अटकलों पर विराम लगा दिया, जिनमें चुनाव टलने की आशंका जताई जा रही थी। उन्होंने पुरजोर तरीके से कहा कि सरकार लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समय पर पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस बार के पंचायत चुनाव की सबसे बड़ी खासियत पिछड़ा वर्गों को मिलने वाला आरक्षण होगा। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने घोषणा की है कि विधानसभा में की गई घोषणा के अनुरूप, इस बार पिछड़ा वर्गों को आरक्षण का पूरा लाभ मिलेगा।

उन्होंने याद दिलाया कि पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण का मुद्दा सबसे पहले उन्होंने ही विधानसभा में ध्यानाकर्षण के माध्यम से प्रमुखता से उठाया था। सरकार की मंशा साफ है कि समाज के हर वर्ग



की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

आरक्षण की तकनीकी बारीकियों पर चर्चा करते हुए मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने पंचायत चुनाव में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण का प्रस्ताव तैयार कर केंद्र सरकार को भेज दिया है।

सरकार इस दिशा में गंभीर है कि चुनाव से पहले सभी कानूनी और संवैधानिक प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाएं। मंत्री ने इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को भी कड़े निर्देश जारी किए हैं कि वे अपनी तैयारी युद्ध स्तर पर रखें ताकि चुनाव के समय किसी भी प्रकार की बाधा न आए। मंत्री के अनुसार, झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग और राज्य चुनाव आयोग वर्तमान में जरूरी प्रक्रियाओं को पूर्ण करने में जुटे हुए हैं। सीटों के निर्धारण और आरक्षण के रोस्टर को लेकर विभागीय स्तर पर मंथन चल रहा है।

मंत्री ने आश्वस्त किया कि राज्य की जनता को अपनी पंचायतों को चुनने का मौका सही समय पर मिलेगा और यह चुनाव सामाजिक न्याय की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा।

## गार्ड ने की आत्महत्या

**दुमका।** शहर के टीन बाजार चौक स्थित एसबीआइ के एटीएम में काम करने वाले गार्ड 47 साल के रोबिन हेंब्रम ने सोमवार की कड़हरबिल स्थित घर में ही फांसी लगाकर जान दे दी। रात में पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया।बेटी सुनीता हेंब्रम के बयान पर नगर थाना की पुलिस ने यूडी केस दर्ज किया है। जान देने का कारण पत्नी की बीमारी और उसमें आ रहा खर्च बताया जा रहा है।

रोबिन ने रविवार को दिन भर एटीएम में डयूटी की और शाम को अपने घर चला गया। सोमवार की सुबह और शाम इंचार्ज धर्मेंद्र ने फोन किया, लेकिन उसने रिसीव नहीं किया। धर्मेंद्र के कहने पर मुहल्ले में रहने वाला दूसरा गार्ड जगाने गया, लेकिन अंदर से कमरा बंद मिला। काफी आवाज देने के बाद भी कमरा नहीं खोला तो उसने इंचार्ज को सारी बताई। इसके बाद इंचार्ज और कई गार्ड घर गए और खिड़की के दरवाजे में हाथ मारा। दरवाजे खुलते ही उसका शव नायलोन की पतली रस्सी के सहारे लटक रहा था। सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लिया।

# ट्रेनों की लेटलतीफी को ले विधायक ने दिया धरना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** चक्रधरपुर रेल मंडल में पिछले तीन वर्षों से ट्रेनों की लगातार लेटलतीफी को लेकर अब जनप्रतिनिधियों का आक्रोश खुलकर सामने आने लगा है।

इसी कड़ी में जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय मंगलवार सुबह से टाटानगर रेलवे स्टेशन के बाहर विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ धरने पर बैठ गए।

धरने के दौरान उन्होंने रेलवे प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी सिर्फ एक ही मांग है कि टाटानगर आने वाली ट्रेनों को समय पर चलाया जाए।

उन्होंने बताया कि चक्रधरपुर से टाटानगर की दूरी तय करने में जहां सामान्यतः कम समय लगना चाहिए, वहीं वर्तमान में ट्रेनों को 5 से 6 घंटे तक लग रहे हैं।

विधायक ने कहा कि चांडिल, कॉन्ट्रा और रखा माइंस जैसे स्टेशनों तक ट्रेनें समय पर पहुंचती हैं, लेकिन जमशेदपुर आते-आते 3 से 4 घंटे की देरी हो जाती है। इस पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है, इसका स्पष्ट जवाब रेलवे अधिकारियों के पास नहीं है।

उन्होंने चक्रधरपुर मंडल के डीआरएम तरुण हुरिया के बयान का जिक्र करते हुए बताया कि प्लेटफॉर्म की कमी और मालगाड़ियों के लिए अलग लूप लाइन नहीं होने को देरी का कारण बताया गया है। हालांकि, उन्होंने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि ऐसे बुनियादी काम वर्षों पहले पूरे हो जाने चाहिए थे।

सरयू राय ने यह भी आरोप लगाया कि कई बार यात्री ट्रेनों को सुदूर इलाकों में रोककर मालगाड़ियों को प्राथमिकता दी जाती है, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी होती है।

उन्होंने कहा कि कई ट्रेनों में पैंट्री कार तक नहीं होती, जिससे बच्चों और यात्रियों को भूखे रहना पड़ता है। उन्होंने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि रेल अधिकारियों की संवेदनशीलता खत्म हो चुकी है।

विधायक ने बताया कि ट्रेनों की देरी का असर मजदूरों पर भी पड़ रहा है। देर से पहुंचने के कारण उनकी हाजिरी कट जाती है, जिससे अब वे जमशेदपुर आने से कतराने लगे हैं। इसके अलावा टेंपो चालकों और अन्य वर्गों की आजीविका भी प्रभावित हो रही है।

उन्होंने रेलवे प्रशासन से सवाल किया कि आखिर प्राथमिकता किसे दी जानी चाहिए–यात्री ट्रेनों को या मालगाड़ियों को। उन्होंने मांग की कि यात्री ट्रेनों को प्राथमिकता दी जाए ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

धरने के दौरान विधायक ने कहा कि यह आंदोलन उनके व्यक्तिगत विवेक से शुरू किया गया है और इसमें सभी राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो एक समिति बनाकर ट्रेनों की देरी की समीक्षा कराई जाएगी और रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर वे दिल्ली जाकर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और रेल मंत्री से मुलाकात करेंगे और जमीनी हकीकत से अवगत कराएंगे।

# शिक्षक नियुक्ति मेरिट लिस्ट की जांच करेगी कमिटी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** हाई स्कूल शिक्षक नियुक्ति की राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट की जांच के लिए अब हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त जज गौतम कुमार चौधरी के नेतृत्व में वन मैन फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई गई है। जस्टिस दीपक रोशन की अदालत में सुनवाई के दौरान उक्त जानकारी दी गई।

इससे पहले अदालत ने रिटायर जस्टिस डॉ. एसएन पाठक के नेतृत्व में कमेटी बनाई थी, लेकिन उनके इन्कार के बाद जस्टिस चौधरी की कमेटी बनाई गई है।

हाई कोर्ट की एकलपीठ ने एक सितंबर 2025 को जेएसएससी की मेरिट लिस्ट की जांच के लिए हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त जस्टिस डॉ. एसएन पाठक का एक सदस्यीय आयोग का गठन कर मेरिट लिस्ट की जांच करने को कहा था, लेकिन जस्टिस पाठक ने इसमें असमर्थता जताई और आयोग में शामिल होने से इनकार कर दिया था।

शुक्रवार को खंडपीठ ने वादी और प्रतिवादी को किसी दूसरे जज से संपर्क कर कोर्ट को सूचित करने का निर्देश दिया। बता दें कि मीना कुमारी एवं अन्य की ओर से हाई कोर्ट में याचिकाएं दाखिल की गई है।

इसमें कहा गया है कि वर्ष 2016 में हाई स्कूल शिक्षक की नियुक्ति के लिए जारी राज्य स्तरीय मेरिट में त्रुटि है। उनसे कम अंक प्राप्त करने वालों को हाई स्कूल शिक्षक के रूप में नियुक्ति की गई है। एकलपीठ के इस आदेश को सरकार और जेएसएससी ने खंडपीठ में चुनौती भी दी है।

इसमें कहा गया है कि एकल पीठ के का आदेश उचित और नियमसम्मत नहीं है, इसलिए आदेश को निरस्त कर दिया जाए। जेएसएससी ने याचिका के माध्यम से लगभग 50 बिंदुओं को अदालत के समक्ष रखा है। जिसमें कहा है कि प्रार्थी ने कहा है कि कम अंक वाले को चयनित किया गया है और अधिक अंक वाले को चयनित नहीं किया गया है, यह गलत है।

# बिहटा में आत्मनिर्भरता की मिसाल बनी महिलाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहटा स्थित द ओशो कोचिंग सेंटर में प्योर इंडिया ट्रस्ट द्वारा आयोजित संगोष्ठी में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल देखने को मिली। कार्यक्रम में शामिल होकर उपस्थित लोगों ने इसे सामाजिक बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

बनो उद्यमी कार्यक्रम के तहत बिहटा प्रखंड की 14 महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ते हुए आत्मनिर्भर बनाने की पहल की गई। इस दौरान गरीब, वंचित, विधवा एवं दिव्यांग महिलाओं को प्राथमिकता देते हुए उन्हें सम्मानित किया गया और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए।

कार्यक्रम में बबन कुंवर सेवा समिति के सचिव अमित कुमार सिंह ने चयनित महिलाओं को उपहार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका



उत्साहवर्धन किया। वहीं, डाबर परिवार की ओर से प्रतिभागियों के बीच डाबर ग्लूकोज एवं नारियल पानी का निःशुल्क वितरण किया गया।

इस अवसर पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि निखिल कुमार सहित कई समाजसेवी मौजूद रहे। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण ही समाज के समग्र विकास का आधार है।

कार्यक्रम के अंत में आयोजकों की ओर से सीनियर जर्नलिस्ट व सामाजिक कार्यकर्ता केके सिंह सेंगर ने कहा कि इस तरह की पहल भविष्य में भी जारी रहेगी, ताकि अधिक से अधिक महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

## 4954 एएनएम की हुई पोस्टिंग

**पटना।** राज्य स्वास्थ्य समिति ने बड़ी संख्या में चयनित एएनएम को विभिन्न जिलों के अस्पतालों में पदस्थापित कर दिया है। मंगलवार को जारी आदेश के अनुसार, कुल 4954 एएनएम को अलग-अलग जिलों में तैनाती दी गई है। सभी चयनित अभ्यर्थियों को निर्देश दिया गया है कि वे 20 अप्रैल तक अपने आवंटित जिले के सिविल सर्जन कार्यालय में योगदान सुनिश्चित करें। समिति के अनुसार, संविदा के आधार पर कुल 5006 पदों के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें सफल अभ्यर्थियों में से 4954 को पदस्थापन दिया गया है।

# महिलाओं के खाते में पहुंची मईंया सम्मान योजना की राशि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार की लोकप्रिय मुख्यमंत्री मईंयां सम्मान योजना अब सिर्फ सहायता योजना नहीं, बल्कि राज्य की महिलाओं के सशक्तिकरण का सबसे बड़ा माध्यम बन गई है। मार्च 2026 की 20वीं किस्त चरणबद्ध तरीके से महिलाओं के बैंक खातों में पहुंचनी शुरू हो गई है। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए लाखों परिवारों को राहत मिल रही है, वहीं योजना के प्रभाव से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिली है।

सरकार ने 3 अप्रैल 2026 से ही कई जिलों में भुगतान शुरू कर दिया। धनबाद जिले में गुड फ्राइडे के मौके पर 3,52,326 महिलाओं के खातों में 88.08 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए। कुछ जिलों में यह प्रक्रिया 10 अप्रैल तक चलेगी। सामान्य लाभार्थियों को 2500 रुपये मिल रहे हैं, जबकि जिन्हें पिछली किस्तें बकाया थीं, उन्हें 5000 रुपये एक साथ दिए जा रहे हैं। भुगतान बैंक खातों में हो रहा है, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनी हुई है।

# धान अधिप्राप्ति मामले में नपे लखीसराय के डीएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सरकार ने लखीसराय के जिलाधिकारी मिथिलेश मिश्र को धान अधिप्राप्ति 2025-26 में कथित अनियमितताओं के आरोपों के बीच तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। उन्हें पटना में योगदान देने का निर्देश दिया गया है, जबकि एडीएम नीरज कुमार को अगले आदेश तक जिले का प्रभार सौंपा गया है।

लखीसराय जिले को वर्ष 2025-26 के लिए 47,235 एमटी धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य पहले से तय था। इसके अतिरिक्त 8,000 एमटी का लक्ष्य और आवंटित किया गया। आरोप है कि इसी अतिरिक्त लक्ष्य के वितरण में नियमों और विभागीय दिशा-निदेर्शों की अनदेखी की गई। सहकारिता विभाग की जांच में सामने आया कि लक्ष्य का आवंटन न तो अनुपातिक था और न ही निष्पक्ष। कुछ समितियों को जरूरत से अधिक लक्ष्य दे दिया गया, जबकि कई समितियां पूरी तरह उपेक्षित रही। जांच रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि भंडारण क्षमता, पूर्व प्रदर्शन और कार्यक्षमता जैसे जरूरी मानकों का समान रूप से पालन नहीं किया गया। सरकार ने इसे निर्णय प्रक्रिया में पारदर्शिता और वस्तुनिष्ठता की गंभीर कमी माना है।

जिलाधिकारी मिथिलेश मिश्र द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण की समीक्षा के बाद सरकार संतुष्ट नही हुई। अभिलेखीय तथ्यों से उनका पक्ष मेल नहीं खाता पाया गया, जिससे



प्रथम दृष्टया प्रशासनिक लापरवाही और निष्पक्षता की कमी की पुष्टि हुई।

सरकार ने इस मामले को कर्तव्य में लापरवाही और पद के दुरुपयोग की श्रेणी में रखा है। अखिल भारतीय सेवाएं (आचरण) नियमावली, 1968 और (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1969 के तहत विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना के मुताबिक, मिथिलेश मिश्र को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित करते हुए पटना बुलाया गया है। साथ ही अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी नीरज कुमार को अगले आदेश तक डीएम का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

## योगी जल्द आयेंगे सूर्य मंदिर

**औरंगाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के औरंगाबाद दौरे की तैयारी शुरू हो गई है। भाजपा के स्थापना दिवस के मौके पर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने लखनऊ में उनसे मुलाकात की। मुलाकात के दौरान विधायक ने देव सूर्य मंदिर में पूजा करने का आमंत्रण दिया, जिसे मुख्यमंत्री ने स्वीकार कर लिया। उन्होंने समय मिलने पर आने की सहमति जताई है।

योगी आदित्यनाथ के संभावित दौरे से देव क्षेत्र का धार्मिक महत्व और बढ़ने की उम्मीद है। साथ ही यह दौरा राजनीतिक दृष्टि से भी अहम माना जा रहा है।

मुलाकात के दौरान क्षेत्र के विकास, संगठन विस्तार और जनहित के मुद्दों पर भी बातचीत हुई। विधायक ने मुख्यमंत्री से मार्गदर्शन प्राप्त किया। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री का आगमन औरंगाबाद के लिए गर्व की बात होगी। इससे जिले को नई पहचान मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि देव सूर्य मंदिर की पहचान देशभर में फैलाने का प्रयास जारी है और मुख्यमंत्री के दौरे से इस दिशा में तेजी आएगी।

# बुरूदुईया गांव में रात को हाथियों ने मचाया तांडव, लोगों में दहशत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोइलकेरा।** गोइलकेरा प्रखंड की कुईडा पंचायत के बुरूदुईया गांव में हाथियों का तांडव थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार रात करीब नौ बजे एक हाथी ने गांव में घुसकर भारी तबाही मचाई, जिससे ग्रामीणों में दहशत और वन विभाग के प्रति गहरा आक्रोश है।

हाथी ने सबसे पहले ग्रामीण जूरे कोड़ाह के घर पर हमला बोल उसे ध्वस्त कर दिया। जान बचाने के लिए परिवार के सभी सदस्य घर छोड़कर अंधेरे में ही जंगल की ओर भाग निकले।

इसके बाद हाथी ने दीनबंधु कोड़ाह के घर के दरवाजे को तोड़ डाला। उस वक्त घर के भीतर दीनबंधु की पत्नी और बच्चे सो रहे थे, जिन्होंने सूझबूझ दिखाते हुए किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई।

गौरतलब है कि दो दिन पूर्व भी हाथियों ने रबुआकोचा और बेदडादुईया गांव में आनंद कोड़ाह के घर को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया था। मंगलवार सुबह सूचना मिलते ही मुखिया डॉ. दिनेश चंद्र बोयपाई बुरूदुईया पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की।

उन्होंने तत्काल राहत के रूप में राशन की व्यवस्था कराई। मुखिया ने बीडीओ विवेक कुमार से संपर्क कर स्थिति से अवगत कराया और वन विभाग से पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। पिछले कई दिनों से हाथियों का झुंड इलाके में सक्रिय है, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की ओर से हाथियों को खदेड़ने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। मुआवजे और सुरक्षा के अभाव में अब ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे रहा है।

## एनएटी मशीन उपलब्ध कराने की मांग

**जामताड़ा।** नगरवासियों को एक शिष्टमंडल आकाश साव के नेतृत्व में सिविल सर्जन डा. शिव कुमार मिश्र से मिला। इस दौरान रक्त अधिकोष केंद्र में न्यूक्लिक एसिड परीक्षण (एनएटी) मशीन की उपलब्धता नहीं रहने से होनेवाली परेशानियों से अवगत कराया है। बताया कि यह मशीन रक्त की गुणवत्ता व सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। जामताड़ा जिला रक्त अधिकोष में वर्तमान समय में माध्यम से रक्त में उपस्थित संक्रमण का प्रारंभिक स्तर पर ही सटीक परीक्षण किया जा सकता है। एनएटी मशीन की नही रहने से रक्त जांच की प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित एवं आधुनिक मानकों के अनुरूप नहीं हो पाती है।

# देवघर में 108 फीट ऊंची हनुमान प्रतिमा होगी स्थापित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** बिहार की राजधानी पटना के महावीर मंदिर में स्थापित हनुमान जी की प्रेरणा से महावीर कैंसर संस्थान, महावीर आरोग्य संस्थान, महावीर नेत्रालय और महावीर वात्सल्य अस्पताल जैसे संस्थानों का संचालन हो रहा है। देवघर में भी 108 फीट ऊंची हनुमान जी की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि हनुमान जी संताल परगना के लोगों के कल्याण में कितना बड़ा योगदान देंगे।

जाने-जाने हनुमान कथा वाचक प्रदीप भैया देवघर के मैहर गार्डेन में रविवार को सेवा फाउंडेशन की कार्यकारिणी समिति की बैठक में त्रिकूट पहाड़ के पास तिउरनगर में भगवान हनुमान की 108 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित करने के उद्देश्य पर प्रकाश डाल रहे थे।

उन्होंने कहा कि झारखंड और संताल परगना में हजारों की संख्या में हनुमान मंदिर हैं। देश में 105 फीट से भी ऊंची प्रतिमाएं मौजूद हैं। ऐसे में एक और ऊंची प्रतिमा बनाने का उद्देश्य केवल भव्यता नहीं, बल्कि सेवा कार्यों को विस्तार देना है।

उन्होंने कहा कि जिस तरह पटना का महावीर मंदिर स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से प्रतिदिन हजारों लोगों को लाभ पहुंचा रहा है, उसी तरह देवघर में स्थापित होने वाली हनुमान जी की प्रतिमा से जुड़े सेवा प्रोजेक्ट संताल परगना के लोगों को स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में मदद करेंगे।

अपनी यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि करीब ढाई दशक पहले संताल परगना के पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा क्षेत्र में संथाल और पहाड़िया समुदाय के बीच शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा का कार्य शुरू किया था। उस समय उनके पास मात्र 65 रुपये थे, लेकिन कुछ कर गुजरने का दृढ़ संकल्प था। आज सभी के सहयोग से यह प्रयास आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि हनुमान जी की प्रतिमा और उससे जुड़े सेवा प्रोजेक्ट का निर्माण तीन चरणों में होगा, जिसमें पहला चरण 2029 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

## पुणे एवं मुम्बई के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेनें

**बक्सर।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान ट्रेनों में होने वाली भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने रास्ते दानापुर और समस्तीपुर से पुणे एवं मुंबई के लिए समर स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया है। हाजीपुर मुख्यालय से जारी सूचना के अनुसार, ये ट्रेनें डीडीयू-प्रयागराज छिवकी और जबलपुर के रास्ते चलेंगी। इससे बक्सर के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।

पुणे-दानापुर स्पेशल 01449/01450 ट्रेन 15 जुलाई तक प्रतिदिन चलेगी। पुणे से चलकर यह ट्रेन तीसरे दिन मध्यरात्रि 00:16 बजे यहां पहुंचेगी। वापसी में दानापुर-हडपसर स्पेशल प्रतिदिन दानापुर से चलकर सुबह 06:43 बजे बक्सर पहुंचेगी और अगले दिन पुणे पहुंचेगी। लोकमान्य तिलक दानापुर स्पेशल 01143/01144 मुंबई जाने वाले यात्रियों के लिए यह ट्रेन 15 जुलाई तक प्रतिदिन उपलब्ध रहेगी। एलटीटी से चलकर यह ट्रेन अगले दिन शाम 16:40 बजे बक्सर पहुंचेगी। वहीं, वापसी में दानापुर से चलकर रात 22:50 बजे बक्सर रुकते हुए मुंबई जाएगी।

# बहु की शिकायत पर दो कट्टे के साथ ससुर गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेहरमा (गोड्डा)।** पतोहू की शिकायत पर पुलिस ने ससूर को दो अवैध देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मामला थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंघाड़ी गांव का है।थाना प्रभारी सौरभ कुमार ठाकुर ने बताया कि गांव की 40 वर्षीय फूलन देवी के द्वारा बीते रविवार को थाना पहुंचकर शिकायत की गई थी कि घर में उनके 65 वर्षीय ससुर निरंजन मंडल दो अवैध देसी कट्टा रखे हुए हैं।

जानकारी के अनुसार, महिला फूलन देवी की उनके ससूराल में नहीं बन रही थी। किसी बात को लेकर पति, ससूर सहित सास से तु-तु मैं-मैं हो गई थी। इस बीच बहु फूलन देवी को पता था कि उनके ससूर के पास अवैध आग्नेयास्त्र है। जिसकी सूचना उनके द्वारा मेहरमा थाना पहुंचकर पुलिस को दे दी गई।

इस बात की सूचना वरीय पदाधिकारी को देते हुए उनके निदेर्शानुसार सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु एक विशेष छापामारी दल का गठन कर आरोपित निरंजन मंडल के घर पहुंचा गया।

निरंजन मंडल से पूछताछ के क्रम में उनकी निशानदेही पर उनके घर से दो अवैध देसी कट्टा को बरामद किया गया। जिसे विधिवत जप्त कर आरोपित निरंजन मंडल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया दिया गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि पतोह फूलन देवी का अपने आरोपित ससुर निरंजन मंडल, पति जितेंद्र कुमार मंडल तथा सास के साथ आए दिनों पारिवारिक कलह होते रहती थी। इस पर उन्हौंने घर में अवैध देसी कट्टा रखने की जानकारी पुलिस को दी।

पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि घर में अवैध देसी कट्टा रखने का उनका उद्देश्य क्या था।थाना प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में मामले की गहनता पूर्वक जांच पड़ताल की जा रही है।

# महुआ के लिए जंगल को जला रहे लोग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डुमरी।** वैशाख माह की शुरूआत के साथ ही महुआ चुनने के लिए जंगलों में आग लगाने की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। इससे वन क्षेत्र को भारी नुकसान हो रहा है, वहीं आग में झुलसकर जीव-जंतु भी मर रहे हैं। बावजूद इसके, वन विभाग की ओर से प्रभावी रोकथाम नहीं दिख रही है।

निमियाघाट थाना क्षेत्र के पारसनाथ पहाड़ी की तलहटी में इन दिनों कुछ लोग जानबूझकर जंगल में आग लगा रहे हैं, ताकि गिरे हुए महुआ फूल आसानी से इकट्ठा किए जा सकें। इस प्रक्रिया में कीमती व औषधीय पेड़-पौधे जलकर नष्ट हो रहे हैं। साथ ही, पर्यावरण पर भी इसका गंभीर असर पड़ रहा है, जिससे ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की समस्या और बढ़ रही है।

झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो ने कहा कि वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान का ग्रामीणों पर अपेक्षित प्रभाव नहीं पड़ रहा है। उन्होंने महुआ सीजन में जंगलों में आग लगाने पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की। उनका कहना है कि आग से छोटे पौधे नष्ट हो जाते हैं और हरे-भरे जंगल तेजी से खत्म हो रहे हैं।

उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे जंगलों में आग न लगाएं और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा करें। वहीं, फोरेस्टर मनीष कुमार ने चेतावनी दी कि महुआ पेड़ों के नीचे आग लगाते पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


# टिहरी झील की लहरों में दिखेगा करतब

## ● प्रदेश में पहली बार ऑल इंडिया पुलिस वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड के लिए गर्व और रोमांच से भरा एक ऐतिहासिक अवसर आने जा रहा है. उत्तराखंड में पहली बार 25 वीं ऑल इंडिया पुलिस वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. यह बहुप्रतीक्षित प्रतियोगिता 8 से 12 अप्रैल तक टिहरी झील स्थित डब्ल्यूएसएआई (वाटर स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर इंस्टीट्यूट) आईटीबीपी परिसर में आयोजित होगी।

देश भर की पुलिस और अर्धसैनिक बलों की टीमें इस प्रतियोगिता में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगी. प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ 9 अप्रैल को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किया जाएगा. इस आयोजन को लेकर राज्य सरकार और सुरक्षा एजेंसियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में असम राइफ़ल्स, सेंट्रल रिज़र्व पुलिस फोर्स ,बॉर्डर सिक्योरिटी बल और आईटीबीबी सहित देशभर की कुल 19 टीमों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे. प्रतियोगिता के दौरान कुल 52



इवेंट्स आयोजित किए जाएंगे, जिनमें कयाकिंग, कैनोइंग, रोइंग और अन्य रोमांचक जल क्रीड़ाएं शामिल हैं।

आईटीबीपी नॉर्दर्न फ्रंटियर के आईजी मनु महाराज ने प्रदेश वासियों से अपील करते हुए कहा कि यह आयोजन उत्तराखंड के लिए गौरव का विषय है. उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाने का आह्वान किया है।

उनका कहना है कि इस तरह के आयोजन न केवल खेलों को बढ़ावा देते हैं, बल्कि राज्य की पर्यटन क्षमता को भी नई पहचान दिलाते हैं. टिहरी झील, जो पहले से ही अपने प्राकृतिक सौंदर्य और एडवेंचर स्पोर्ट्स के लिए जानी जाती है, अब राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन के जरिए देशभर में एक नई पहचान बनाने जा रही है।

प्रतियोगिता के दौरान सुरक्षा, व्यवस्थाओं और खिलाड़ियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं. आईटीबीपी को इस आयोजन की पूरी जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसे लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं. इस आयोजन के जरिए उत्तराखंड को वॉटर स्पोर्ट्स के नक्शे पर मजबूती से स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

साथ ही यह प्रतियोगिता युवाओं को जल क्रीड़ाओं की ओर आकर्षित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी. कुल मिलाकर 8 से 12 अप्रैल के बीच टिहरी झील खेल, रोमांच और देशभक्ति के रंग में रंगी नजर आएगी, जहां देश भर के जांबाज अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरते दिखाई देंगे।

# फ़ीडे कैंडिडेट शतरंज का आधा पड़ाव पार

## ● पुरुष वर्ग में सिंदारोव आगे, महिला वर्ग में दिव्या वैशाली के पास है मौका

**साइप्रस (एजेंसी)।** फ़ीडे कैंडिडेट शतरंज में सातवें राउंड के बाद पुरुष वर्ग में उज़्बेकिस्तान के 20 वर्षीय जावोखीर सिंदारोव 6 अंक बनाकर सबसे आगे चल रहे है , उनका प्रदर्शन इतना शानदार रहा है की दूसरे स्थान पर चल रहे यूएसए के फैबियानो कारुआना उनसे 1.5 अंक पीछे 4.5 पर तो तीसरे स्थान पर काबिज भारत के आर प्रज्ञानन्दा और नीदरलैंड के अनीश गिरी उनसे 2.5 अंक पीछे 3.5 अंकों पर खेल रहे है , ऐसे में अब देखना यह है की जब दूसरे पड़ाव में बचे हुए सात राउंड में यह सभी खिलाड़ी



सिंदारोव के खिलाफ़ कैसा प्रदर्शन करते है और क्या विश्व कप से लगातार जारी सिंदारोव के विजय रथ पर अब कोई रोक लगा पाएगा । एक दिन के विश्राम के पहले सातवें राउंड में चीन के वे यी नें रूस के आंद्रे एसिपेंको को मात देकर अपनी पहली जीत दर्ज की जबकि अन्य बाज़ियों में प्रज्ञानन्दा नें यूएसए के कारुआना से यूएसए के नाकामुरा नें जर्मनी के मैथियास ब्लूबम से और अनीश गिरी नें सिंदारोव से ड्रा खेला ।

महिला वर्ग में फ़िलहाल कोनेरू हंपी के हटने से अंतिम समय में शामिल हुई यूक्रेन की अन्ना मुज़्यचुक 4.5 अंक बनाकर सबसे आगे चल रही है हालांकि लगातार दो जीत के दम पर भारत की आर वैशाली 4 अंक बनाकर दूसरे तो दिव्या देशमुख एक जीत और एक ड्रा खेलने के बाद 3.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुँच गई है । वैशाली नें सातवें राउंड में चीन की पूर्व विश्व चैंपियन तान झोंगयी को पराजित किया ।

# बारिश की भेंट चढ़ा कोलकाता-पंजाब मैच

## ● केकेआर बुरी तरह हारने से बची, दोनों टीमों को मिला एक-एक अंक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 का 12वां मुकाबला बारिश की भेट चढ़ गया। यह मैच कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में चल रहा था। च्यक्रने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था। मुकाबले की पहली पारी में बैटिंग करने मैदान में उतरी टीम 3.4 ओवर ही खेल पाई थी कि बारिश के चलते मैच को रोकना पड़ा गया। टीम ने 2 विकेट के नुकसान पर 25 रन बनाए थे। क्रीज पर मौजूद अजिंक्य रहाणे 6 गेंदों में 08 रन और अंगकृष रघुवंशी ने 7 गेंदों में 07 रन बना कर खेल रहे थे। कोलकाता और पंजाब किंग्स के मैच में बारिश रुक गई



थी। मगर कट-ऑफ टाइम तक खेल चालू नहीं हो पाया था जिसके कारण फैसला कैसे होगा आपके दिमाग में यह सवाल उठ रहा होगा? तो यहां जान लीजिए इसको लेकर बीसीसीआई का पूरा नया नियम क्या है? कट-ऑफ टाइम यानी रात 11 बजकर 14 मिनट तक मैच शुरू नहीं हो पाया है इसलिए यह मैच रद्द कर दिया गया। अगर कट-ऑफ टाइम में मैच शुरू हो जाता तो कोलकाता और पंजाब के बीच 5-5 ओवर का मैच होता। च्यक्रतीसरा ओवर (3.4) खेल रही थी। कट-ऑफ टाइम के हिसाब से कोलकाता को 8 गेंदे खेलने को और मिलती ऐसे में टीम को बड़ा नुकसान उठाना पड़ता। मैच रद्द होने के बाद दोनों टीमों को एक-एक अंक दे दिया गया है। मुकाबले में बारिश ने खलल डाला तो कोलकाता को फायदा हो गया। क्योंकि टीम ने जिस तरह की शुरुआत की थी उससे हारना तय था। पंजाब किंग्स के अब 5 पॉइंट्स हो गए हैं और वह टेबल के टॉप पर पहुंच गई है। बता दें, पंजाब किंग्स अब तक एक भी मैच नहीं हारी है।

**एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप**

# प्रीति, प्रिया और अरुंधति फाइनल में पहुंचीं

## ● अब तक चार बॉक्सर फाइनल में, निखत जरीन और लवलीना टूर्नामेंट से बाहर

**मंगोलिया (एजेंसी)।** मंगोलिया के उलानबटोर में चल रही एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में भारत के लिए सोमवार का दिन मिला-जुला रहा। प्रीति पवार, प्रिया और अरुंधति चौधरी ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बना ली है। अब तक भारत की चार मुक्केबाज फाइनल में पहुंच चुकी हैं। प्रीति पवार ने पेरिस ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट को एकतरफा मुकाबले में हराकर गोल्ड मेडल की उम्मीद मजबूत कर दी है। वहीं, निखत जरीन और लवलीना बोरगोहेन को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा, जिससे उन्हें ब्रॉन्ज मेडल से ही संतोष करना पड़ा।



**प्रीति ने पेरिस ओलिंपिक मेडलिस्ट को शिकस्त दी-** 54 केजी वेट कैटेगिरी में प्रीति पवार ने पेरिस ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट कोरिया की एजी इम को 5-0 से हराया। वर्ल्ड बॉक्सिंग कप की गोल्ड मेडलिस्ट प्रीति ने तीनों राउंड में अपना नियंत्रण बनाए रखा और विपक्षी खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया। अब फाइनल में उनका मुकाबला चीनी ताइपे की हुवांग ह्सियाओ-वेन से होगा, जो तीन बार की वर्ल्ड चैंपियन और टोक्यो ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट हैं।

प्रीति पवार ने पेरिस ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट को हरा कर एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप के फाइनल में अपना स्थान पक्का किया।

**प्रिया और अरुंधति भी फाइनल में- गोल्ड के लिए भिड़ेंगी-** 60 किलोग्राम वेट कैटगिरी में प्रिया ने स्थानीय खिलाड़ी मंगोलिया की नामून मोंखोर को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराया। अब वे फाइनल में उत्तर कोरिया की उन ग्योंग वॉन से भिड़ेंगी। वहीं, 70 किलोग्राम कैटेगरी में अरुंधति चौधरी ने उज्बेकिस्तान की ओयशा तोइरोवा को 4-1 से हराया। फाइनल में उनका सामना कजाकिस्तान की बकित सेदिश से होगा। 60 किलोग्राम वेट कैटगिरी में प्रिया नेमंगोलिया की नामून मोंखोर को 5-0 से हराकर एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप के फाइनल में अपना स्थान पक्का किया।

### बिजली कटने से अंकुशिता बोरो को अंकों के आधार पर हार मिली

65 किलोग्राम वेट में अंकुशिता बोरो और चीनी ताइपे की निएन-चिन चेन के बीच मैच के दौरान पहले राउंड के बाद बिजली गुल हो गई। काफी देर तक बाधा रहने के कारण मैच का फैसला पॉइंट्स के आधार पर किया गया, जिसमें अंकुशिता को 0-3 से हार का सामना करना पड़ा।

**आज दो कैटगिरी का सेमीफाइनल-** चैंपियनशिप के अगले दौर में 7 अप्रैल को भारत की दो और मुक्केबाज (48केजी और 57केजी कैटेगरी) अपने सेमीफाइनल मुकाबले खेलेंगी।

# सट्टेबाजी का दबाव खिलाड़ियों को तोड़ रहा

## ● टारगेट पूरे करने के लिए एथलीट्स को परिजनों की हत्या की धमकी, अपशब्दों की बौछार

न्यूयॉर्क (एजेंसी)। एक कॉलेज बास्केटबॉल खिलाड़ी मैच शुरू होने से पहले अपना मोबाइल खोलता है। स्क्रीन पर अजनबी का संदेश दिखता है, 'सुनो, यह मजाक नहीं है। अगर तुमने आज 22 पॉइंट्स व 12 बाउंड्स नहीं बनाए, तो उसकी काबिलियत पर 'दांव' लगा था। हालांकि वह मैदान में उतरा और स्वाभाविक खेलने की कोशिश भी की। एक्सपर्ट कहते हैं, हम इस समय 'मार्च मैडनेस' के बीच में हैं- जो अमेरिकी खेलों में सबसे अधिक सट्टेबाजी वाला




तुम्हारे सभी करीबी मार दिए जाएंगे।' यह डरावना संदेश किसी फिल्म की पटकथा नहीं, बल्कि 2024 के एनसीएए (नेशनल कॉलेजिएट एथलेटिक एसोसिएशन) की स्टडी का हिस्सा है। उस खिलाड़ी ने अभी कोर्ट पर कदम भी नहीं रखा था, न ही कोई शॉट मिस किया था। उसका कसूर सिर्फ इतना था कि सट्टेबाजी की दुनिया में

आयोजन है। अनुमान है कि अकेले इस साल के टूर्नामेंट पर 25 हजार करोड़ रुपए दांव पर लगे हैं। हार्वर्ड बिजनेस स्कूल की प्रोफेसर और मनोवैज्ञानिक एमी कडी कहती हैं, 'आज के एथलीट सिर्फ शारीरिक थकान से नहीं, बल्कि नए मनोवैज्ञानिक खतरे से जूझ रहे हैं, जिसे 'सोशल-इवैल्यूएटिव थ्रेट' (सामाजिक परख का खतरा) कहते हैं।

**बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप 2026**

**लक्ष्य-सिंधु पर होगा दारोमदार**

# भारत को लगा बड़ा झटका, सात्विक-चिराग की जोड़ी टूर्नामेंट से हटी

**निंगबो (चीन) (एजेंसी)।** बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप शुरू होने से पहले भारत को बड़ा झटका लगा है. सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है. सात्विक कंधे की चोट से उबर रहे हैं जिसके कारण इस स्टार भारतीय जोड़ी को टूर्नामेंट से नाम वापस लेना पड़ा. बता दें कि सात्विक और चिराग ने 2023 में इस प्रतियोगिता का खिताब जीता था।

भारतीय कोच टैन किम हेर ने न्यूज एजेंसी को बताया, सात्विक को अभी भी कुछ दर्द है, इसलिए वे इस सप्ताह नहीं खेल पाएंगे. सात्विक के दाहिने कंधे में दर्द के कारण यह भारतीय जोड़ी स्विस ओपन में भी क्वार्टर फाइनल के मैच से भी हट गई थी।




**लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु से उम्मीद-** अब इस प्रतियोगिता में भारत का दारोमदार शानदार फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन और अनुभवी पीवी सिंधु पर टिकी रहेंगी. यह दोनों इस प्रतियोगिता में एकल में देश के खिताब के 61 साल से चले आ रहे इंतजार को खत्म करने की कोशिश करेंगे।

### एशिया चैंपियनशिप जीतने वाले भारतीय

पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन दिनेश खन्ना एकमात्र भारतीय हैं जिन्होंने 1965 में एशिया चैंपियनशिप में पुरुषों के एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।

लक्ष्य ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में उपविजेता रहे थे जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के लिए इंग्लैंड जाते समय दुबई में फंस गई थीं, जिसके चलते उन्हें टूर्नामेंट से हटना पड़ा।

### चैंपियनशिप में भाग लेने वाले दूसरे भारतीय

पुरुष एकल वर्ग में भी भारत के कुछ अन्य खिलाड़ी भी अपनी चुनौती पेश करेंगे. जिसमें एचएस प्रणय, किदांबी श्रीकांत और आयुष शेट्टी हैं. वहीं महिला एकल में सिंधु के अलावा उन्नति हुडा, तन्वी शर्मा और मालविका बंसोड़ हैं। पुरुष युगल में हरिहरन आमसकारुनन व एमआर अर्जुन और पी कृष्णमूर्ति रॉय व साई प्रतीक की जोड़ी हैं. महिला युगल में अश्विनी भट व शिखा गौतम, त्रीसा जॉली व गायत्री गोपीचंद पुलेला और प्रिया कोंजेंगबम व श्रुति मिश्रा की जोड़ी है। मिश्रित युगल में रोहन कपूर व गड्डे रूथविका शिवानी, अशिथ सूर्या व अमृता प्रमुथेश, और ध्रुव कपिला व तनीषा क्रैस्टो की भारतीय जोड़ी है।

**बड़े टूर्नामेंट से पहले होगी अहम तैयारी**

# अर्जेंटीना दौरे पर जाएगी भारतीय महिला हॉकी टीम




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम चार मैचों की श्रृंखला के लिए अर्जेंटीना का दौरा करेगी। यह मुकाबले 13 से 17 अप्रैल के बीच ब्यूनस आयर्स में खेले जाएंगे। टीम अपने सभी मैच नेशनल सेंटर ऑफ हाई परफॉर्मेंस एथलेटिक्स सेंटर (सीएएनएआरडी) में खेलेगी। यह दौरा टीम के लिए बड़े टूर्नामेंट से पहले अहम तैयारी माना जा रहा है।

### कब और कहां होंगे मुकाबले

भारतीय महिला टीम अर्जेंटीना के खिलाफ 13, 14, 16 और 17 अप्रैल को मुकाबले खेलेगी। सभी मैच ब्यूनस आयर्स के सीएएनएआरडी मैदान पर आयोजित होंगे। इस दौरे में टीम को मजबूत विपक्ष के खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा, जिससे खिलाड़ियों को अपनी रणनीति सुधारने का अवसर मिलेगा।

### भारत-अर्जेंटीना के बीच कड़ी टक्कर

भारत और अर्जेंटीना के बीच हाल के वर्षों में कड़े मुकाबले देखने को मिले हैं। पिछले साल एफआईएच प्रो लीग में दोनों टीमों के बीच मैच 2-2 से बराबरी पर खत्म हुआ था। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट में नतीजा निकला, जो मुकाबले की रोमांचकता को दर्शाता है। इस बार भी करीबी टक्कर की उम्मीद है।

### बड़े टूर्नामेंट की तैयारी

यह दौरा आगामी एफआईएच हॉकी विश्व कप और एशियाई खेलों की तैयारी के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। विश्व कप अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में आयोजित होगा। वहीं एशियाई खेल सितंबर-अक्टूबर में जापान के आइची-नागोया में खेले जाएंगे।

**कोच का बयान-** भारतीय टीम के मुख्य कोच ने कहा, हम 24 खिलाड़ियों के साथ अर्जेंटीना जा रहे हैं। यह फैसला सोच-समझकर लिया गया है ताकि ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को मौका मिल सके। उन्होंने आगे कहा, %अर्जेंटीना दुनिया की बेहतरीन टीमों में से एक है। इस दौरे से हमें हर खिलाड़ी को परखने और सही समय पर बेहतर विकल्प चुनने का मौका मिलेगा।

### टीम वर्क पर खास जोर

कोच ने टीम चयन को लेकर स्पष्ट किया, इस टीम में जगह बनाने के लिए आपको पहले यह साबित करना होगा कि आप एक 'टीम प्लेयर' हैं। उन्होंने कहा, व्यक्तिगत प्रदर्शन जरूरी है, लेकिन टीम के साथ तालमेल और सहयोग के बिना जगह बनाना मुश्किल है।

**संक्षिप्त समाचार**

## दिल्ली विधानसभा का सुरक्षा घेरा 'चकनाचूर',हाईलेवल मीटिंग होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा में सुरक्षा



में लापरवाही के मामले में विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता जल्द सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे। दिल्ली पुलिस, सीआरपीएफ, दिल्ली सरकार के अधिकारियों सहित विभिन्न एजेंसियों को बैठक में शामिल किया जाएगा। विधानसभा की सुरक्षा को लेकर विभिन्न पहलुओं पर विचार किया जाएगा। यहां बता दें कि पिछले कुछ माह से दिल्ली विधानसभा को ईमेल द्वारा बम से उड़ने की धमकियां मिलने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां तक कि बजट सत्र शुरू होने वाले दिन 23 मार्च और उसके बाद 24 मार्च फिर 25 मार्च को लगातार दिल्ली विधानसभा के ईमेल पर और विधानसभा अध्यक्ष के ईमेल आइडी पर भी धमकी भरे मेल प्राप्त हुए थे। उसके बाद से लगातार यह मुद्दा चर्चा का विषय बना हुआ है। मगर अब सोमवार को जिस तरीके से एक व्यक्ति द्वारा कार के साथ गेट तोड़कर अंदर प्रवेश करने की घटना हुई है। इससे सुरक्षा को लेकर और माहौल गर्मा गया है। विधानसभा में 44 सुरक्षाकर्मी तैनात है जिसमें 21 सीआरपीएफ के जवान हैं बाकी दिल्ली पुलिस के कर्मी हैं। इसके बाद भी इस तरीके की घटना हो जाना और अवैध रूप से घुसे व्यक्ति के 6 मिनट तक विधानसभा परिसर में रहना, यह बताता है कि सुरक्षा में कहीं न कहीं कमी जरूर है। इन्हीं सब मुद्दों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष बैठक में सुरक्षा एजेंसियों के लोगों से चर्चा करेंगे। बताया जा रहा है कि सभी गेटों पर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए और प्रबंध किए जाने पर भी विचार किया जा सकता है।

## न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में पाइपलाइन टूटी, पांच दिन से सड़क पर बर्बाद हो रहा पानी

**दक्षिणी दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी दिल्ली स्थित न्यू फ्रेंड्स कालोनी के ए ब्लाक में क्षतिग्रस्त पाइपलाइन के चलते कई दिनों से लोग परेशान



हैं। स्थानीय निवासियों के मुताबिक पिछले पांच दिनों से पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त है। इसकी वजह से पानी लगातार सड़क पर बहकर बर्बाद हो रहा है। एक तरफ जहां लीकेज की वजह से घरों में पानी का प्रेशर बेहद कम होने से लोग परेशानी झेल रहे हैं। वहीं दूसरी ओर सड़क पर जलभराव होने से आने-जाने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की शिकायत है कि क्षेत्र में पेयजल लाइनें 50 वर्ष से भी अधिक पुरानी हैं। इस कारण आए दिन पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की परेशानी बनी रहती है। इससे कई बार घरों में दूषित पेयजल आपूर्ति का सामना भी करना पड़ता है। इसके अलावा लोगों को पानी की किल्लत से भी जूझना पड़ता है। पिछले पांच दिनों से पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से पेयजल सड़क पर बह रहा है। इसे लेकर दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों से शिकायतें की जा रही हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। सरकार से मांगी मदद क्षतिग्रस्त पाइपलाइन और पेयजल बर्बादी को लेकर स्थानीय आरडब्ल्यूए की ओर से एक्स पर वीडियो साझा कर समस्या के बारे में जानकारी दी गई है। इसमें दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ, जल मंत्री प्रवेश वर्मा, उप राज्यपाल सहित तमाम अधिकारियों व विभागों को टैग कर समस्या के बारे में बताया गया है। वहीं तत्काल इस समस्या का समाधान करने और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने को भी लिखा है।

# दिल्ली में वायु प्रदूषण से निपटने की तैयारी तेज

### सड़कों पर 70 इलेक्ट्रिक रोड स्वीपिंग मशीनें उतारेगा एमसीडी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता का स्तर सुधार के लिए नगर निगम दो तरफा जंग लड़ने की तैयारी कर रहा है। इसमें दिल्ली सरकार के सहयोग से जहां 70 मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनें (एमआरएस) आने से सड़कों से धूल हटाने का काम होगा तो वहीं इन वाहनों के डीजल के ईंधन की वजह से वायु प्रदूषण न हो इसका भी ख्याल होगा। इसके लिए एमसीडी 70 मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों को इलेक्ट्रिक ईंधन युक्त खरीदेगी। सब कुछ ठीक ठाक रहा तो अक्टूबर में होने वाले वायु प्रदूषण के खराब स्तर से पहले यह वाहन एमसीडी के बेड़े में शामिल हो जाएंगे। एमसीडी ने इसके लिए तीन पैकेज बनाकर निविदाएं आमंत्रित की हैं। इसमें 1400 करोड़ की लागत से इन मशीनों को खरीदने का कार्य होगा। जिसमें ईलेक्ट्रिक मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों के साथ छह इलेक्ट्रिक वाटन टैंकर,24 इलेक्ट्रिक डस्ट डंपर, 140 इलेक्ट्रिक लिटर पिकर होंगे। दिल्ली के महापौर राजा



इकबाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सीएम रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली की ट्रिपल इंजन की सरकार हर उस मुद्दे के समाधान में लगी है जो कि पिछली सरकार ने पूरी तरह से नजरअंदाज किया।

उन्होंने दिल्ली में भाजपा की सरकार आने के बाद न केवल जो दिल्ली सरकार से अनुदान मिलना चाहिए वह तय अनुदान से ज्यादा मिल रहा है बल्कि विभिन्न परियोजनाओं के लिए भी फंड मिल रहा है। इसी कड़ी में एमसीडी 1415 करोड़ की दिल्ली सरकार की सहायता के साथ इलेक्ट्रिक मशीनों को अपने बेड़े में शामिल करने जा रहा है। हमने इसके लिए निविदा आमंत्रित कर दी है। महापौर ने कहा कि इन मशीनों के आने से दिल्ली की सड़कों पर धूल से होने वाले प्रदूषण और गंदगी को कम करन में सहायता मिलेगी। एमसीडी की योजना है कि इन सड़कों को लोक निर्माण विभाग की 60 फिट से अधिक चौड़ी सड़कों पर चलेगी। इसके बाद एमसीडी की जो मशीनें अभी है वह 30-60 फुट चौड़ी सड़कों पर चलेगी। फिलहाल एमसीडी की 58 मशीनें ही पीडब्ल्यूडी की 60 फिट से अधिक चौड़ी सड़कों पर चल रही हैं।

एमसीडी ने इन 70 मशीनों के संचालन की पूरी कार्ययोजना बना ली है। जिसे दिल्ली के तीन हिस्सों में बांटकर इन 70 मशीनों को पीडब्ल्यूडी के 1410 किलोमीटर सड़कों पर रात 11 बजे से सुबह सात बजे तक संचालित किया जाएगा।

इसमें नार्थ जोन में 575.8 किलोमीटर क्षेत्र में 28 एमआरएस नियुक्त की जाएगी तो वहीं 140 में 56 लिटर पिकर और दो इलेक्ट्रिक वाटर टैंकर के साथ ही 10 इलेक्ट्रिक डस्ट डंप वाहन (मलबा ले जाने वाले) होंगे।

इसी प्रकार दक्षिणी जोन 455.72 किलोमीटर क्षेत्र में 23 एमआरएस मशीनें 46 लिटर पिकर, 2 वाटर टैंकर और आठ इलेक्ट्रिक डंस्ट डंप होंगे वहीं पूर्वी जोन में 378.53 किलोमीटर इलाके में 19 एमआरएस, 38 इलेक्ट्रिक लिटर पिकर, दो वाटर टैंकर और छह डस्ट डंप वाहन तैनात किए जाएंगे। अधिकारियों के अनुसार छोटी सड़कों पर भी एमआरएस चलने से धूल के प्रदूषण में कमी आएगी क्योंकि अभी तक इन सड़कों पर मशीनें न आने की वजह से मशीनों से सफाई नहीं होती थी।

## तुर्कमान गेट हिंसा: भड़काने के आरोपित साजिद इकबाल को नहीं मिली राहत, अदालत ने अग्रिम जमानत खारिज की


**नई दिल्ली, एजेंसी।** तीस हजारी स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत ने तुर्कमान गेट इलाके में जनवरी में हुए पथराव और हिंसा के मामले में भड़काने वाले आरोपित की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है।अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शिल्पी जैन ने आरोपित साजिद इकबाल की दूसरी अग्रिम जमानत अर्जी को खारिज करते हुए कहा कि आरोप गंभीर हैं और मामले की जांच के लिए उसकी कस्टोडियल पूछताछ जरूरी है। अदालत ने यह भी माना कि आरोपित ने जांच एजेंसी के साथ सहयोग नहीं किया। पुलिस ने पेश किए वाडियो साक्ष्य अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आरोपित की भूमिका भीड़ को उकसाने और आक्रामक तरीके से नेतृत्व करने की रही है, जिसकी गहन जांच अभी बाकी है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि अन्य आरोपितों को मिली जमानत का लाभ साजिद इकबाल को नहीं दिया जा सकता, क्योंकि उसकी भूमिका अलग है। सुनवाई के दौरान पुलिस ने वीडियो साक्ष्य पेश किए, जिनमें आरोपित को मस्जिद की ओर जाते, बैरिकेड हटाते और इशारों से भीड़ को इकट्ठा करते हुए दिखाया गया। यह मामला रामलीला मैदान के पास स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद के नजदीक छह जनवरी की रात अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान हुई झड़प से जुड़ा है। 20 आरोपियों को मिल चुकी है जमानत पुलिस के अनुसार, इंटरनेट मीडिया पर




मस्जिद तोड़े जाने की अफवाह फैलने के बाद 150-200 लोगों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस व निगम कर्मचारियों पर पथराव किया गया, जिसमें छह पुलिसकर्मी घायल हुए। इस मामले में अब तक 20 आरोपितों को नियमित जमानत मिल चुकी है। अदालत ने माना कि साजिद इकबाल की भूमिका और जांच की जरूरत को देखते हुए उसे इस समय राहत नहीं दी जा सकती।

## दिल्ली पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ कर 12 किए गिरफ्तार; बेचते थे फर्जी रोडसाइड असिस्टेंस पॉलिसी


**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट की एंटी-नारकोटिक्स सेल ने गुरु अर्जुन नगर में चल रहे एक



फर्जी कॉल सेंटर को सफलतापूर्वक ध्वस्त कर दिया। इस सेंटर के जरिए आरोपी लोग 'आरडी सर्विसेस' नाम से फर्जी रोडसाइड असिस्टेंस पॉलिसी बेचकर लोगों से ठगी की जा रही थी। जानकारी के मुताबिक, 4 अप्रैल को रणजीत नगर पुलिस स्टेशन क्षेत्र के गुरु अर्जुन नगर स्थित रतन लाल कॉम्प्लेक्स में छापेमारी की गई थी। इस दौरान दो मालिकों समेत 10 टेली-कॉलर्स को गिरफ्तार किया गया था। कुल 12 लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस के अनुसार, इस सेंटर के प्रोपराइटर पांडव नगर निवासी सौरभ (28 वर्ष) और शादीपुर निवासी शाहनवाज (28 वर्ष) हैं। अंजलि (25), बालजीत नगर काशिश (21), न्यू रणजीत नगर रजनी (20), सकुरबस्ती गनमान (21), रणजीत पूजा (30), प्रेम नगर कविता (26), बालजीत नगर मंजू (20), बालजीत नगर रक्षा (22), इंदरलोक इमरान (20), इंदरलोक अनु (29), करोल बाग ठगी का तरीका आरोपी लोगों को फोन पर कॉल करके बताते थे कि उनके वाहन में कहीं भी पंचर, ब्रेकडाउन या किसी भी इमरजेंसी में तुरंत मदद मिलेगी। विश्वास दिलाने के लिए कैश ऑन डिलीवरी (ष्टह्रष्ठ) का ऑफर देते और तीन से चार हजार रुपये में प्लास्टिक पॉलिसी कार्ड घर पर डिलीवर करने का वादा करते। लेकिन पैसे लेने के बाद हेल्पलाइन नंबर (कीपैड मोबाइल) पर कॉल करने पर कोई जवाब नहीं मिलता और न ही कोई सहायता दी जाती ।यह फर्जी सेंटर पिछले 6 महीने से सक्रिय था। आरोपी लोगों के पास न तो कोई लाइसेंस था और न ही वैध रजिस्ट्रेशन। सभी आरोपी और बरामद सामान को रणजीत नगर पुलिस को सौंप दिया गया है। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। पुलिस ने कहा कि पूछताछ में आरोपी और भी महत्वपूर्ण खुलासे कर सकते हैं। इस तरह की फर्जी रोडसाइड असिस्टेंस स्कीम से आम लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## गोवा नाइटक्लब अग्निकांड: जालसाजी मामले में लूथरा ब्रदर्स की याचिका पर कोर्ट आज सुनाएगी फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गोवा नाइटक्लब में आग लगने के मामले में आरोपित सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा द्वारा जालसाजी के मामले में दायर याचिका पर गोवा की एक अदालत आठ अप्रैल को फैसला सुनाएगी। इस मामले में सोमवार को सुनवाई पूरी हो गई। एक सत्र अदालत ने हाल में उन्हें आग लगने के मामले में जमानत दे दी थी, लेकिन जालसाजी मामले के कारण वे हिरासत में हैं। लूथरा बंधु 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइटक्लब के मालिक हैं, जहां पिछले साल आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। घटना के बाद वे थाईलैंड भाग गए थे, लेकिन बाद में वहां से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद उन्हें इस मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। इन दोनों पर अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) समेत फर्जी दस्तावेज का इस्तेमाल कर गोवा में नाइटक्लब संचालन के लिए अनुमति और आबकारी लाइसेंस हासिल करने का भी आरोप है।



## क्या ईरान पर ट्रंप की धमकियां बेअसर? आईआरजीसी बोली- सेना ने अमेरिकी-इस्राइली ठिकानों पर हमले किए

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान ने कहा है कि उस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकियों का कोई असर नहीं होगा। देश की सरकारी मीडिया पर जारी रिपोर्ट के मुताबिक ईरानी सेना- आईआरजीसी ने अमेरिकी राष्ट्रपति के बयानों को 'आधारहीन' बताया है। ईरान की सेना ने कहा है कि ट्रंप की धमकियों से अमेरिका और इस्राइली सुरक्षाबलों के खिलाफ जारी आक्रामक कार्रवाई प्रभावित नहीं होगी। ईरान के मुताबिक धमकियों से पश्चिम एशिया में हुआ अमेरिका का अपमान नहीं मिटेगा। आईआरजीसी के खातम अल-अंबिया केंद्रीय मुख्यालय के प्रवक्ता- इब्राहिम जोल्फाघारी ने दावा किया कि इस्लामी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) नौसेना बलों ने इस्राइली कंटेनर जहाज एसडीएन 7 पर क्रूज मिसाइल से हमला किया। इस हमले से जहाज में बड़ी आग लग गई और वह नष्ट हो गया। अमेरिकी हमलावर जहाज एलएचए-7 भी दोनों पक्षों के बीच हुई भारी गोलाबारी की चपेट में आया। ईरानी सेना का कहना है कि उसके हमले के कारण अमेरिकी जहाजों को हिंद महासागर में पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा। आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स ने



उत्तरी और दक्षिणी तेल अवीव के प्रमुख स्थलों को निशाना बनाया। हाइफा के रणनीतिक केंद्रों और बीर शेवा के रासायनिक संयंत्रों पर भी हमला किया गया। आईआरजीसी के मुताबिक सेना ने पेता टिकवा में इस्राइली सैनिकों की एक टुकड़ी पर भी बैलिस्टिक मिसाइलों से सटीक हमला किए जाने का दावा किया। आईआरजीसी के मुताबिक ईरानी सेना की कार्रवाई- ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस चार के 98वें चरण में दो बार हमले किए गए। कुवैत में अमेरिकी अल-अदैरी बेस पर मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया गया।

## फजीहत के बाद बदले पाकिस्तान के सुर, यूएस-ईरान समझौते पर अब किया टिप्पणी से इनकार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान ने सोमवार को ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए शांति प्रस्ताव की खबरों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। हालांकि, विदेश कार्यालय ने कहा कि शांति प्रक्रिया जारी है। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने कहा, '45 दिवसीय युद्धविराम की पेशकश या 15-सूत्रीय समझौते की कई खबरें आई हैं। हम इन पर टिप्पणी नहीं करते हैं।' पाकिस्तान का यह बयान रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के बाद आया है, जिसमें दावा किया गया था कि ईरान और अमेरिका को पाकिस्तान द्वारा तैयार की गई एक योजना मिली है, जो युद्धविराम करा सकती है। रिपोर्ट में एक सूत्र का हवाला देते हुए कहा गया है कि युद्धविराम की यह रूपरेखा रातोंरात दोनों पक्षों के साथ साझा की गई थी।

अमेरिकी मीडिया एक्सियोस ने अपनी एक रिपोर्ट में स्रोतों का हवाला देते हुए बताया था कि अमेरिका, ईरान और क्षेत्रीय मध्यस्थ एक संभावित 45-दिवसीय युद्धविराम पर चर्चा कर रहे थे। जो युद्ध को स्थायी रूप से समाप्त करने की दिशा में दो-चरणीय समझौते का हिस्सा हो सकता है। इसमें पहले युद्धविराम और फिर व्यापक समझौता किए जाने का दावा किया गया था।

ईरानी समाचार एजेंसी आईआरएनए के अनुसार मध्यस्थ पाकिस्तान के जरिए अमेरिका द्वारा दिए गए प्रस्ताव पर जवाब देते हुए तेहरान ने युद्धविराम को खारिज कर दिया। ईरान ने कहा कि युद्ध का स्थायी अंत जरूरी है। ईरान के जवाब में 10 सूत्र शामिल थे, जिनमें क्षेत्र में संघर्षों



की समाप्ति, होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवागमन के लिए एक प्रोटोकॉल, प्रतिबंधों को हटाना और पुनर्निर्माण शामिल थे।

मध्यस्थ बन रहे पाकिस्तान के युद्धविराम प्रस्ताव के जवाब में ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि बातचीत अल्टीमेटम और युद्ध अपराधों के अंजाम देने की धमकी के साथ असंगत है। प्रवक्ता इस्माइल बघेई ने कहा कि 15-सूत्रीय योजना जैसी पिछली अमेरिकी मांगों को बहुत ज्यादा होने की वजह से अस्वीकार कर दिया गया था। पाकिस्तान खुद को शांति प्रक्रिया में एक सूत्रधार के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान इस युद्ध में मध्यस्थ की भूमिका निभाकर अमेरिका के साथ अपने संबंधों और ईरान के साथ अपने कामकाजी संबंधों का लाभ उठा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी कि अगर एक निश्चित समयसीमा के भीतर युद्धविराम नहीं हुआ तो इसके गंभीर नतीजे होंगे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी कि अगर तेहरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से नहीं खोला तो अमेरिका उसके बिजली संयंत्रों और पुलों को निशाना बनाएगा।

# मुझे मेरे जैसे और लोगों की जरूरत: ईरान पर अपने विवादित पोस्ट को लेकर घिरे ट्रंप

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर अपने बयान को लेकर विवादों में आ गए हैं। इस बार मामला उनके उस सोशल मीडिया पोस्ट से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने ईरान को लेकर बेहद कड़ी और आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया। ट्रंप ने कहा था कि अगर ईरान ने युद्ध खत्म करने के लिए समझौता नहीं किया, तो उन्हें भारी तबाही का सामना करना पड़ेगा। इस बयान के बाद जब पत्रकारों ने उनसे आलोचना पर सवाल किया, तो ट्रंप ने साफ शब्दों में कहा कि उन्हें आलोचकों की कोई परवाह नहीं है। उन्होंने कहा, 'मुझे आलोचकों की परवाह नहीं है।' जब उनसे यह भी पूछा गया कि कुछ लोग उनके मानसिक स्वास्थ्य पर सवाल उठा रहे हैं, तो उन्होंने इसे भी नजरअंदाज करते हुए कहा कि अगर ऐसा है, तो देश को उनके जैसे और लोगों की जरूरत है। ट्रंप ने अपने बचाव में कहा कि उनके राष्ट्रपति बनने से पहले अमेरिका को व्यापार समेत कई मामलों में नुकसान उठाना पड़ रहा था, लेकिन उन्होंने आकर स्थिति बदली। उनका कहना था कि उनकी सख्त नीति और बयानबाजी ही अमेरिका के हित में है। हालांकि, उनके इस बयान के बाद विपक्ष और कई आलोचकों ने तीखी प्रतिक्रिया दी।



खासकर ईस्टर के दिन किए गए उनके सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर लोगों ने इसे घृणित और अशोभनीय बताया। कुछ नेताओं ने तो यहां तक मांग कर दी कि उनके मंत्रिमंडल को 25वां संशोधन का इस्तेमाल कर उन्हें पद से हटाने पर विचार करना चाहिए।

इस तनाव के बीच राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अगर उनके हाथ में फैसला होता, तो अमेरिका ईरान के तेल पर कब्जा कर सकता है, क्योंकि वह खुद को पहले बिजनेसमैन मानते हैं। व्हाइट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा कि अमेरिका पहले भी वेनेजुएला के साथ तेल को लेकर साझेदारी कर चुका है, इसलिए ईरान के मामले में भी ऐसा किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि 'जंग जीतने वाले को उसका फायदा मिलना चाहिए' और अमेरिका को भी इसका इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने साफ इशारा दिया कि अमेरिका अपनी पुरानी नीति से हटकर युद्ध के बाद संसाधनों पर कब्जा करने की सोच सकता है। ट्रंप ने यह भी कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिका ने दूसरे देशों की मदद की, लेकिन अब ऐसा नहीं होना चाहिए।

इस दौरान ट्रंप ने एक बार फिर कहा कि ईरान के पास समझौता करने के लिए मंगलवार रात 8 बजे (भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह 5:30 बजे) तक का वक्त है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इस समय तक कोई डील नहीं होती, तो ईरान में 'न पुल बचेंगे, न पावर प्लांट' और देश पाषाण युग में पहुंच जाएगा। ट्रंप ने बताया कि ईरान ने पहले सात दिन का समय मांगा था, लेकिन अमेरिका ने उसे 10 दिन दिए। अब यह अंतिम समयसीमा है। उन्होंने कहा कि यह बहुत 'महत्वपूर्ण अवधि' है और अब फैसला ईरान को ही करना है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी दावा किया कि जब यह संघर्ष 28 फरवरी को शुरू हुआ था, तब ईरान ज्यादा मजबूत था, लेकिन अब अमेरिका ने उसे कमजोर कर दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले 47 वर्षों में जो कदम उठाए जाने चाहिए थे, वो अब किए जा रहे हैं। इसके अलावा, ट्रंप ने एक और बड़ा दावा किया कि ईरान के कुछ लोग खुद अमेरिका से कह रहे हैं कि 'बमबारी जारी रखें', क्योंकि वे अपने देश में आजादी चाहते हैं। उनके मुताबिक, ईरान में हालात बहुत खराब हैं और विरोध करने वालों पर सख्त कार्रवाई होती है। ट्रंप ने साफ कहा कि ईरान के साथ हुए युद्ध के दौरान नाटो और अमेरिका के करीबी देशों- जापान, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया, ने अमेरिका का साथ नहीं दिया। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ईरान युद्ध ने नाटो के साथ रिश्तों पर ऐसा असर डाला है, जो उनके मुताबिक कभी खत्म नहीं होगा। उन्होंने नाटो को पेपर टाइगर यानी कमजोर संगठन बताते हुए कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी इससे नहीं डरते।

# करोड़ों की अवैध निकासी मामले में ट्रेजरी ऑफिसर ने दर्ज कराई प्राथमिकी

## पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित अकाउंटेंट को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो ट्रेजरी से वेतन मद में 3.15 करोड़ रुपये की संदिग्ध निकासी के मामले में जिला प्रशासन ने त्वरित एवं सख्त कार्रवाई की है। उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर ट्रेजरी ऑफिसर गुलाब चंद उरांव द्वारा संबंधित मामले में बी.एस.सिटी थाने में देर रात प्राथमिकी दर्ज कराई। अपने आवेदन में टीओ ने लिखा है कि 06 अप्रैल को स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के आधार पर मामले की जांच प्रारंभ की गई। जांच के क्रम में कोषागार अभिलेखों एवं बैंक खातों से प्राप्त विवरणियों का परीक्षण किया गया। प्रथम दृष्टया जांच में यह पाया गया कि पुलिस उप निरीक्षक उपेन्द्र सिंह के नाम से वित्तीय वर्ष 2024-25 के माह मई 2024 से मार्च 2026 तक वेतन मद से निकाली गई राशि को अन्य खातों में स्थानांतरित किया गया। टीओ के जांच के दौरान यह भी सामने आया कि उक्त राशि का स्थानांतरण पुलिस विभाग के अकाउंटेंट कौशल कुमार पाण्डेय द्वारा अपनी पत्नी के बैंक खाते में कराया गया। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा आरोपित अकाउंटेंट कौशल कुमार पाण्डेय को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मामले में संलिप्त अन्य व्यक्तियों की भी पहचान की जा रही है तथा सभी दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन पारदर्शिता एवं जवाबदेही के प्रति प्रतिबद्ध है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। उपायुक्त स्वयं पूरी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। जानकारी हो कि, मामला संज्ञान में आने के तुरंत बाद उपायुक्त अजय नाथ झा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी को विस्तृत जांच का आदेश दिया था। उन्हें निर्देशित किया था है कि प्रकाशित समाचार के वर्णित सभी बिंदुओं की गहन जांच करते हुए तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट करें। साथ ही, जांच कार्य पूर्ण कर 24 घंटे के भीतर विस्तृत प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा था। उधर, अपर समाहर्ता (एसी) मो. मुमताज अंसारी की प्रारंभिक जांच में गड़बड़ी सामने आने के बाद उपायुक्त ने तुरंत कार्रवाई का निर्देश जारी किया। अपर समाहर्ता ने प्रारंभिक जांच में पाया था कि उपेन्द्र सिंह के नाम पर वेतन मद में की गई निकासी सामान्य प्रक्रिया से मेल नहीं खाती और इसमें गंभीर अनियमितता की आशंका है। जिसके बाद डीसी ने मामले से संबंधित व्यक्ति और उससे जुड़े खातों को फ्रीज करने की प्रक्रिया शुरू करने, विभागीय स्तर पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं, मामले में संबंधित के विरूद्ध पुलिस अधीक्षक बोकारो को कड़ी कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है।

### जिला कोषागार से 63 बार में 4 करोड़ 29 लाख की अवैध निकासी की पुष्टि : एसपी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो में ट्रेजरी से अवैध निकासी के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। शुरुआती तौर पर 3.15 करोड़ रुपये की बात सामने आई थी, लेकिन अब जांच में यह आंकड़ा बढ़कर 4 करोड़ 29 लाख रुपये से ज्यादा हो गया है। मामले में पुलिस ने अकाउंटेंट कौशल कुमार पाण्डे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला बोकारो ट्रेजरी से वेतन मद में फर्जी निकासी से जुड़ा है। एसपी हरविंदर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जांच के दौरान बोकारो पुलिस ने पाया कि रिटायर्ड हवलदार उपेन्द्र सिंह के नाम का इस्तेमाल कर पिछले तीन वित्तीय वर्षों में 63 बार में कुल 4 करोड़ 29 लाख 71 हजार रुपये की निकासी की गई। जांच में यह भी सामने आया है कि पोर्टल में जन्म तिथि और बैंक खाता संख्या में बदलाव कर फर्जीवाड़ा किया गया। आरोपी अकाउंटेंट कौशल कुमार पाण्डे ने पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। उसने बताया कि निकाली गई पूरी राशि अपनी पत्नी अनु पाण्डेय के खाते में ट्रांसफर की गई। इस मामले में बीएस सिटी थाना में कांड संख्या 62/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। साथ ही, इस पूरे मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।फिलहाल इस बड़े फर्जीवाड़े ने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि जांच में और कितने नाम सामने आते हैं।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर डालसा ने चलाया जागरूकता अभियान

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार निकेश कुमार सिन्हा के निर्देश पर विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिले के सभी प्रखंडों एवं पंचायतों में व्यापक स्तर पर योग अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्थानों पर योग शिविर आयोजित किए गए, जहां स्थानीय लोगों, महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को नियमित योगाभ्यास के लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया तथा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर लोगों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम एवं नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है और एक स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए सभी का जागरूक होना जरूरी है। एवं साथ ही आगामी 25 अप्रैल को होने वाली विशेष लोक अदालत एवं 9 मई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की विस्तृत जानकारी दी गई ।



## संक्षिप्त समाचार

### जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर उपायुक्त ने की सुनवाई

**प्राप्त 53 आवेदनों पर लिया संज्ञान, संबंधित पदाधिकारियों को निष्पादन का दिया निर्देश**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंगलवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं कार्यक्रम (जनता दरबार) में उपायुक्त अजय नाथ झा ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 53 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में शिक्षा विभाग, सामान्य शाखा, चास अंचल, कसमार अंचल, भूमि अतिक्रमण/कब्जा, जरीडीह अंचल, शिक्षा विभाग, आपूर्ति विभाग, राजस्व संबंधित विवाद, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. सफीक आलम, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सुचिता किरण भगत, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।



### ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार महिला की मौत, आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** माराफारी थाना क्षेत्र के बोकारो-रामगढ़ मुख्य पथ पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 38 वर्षीय रिंकू देवी की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रिंकू देवी अपनी बेटी के साथ स्कूटी से जा रही थीं। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में रिंकू देवी ट्रक के पिछले टायर के नीचे आ गईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतका बोकारो के सेक्टर-3 की रहने वाली बताई जा रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया और उन्होंने मुख्य सड़क को जाम कर दिया। लोगों का कहना है कि यह सड़क अब 'मौत की सड़क' बन चुकी है, क्योंकि यहां लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया और कहा कि ट्रक चालक तेज रफ्तार और प्रेशर हॉर्न का इस्तेमाल कर लोगों को भयभीत कर देते हैं, जिससे ऐसे हादसे बढ़ रहे हैं।



### पेटरवार बाजार का रास्ता अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर रैली व प्रदर्शन

**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पेटरवार प्रखंड के गागी बाजार व उसका रास्ता मुक्त कराने को लेकर इफ़्तेखार महमूद के नेतृत्व में पेटरवार बाजार




से प्रखंड कार्यालय तक एक रैली निकली गई। रैली में सैकड़ो की संख्या में महिला व पुरुष शामिल हुए। मो महमूद ने बताया कि बाजार की जमीन ही नहीं बल्कि तालाब, मैदान, हिन्द कैशर की जमीन को भी सम्पन्न लोग फर्जी दस्तावेज बनाकर कब्जा कर रहे हैं या उन्हें बेच रहे है। अतिक्रणकारियो को कथित तौर पर राजनितिक संरक्षक के साथ साथ राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के भ्रष्ट अधिकारीयों का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने विभागीय लापरवाही के कारण गागी हाट व अन्य सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त नहीं हो रही है इसपर सरकार को अभिलम्ब कार्रवाई करनी चाहिए और इसे मुक्त करना चाहिए।

### झारखंड जुडो संघ में धनबाद के पप्पू कुमार बने उपाध्यक्ष सह टेक्निकल चेयरमैन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रांची के प्रेस क्लब में झारखंड




जूडो संघ का चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें 20 जिला के अध्यक्ष सचिव सम्मिलित हुए। धनबाद के पप्पू कुमार को टेक्निकल समिति का चेयरमेन सह राज्य संघ के उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया। ज्ञात रहे पप्पू कुमार चार डिग्री ब्लैक बेल्टधारी सहित नेशनल रैफरी व राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर के आचार्य हैं। धनबाद के सुदीप चक्रवर्ती को सह सचिव नियुक्त किया गया जो ब्लैक बेल्ट के साथ डी ए वी पब्लिक स्कूल, कोयला नगर के खेल शिक्षक हैं। विनायक वैभव व आरती कुमारी को कार्यकारणी समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया। विनायक वैभव जूडो के राष्ट्रीय खिलाड़ी व ब्लैक बैल्टधारी हैं। वहीं आरती कुमारी धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक ब्रांच की खेल शिक्षका के साथ ही ब्लैक बैल्टधारी भी है धनबाद जिला से 4 लोगों के झारखंड जूडो संघ में पदाधिकारी पद पर निर्वाचित होने पर खेल जगत में हर्ष का माहौल है धनबाद ओलम्पिक संघ, धनबाद जूडो संघ, राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर समिति , डी ए वी ग्रुप , धनबाद पब्लिक स्कूल समिति सहित सैकड़ों शुभचिंतकों ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

# उपायुक्त ने सभी डीडीओ के साथ की बैठक, दिया सख्त निर्देश

## कहाः एक पैसे की भी गलत निकासी बर्दाश्त नहीं, होगी दंडात्मक कार्रवाई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो में वित्तीय अनुशासन को लेकर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। उपायुक्त अजय नाथ झा ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में सभी डीडीओ (ड्रॉइंग एंड डिस्बर्सिंग ऑफिसर) के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिया कि एक पैसे की भी गलत निकासी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।





**तीन वित्तीय वर्षों की होगी जांच**

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी डीडीओ वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के स्थापना मद से हुई राशि निकासी की जांच करें और प्रमाणपत्र दें कि झारखंड कोषागार संहिता 2016 के प्रविष्टि 20 का अनुपालन किया गया है। जब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं होती, अप्रैल माह के बिल भुगतान पर रोक रहेगी।

**बिल प्रक्रिया में पारदर्शिता अनिवार्य**

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि सभी डीडीओ विपत्र (बिल) के प्रत्येक पन्ने पर हस्ताक्षर सुनिश्चित करें और केवल ट्रेजरी मैसेंजर के माध्यम से ही बिल जमा होंगे। बिल खिड़की के माध्यम से जमा किए जाएंगे। कोषागार कक्ष में अनधिकृत प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

**पे ग्रेड लेवल के आधार पर विपत्र तैयार करने का निर्देश**

वित्तीय अनुशासन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि कर्मियों के विपत्र (बिल) अब कैटेगरी वार एवं पे ग्रेड लेवल के अनुसार तैयार किए जाएं। इसका उद्देश्य भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना, अनुश्रवण में सहूलियत और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना को न्यूनतम करना है।

**कोषागार का किया औचक निरीक्षण**

बैठक से पूर्व, उपायुक्त ने बोकारो कोषागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की और अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला कोषागार पदाधिकारी गुलाब चंद उरांव, लेखा अधीक्षक राज कुमार सिन्हा, सहायक लेखापाल शैलेंद्र सिंह चौधरी तथा चंदन कुमार रजक से वेतन मद में लगभग 3.15 करोड़ रुपये की निकासी से संबंधित मामले की जानकारी ली।

**दोनों सहायक लेखापाल हटाए गए**

निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने सख्त कदम उठाते हुए कार्यरत दोनों सहायक लेखापालों शैलेंद्र सिंह चौधरी तथा चंदन कुमार रजक को हटा दिया है। उनके स्थान पर सामाजिक सुरक्षा कार्यालय से अंगद कुमार एवं जिला भू अर्जन कार्लय से खगेन दास को प्रतिनियुक्त किया गया है।

**वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता पर जोर**

उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि सभी विभाग नियमों का कड़ाई से पालन करें। वित्तीय लेन-देन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी।

# निःशुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा हेतु सर्व स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत वंचित वर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में आज सेक्टर-09 में 'सर्व स्वास्थ्य केंद्र' का उद्घाटन किया गया. इस केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि बोकारो इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन द्वारा किया गया. उल्लेखनीय है कि इस केंद्र के संचालन हेतु 21 फरवरी 2026 को सेल-बीएसएल और पिरामल स्वास्थ्या मैनेजमेंट एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे. इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) चित्त रंजन मिश्रा, अधिशासी निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. बी. बी. करुणामय, अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त, अधिशासी निदेशक (खान) विकास मनवती एवं मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएं) अनिमा कुशवाहा विशेष रूप से उपस्थित थीं. कार्यक्रम के दौरान सहायक प्रबंधक (निगमित सामाजिक दायित्व) ओ प्रवीण कुमार ने उपस्थित अतिथियों को संबोधित किया. सेक्टर-09 स्थित यह 'सर्व स्वास्थ्य केंद्र' बोकारो और उसके आस-पास के क्षेत्रों में रहने वाले गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) के लाभार्थियों को निःशुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करेगा. केंद्र में ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की नियमित जांच, साप्ताहिक एक्स-रे और ईसीजी जैसी नैदानिक सेवाएँ तथा आवश्यक दवाएँ पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएँगी. इस पहल का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों पर चिकित्सा व्यय का बोझ कम करना और उनके स्वास्थ्य के अधिकार को सुनिश्चित करना है. कार्यक्रम में महाप्रबंधक (निगमित सामाजिक दायित्व) पी. पी. चक्रवर्ती, सहायक महाप्रबंधक (निगमित सामाजिक दायित्व) ऋचा कुणाल, सूरज चंद्र तिवारी, संजीव कुमार सिंह, गौरव कुमार, संतोष कुमार सहित सीएसआर टीम तथा सर्व स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही.

# बीएसएल द्वारा किया गया 'लीडरशिप वर्कशॉप' का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी की पहल पर मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र मे 'रीडिफाइनिंग लीडरशिप फॉर अ सेफ एंड हाई परफॉरमेंस' विषय पर तीन दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है. इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य अधिशासी अधिकारियों में प्रो-एक्टिव, सुरक्षा-उन्मुख और सिस्टम-ड्रिवन नेतृत्व शैली विकसित करना है, ताकि संयंत्र में तैयारियों, सहयोग और निरंतर उच्च प्रदर्शन की संस्कृति को और अधिक सशक्त बनाया जा सके. कार्यशाला के पहले दिन प्रथम बैच के उद्घाटन सत्र की मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी थीं. इस कार्यशाला में कुल 26 (ई 7) महाप्रबंधक स्तर के अधिकारियों ने भाग लिया. कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-क्क एवं सीसीएस) डी. के. सक्सेना और मुख्य महाप्रबंधक (हॉट स्ट्रिप मिल) पीके वर्मा ने मेंटर के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया. प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान रांची के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (एमटीआई/ एचआर- एलएंडडी) अतनु मुखर्जी तथा वरीय प्रबंधक (एमटीआई/एचआर-एलएंडडी) चंद्रनाथ द्वारा फैकल्टी सहयोग प्रदान किया जा रहा है. इस सघन प्रशिक्षण मॉड्यूल में सुरक्षा दृष्टिकोण, उत्कृष्टता, प्रणाली विश्वसनीयता का निर्माण और प्रो-एक्टिव नेतृत्व संस्कृति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा और समूह गतिविधियाँ शामिल की गई हैं. यह कार्यशाला अधिकारियों को केवल प्रक्रियात्मक अनुपालन तक सीमित न रहकर सुरक्षा और प्रदर्शन के प्रति व्यक्तिगत प्रतिबद्धता अपनाने के लिए प्रेरित करती है. इस पहल के माध्यम से बोकारो इस्पात संयंत्र अपने नेतृत्व को और अधिक सशक्त, संवेदनशील और भविष्योन्मुखी बनाने की दिशा में निरंतर अग्रसर है,




# जनता दरबार पहुंचे फरियादी ने कहा, 20 लाख लेने के बाद भी नहीं दी जमीन



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की फरियाद सुनी। इसमें कुसुम विहार से आए एक व्यक्ति ने उपायुक्त को बताया कि उनको एक बिल्डर ने हीरक रोड करमाटांड मोड़, में जमीन दिखाकर, जमीन के नाम पर 20 लाख रुपए लिए। जिसकी रसीद उनके पास मौजूद है। जमीन का सम्पूर्ण मूल्य प्राप्त करने के बावजूद न तो उसे जमीन दी और न ही उसकी रजिस्ट्री की। बार बार आग्रह करने के बाद बिल्डर सिर्फ रजिस्ट्री करने का झूठा वादा कर रहा है। मांगने पर पैसा भी वापस नहीं कर रहा है। अब तो उसने पीड़ित से मुलाकात करना भी बंद कर दिया है। पीड़ित ने बिल्डर के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की गुहार लगाई। जनता दरबार में महुदा से आए एक दिव्यांग व्यक्ति ने आवास उपलब्ध कराने, टुंडी से आए व्यक्ति ने उनकी रैयत्ती जमीन पर जबरन 10 फीट रास्ता की मांग करने, खेसमी से आए व्यक्ति ने डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर निर्माण के लिए किए गए भूमि अधिग्रहण का मुआवजा दिलाने, टुंडी से आए व्यक्ति ने खतियानी जमीन में नाम सुधारने का अनुरोध किया। जनता दरबार में एक व्यक्ति ने प्राथमिक विद्यालय नवाटांड की सड़क पर जबरन अतिक्रमण कर घर बनाने एवं सरकारी जमीन पर बाउंड्री वॉल बनाकर जबरन कब्जा करने की शिकायत की। जबकि एक अन्य व्यक्ति ने एक निजी विद्यालय से सेवानिवृत्ति होने के बाद उनके पोते को एडमिशन नहीं देने की शिकायत की। जनता दरबार में परसबनिया गांव के सरकारी बड़ा तालाब को अतिक्रमण से मुक्त कराने, कार्य स्थल पर चोट लगने के बाद नियोजक द्वारा मुआवजा नहीं देने, सेल के टासरा परियोजना के लिए अधिग्रहित जमीन का मुआवजा नहीं मिलने, माननीय न्यायालय के आदेश के बावजूद विपक्षी द्वारा बाउंड्री वॉल निर्माण में बाधा उत्पन्न करने, निजी विद्यालय द्वारा मनमाने ढंग से री-एडमिशन फीस की मांग करने, फर्जी वंशावली के आधार पर हुए म्यूटेशन को रद्द करने सहित अन्य शिकायत प्राप्त हुई। उपायुक्त ने आम जनों के आवेदनों के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। जनता दरबार में निदेशक डीआरडीबी राजीव रंजन, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद भी मौजूद थे।

# ब्लास्ट फर्नेस में हाइड्रोजन इंजेक्शन हेतु बोकारो स्टील प्लांट ने किया समझौता

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सस्टेनेबल इस्पात उत्पादन और वैश्विक डीकार्बोनाईजेशन लक्ष्यों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) ने आज फोर्ब्स मार्शल प्राइवेट लिमिटेड के साथ ब्लास्ट फर्नेस संख्या-1 में हाइड्रोजन गैस इंजेक्शन शुरू करने हेतु एक ऐतिहासिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए. यह अनुबंध हस्ताक्षर बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन तथा संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ. यह पहल आयरन निर्माण प्रक्रिया में कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में एक परिवर्तनकारी तकनीकी यात्रा की शुरूआत मानी जा रही है. वैश्विक स्तर पर ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने पर बढ़ते जोर के बीच इस्पात उद्योग में स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को अधिकाधिक अपनाया जा रहा है. ब्लास्ट फर्नेस, कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन




का प्रमुख स्रोत होने के कारण इस परिवर्तन के केंद्र में हैं. राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के अंतर्गत संचालित इस परियोजना का उद्देश्य पारंपरिक कार्बन आधारित ईंधनों के स्थान पर आंशिक रूप से हाइड्रोजन-एक स्वच्छ एवं प्रभावी अपचायक-का उपयोग करना है. इस परियोजना में सेल का अनुसंधान एवं विकास केंद्र, आयरन एंड स्टील (आरडीसीआईएस) मुख्य परामर्शदाता के रूप में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जबकि प्राइमेटल्स टेक्नोलॉजीज, यूके द्वारा विशेष तकनीकी सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है. इस पहल की सबसे बड़ी विशेषता इसका अभूतपूर्व पैमाना है. बोकारो स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस में प्रस्तावित हाइड्रोजन इंजेक्शन की मात्रा वैश्विक स्तर पर अब तक के सबसे बड़े प्रयासों में से एक होगी, जो इसे इस्पात उद्योग में अपनी तरह की पहली पहल बनाती है. अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना के सफल क्रियान्वयन से न केवल कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आएगी, बल्कि बोकारो स्टील प्लांट और सेल को ग्रीन स्टील नवाचार के अग्रणी स्थान पर स्थापित करने में भी मदद मिलेगी. यह सहयोग भारी उद्योग में कम-कार्बन भविष्य की दिशा में नए वैश्विक मानक स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com